RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 36
नई दिल्ली, रविवार, 10 दिसंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

समाज में बदलाव लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम

राष्ट्रीय-11

www.dailypioneer.com

आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल

एनआईए के 40 जगह छापे, 13 गिरफ्तार

● महाराष्ट्र कर्नाटक में किया रेड, केंद्रीय आतंकवाद विरोधी एजेंसी भारत में आतंक और हिंसा फैलाने की योजनाओं की कर रही जांच

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) की हाल के वर्षों में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) पर सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को पूरे महाराष्ट्र और कर्नाटक में व्यापक छापेमारी में 15 से अधिक गुर्गों को गिरफ्तार किया।

एनआईए की टीमों ने सुबह-सुबह महाराष्ट्र के पडघा-बोरीवली, ठाणे, मीरा रोड और पडगा और कर्नाटक के बेंगलुरु में 44 स्थानों पर छापेमारी की और कथित तौर पर आतंक और आतंक से संबंधित कृत्यों और गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में प्रतिबंधित संगठनों के 15 आरोपियों को पकड़ लिया। एनआईए के अधिकारियों ने छापे के दौरान भारी मात्रा में बेहिसाब नकदी, आग्नेयास्त्र, तेज धार वाले हथियार, आपत्तिजनक दस्तावेज, स्मार्ट फोन और अन्य डिजिटल उपकरण जब्त किए। यह कार्रवाई आईएसआईएस के हिंसक कृत्यों जैसे आतंक फैलाओ और निर्दोष लोगों की जान लो को अंजाम देने के प्रयासों को बाधित करने और ध्वस्त करने के उनके चल रहे प्रयासों के तहत किया गया। आईएसआईएस महाराष्ट्र मॉड्यूल के गिरफ्तार आरोपी सभी सदस्य जो अपने विदेशी आकाओं के निर्देशों पर काम कर रहे थे।

जो आईएसआईएस के हिंसक और विनाशकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आईईडी के निर्माण सहित विभिन्न आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। एनआईए ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों में मुख्य आरोपी और आईएसआईएस मॉड्यूल का नेता व प्रमुख साकिब नाचन भी शामिल है, जो प्रतिबंधित संगठन में शामिल होने वाले व्यक्तियों को 'बायथ' (आईएसआईएस के खलीफा के प्रति निष्ठा की शपथ) भी दिला रहा था। एनआईए के जानकार सूत्रों ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साकिब नाचन, फिरोज कुवर, हसीब मुल्ला, मुसाब मुल्ला, रेहान सुसे, फरहान सुसे, आदिल खोत, मुखलिस नाचन, राफेल नाचन, रज़ील नाचन, सैफ अतीक नाचन, याह्या खोत, शाकुब दिवकर, कासिफ बेलारे के रूप में की है। एनआईए की जांच से पता चला है कि पडघा और बोरीवली के बीच की पट्टी में रहने वाले आरोपियों ने पूरे भारत में आतंक फैलाने और हिंसा की वारदातों को अंजाम देने की साजिश रची थी।

इन आरोपियों का उद्देश्य हिंसक जिहाद, खिलाफत, आईएसआईएस आदि के रास्ते पर चल कर देश की शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ना और भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ना था। प्रारंभिक जांच के निष्कर्षों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने ग्रामीण ठाणे के पडघा गांव को 'मुक्त क्षेत्र' और 'अल शाम' के रूप में स्वयं घोषित किया था। वे पडगा बेस को मजबूत करने के लिए प्रभावशाली मुस्लिम युवाओं को अपने निवास स्थान से पडघा में स्थानांतरित होने के लिए प्रेरित कर रहे थे। आईएसआईएस एक वैश्विक आतंकवादी संगठन (जीटीजी) है, जिसे इस्लामिक स्टेट (आईएस)/ इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवंत (आईएसआईएल)/दाएश/ इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्रोविंस (आईएसकेपी)/ आईएसआईएस विलायत (शेष पेज 9)

मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता

● लगातार तीसरी बार वैश्विक अप्रूवल रेटिंग 76 प्रतिशत

● भाजपा नेताओं का दावा मोदी के जादू का अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण ने भी समर्थन किया है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनियाभर में सबसे अधिक लोकप्रिय नेता हैं। अमेरिकी स्थिति कंसल्टेंसी फर्म मॉर्निंग कंसल्ट की अप्रूवल रेटिंग में 76 फीसदी लोगों ने पीएम मोदी की नेतृत्व क्षमता को सराहा। दुनिया का कोई अन्य नेता उनके आसपास नहीं पहुंच सका। सर्वे में दूसरे पायदान पर मैक्सिको के प्रेसिडेंट ओब्राडोर हैं।

उन्हें पीएम मोदी से दस अंक कम यानी 66 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली है। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट 58 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग के साथ तीसरे नंबर है। मॉर्निंग कंसल्ट के साप्ताहिक सर्वेक्षण में मोदी एक बार फिर लोकप्रियता के मामले में शीर्ष पर रहे। उन्हें 76 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली जबकि केवल 18 प्रतिशत ने उनके नेतृत्व को खास तवज्जो नहीं दी जबकि छह फीसदी ने कोई राय नहीं दी। यह जानकारी कंसल्टेंसी फर्म मॉर्निंग कंसल्ट द्वारा 22 विश्व के नेताओं की लोकप्रियता को मापने के लिए सर्वे किया था। 6-12 सितंबर, 2023 तक एकत्रित आंकड़ों के आधार पर, केवल 18 फीसदी लोगों ने पीएम मोदी के खिलाफ मत दिया था।

पिछले सर्वेक्षणों में भी प्रधानमंत्री मोदी वैश्विक रेटिंग में शीर्ष पर रहे थे। जबकि उनके मुकाबले दुनिया भर के अन्य बड़े नेता अप्रूवल रेटिंग में उनसे पीछे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन की अनुमोदन रेटिंग 37 प्रतिशत के साथ आठवें पायदान पर है। वहीं कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो की 31 प्रतिशत है। ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक की रेटिंग 25 प्रतिशत है, और फ्रांस राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन की रेटिंग 24 प्रतिशत है। खास बात है कि यह रेटिंग प्रधान मंत्री मोदी की अगुवाई वाली भारतीय जनता पार्टी द्वारा हिंदी भाषी राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में तीन विधानसभा चुनावों में भारी जीत दर्ज करने के बाद आई है। इसे वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले पीएम मोदी और उनकी पार्टी के लिए उत्साह बढ़ाने वाला माना जा रहा है। गत शुक्रवार को उत्तराखंड में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रधान मंत्री मोदी ने कहा था कि जनता एक मजबूत और स्थिर प्रशासन के लिए वोट करती है। आज देश स्थिरता चाहता है।

हालिया विधानसभा चुनावों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भाजपा के जीत हासिल करने पर पीएम ने कहा आज देश के लोग एक स्थिर सरकार चाहते हैं। इस बीच, प्रधान मंत्री मोदी ने हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात में सीओपी -28 में जलवायु शिखर सम्मेलन में भाग लिया। जहां उन्होंने कहा कि भारत उन कुछ देशों में से है जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों के तहत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) को पूरा करने की राह पर है। शिखर सम्मेलन सीओपी-33 वर्ष 2028 भारत में आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा था। अपनी यूएई यात्रा के दौरान, मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का ग्लोबल साउथ के देशों पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने रेखांकित किया कि भारत सहित वैश्विक दक्षिण के देशों की जलवायु परिवर्तन में भूमिका छोटी है लेकिन उन पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव बहुत अधिक है।

अकबरुद्दीन ओवैसी के प्रोटेम स्पीकर बनने पर जताई आपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

तेलंगाना की तीसरी विधानसभा का पहला सत्र शनिवार को यहां शुरू हुआ और नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई गई। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने सबसे पहले शपथ ली और उनके बाद उपमुख्यमंत्री मल्लू बी. विक्रमार्क ने शपथ ली। इस दौरान भाजपा विधायकों ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी को अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने पर आपत्ति जताई और शनिवार को शपथ नहीं ली। भाजपा ने आरोप लगाया कि ओवैसी को अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त करना नियमों का उल्लंघन है। केंद्रीय मंत्री और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को राज्यपाल के समक्ष उठाएगी। सत्र शुरू होने से पहले ओवैसी ने अस्थाई अध्यक्ष के तौर पर शपथ ली। उन्हें राजभवन में राज्यपाल तमिलिसाई (शेष पेज 9)

राम मंदिर का गर्भगृह बनकर तैयार

● श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने साझा की फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अयोध्या में भव्य राम मंदिर के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पहले गर्भगृह बनकर तैयार हो गया है। गर्भगृह की दीवारों और गुंबद पर खूबसूरत नक्काशी उकेरी गई है।

22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सभी को उत्सुकता है। इसी क्रम में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शनिवार को गर्भगृह की फोटो साझा की। जिसमें गर्भगृह का काम लाइटिंग फिटिंक का भी काम हो चुका है। वहीं, मकराना मार्बल से बनी फर्श की खिसाई का काम चल रहा है। भूतल और पहली मंजिल का काम पूरा होने के लिए भवन निर्माण समिति ने 31 दिसंबर तक का लक्ष्य तय किया है।

चंपत राय ने एक्स पर गर्भगृह की फोटो साझा करते हुए जानकारी दी कि भगवान श्री रामलला का गर्भगृह लगभग तैयार है। हाल ही में लाइटिंग-फिटिंग का काम भी पूरा हो गया है। कुछ (शेष पेज 9)

लेखी ने लोस में हमास से जुड़े जवाब के अनुमोदन से किया इनकार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने कहा कि फलस्तीनी समूह हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के बारे में लोकसभा में पूछे गए सवाल का जवाब देने वाले मंत्री के नाम में बदलाव करते हुए इसे वी मुरलीधरन किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची की ओर से यह स्पष्टीकरण तब आया, जब इसके कुछ घंटे पहले विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा था कि उन्होंने हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के बारे में लोकसभा में पूछे गए किसी भी सवाल के जवाब का अनुमोदन नहीं किया। लेखी और मुरलीधरन दोनों विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं। जब सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक उपयोगकर्ता द्वारा इस बात का उल्लेख किया गया कि लोकसभा और विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर उनके नाम से उल्लिखित एक प्रश्न है, इसका जवाब देते हुए लेखी ने (शेष पेज 9)

भारत में इस साल 163 बाघों ने गंवाई जान

प्रतीकात्मक चित्र

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

● इस साल की शुरुआत में जारी बाघ जनगणना से मिले संकेत, पिछले साल 121 बड़ी बिल्लियों की गई थी जान

राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, भारत में इस साल जनवरी से 11 नवंबर तक 163 बाघों की मौत दर्ज की गई, जो 2012 के बाद से सबसे अधिक आंकड़ा है। सर्वाधिक 40 बाघों की मौत महाराष्ट्र में दर्ज की गईं, इसके बाद मध्य प्रदेश का नंबर आता है, जहां 38 बड़ी बिल्लियों की मौत हुई। हालांकि यह संख्या अधिक हो सकती (शेष पेज 9)

भाजपा खरमास से पहले तीन राज्यों के सीएम का करेगी चयन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● तीनों राज्यों के पर्यवेक्षक निर्वाचित विधायकों से कर रहे वार्ता, सोमवार को महत्वपूर्ण बैठक

भाजपा मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में खरमास से नई सरकार का गठन कर सकती है। ज्ञात रहे की हिंदू सनातन धर्म परंपरा में 'खरमास' के अशुभ काल कहा जाता है। तीनों राज्यों में सरकार बनाने तैयारी के लिए पार्टी द्वारा नियुक्त केंद्रीय पर्यवेक्षकों के साथ निर्वाचित विधायकों से बैठकों और बातचीत का दौर जारी है।

भाजपा सोमवार तक मुख्यमंत्री के नामों की घोषणा करने और शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयार है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, पार्टी द्वारा सोमवार तक तीनों राज्यों के लिए सीएम की घोषणा किए जाने की संभावना है और पार्टी 15 दिसंबर तक शपथ ग्रहण प्रक्रिया पूरी करना चाहती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़, जहां भाजपा ने हाल ही में चुनाव जीता है, वहां के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षकों की घोषणा शुक्रवार को की गई। पार्टी जल्दी में है क्योंकि 16 दिसंबर से खरमास शुरू हो जाता है, यह एक अशुभ समय माना जाता है ऐसे में सभी शुभ कार्य वर्जित होते हैं। सूत्रों ने बताया कि सोमवार शाम 4 बजे भोपाल में भाजपा विधायक दल की बैठक बुलाई गई है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, डॉ. के लक्ष्मण और आशा लाकड़ा विधायक दल के नेता के चुनाव की पूरी प्रक्रिया की निगरानी करेंगे। सोमवार शाम तक ही मध्य प्रदेश के सीएम के नाम की घोषणा होने की संभावना है। पार्टी इस बार मौजूदा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के चेहरे के साथ चुनाव में नहीं (शेष पेज 9)

बजट का आधे से भी कम खर्च कर सका प्राधिकरण

जिले की कई परियोजनाएं देरी से चल रही है, नोएडा प्राधिकरण की कंजूसी पर उठे सवाल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा प्राधिकरण 2023.24 का सिविल वित्तीय बजट 1327.25 करोड़ रुपए है। दिसंबर तक प्राधिकरण आधे से भी कम बजट खर्च कर सकी है। जबकि मार्च से नया वित्तीय वर्ष मार्च से शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने अब तक 323.89 करोड़ रुपए ही खर्च किए।

ये खर्च निर्माण, अनुरक्षण कार्य और ग्राम विकास पर किया गया खर्च है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि कार्य के अनुसार ही बजट खर्च किया जा रहा है। आकड़ों को देखे तो निर्माण कार्य पर 653.10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। जिसमें से महज 118.39 करोड़ रुपए खर्च किए गए। जबकि नोएडा की कई बड़ी परियोजनाएं देरी से चल रही है। इसमें चिल्ला एलिवेटड, भंगेल एलिवेटड महत्वपूर्ण परियोजना शामिल है। हालांकि इन दोनों परियोजनाओं के लिए ब्रिज कॉर्पोरेशन में टेंडर जारी किए गए है। भंगेल एलिवेटड का निर्माण चल रहा है। इसकी एक लेन जनवरी में खोली जा सकती है। प्राधिकरण की ओर से पैसा रिलीज किया जा रहा है। वहीं अनुरक्षण कार्य के लिए 553.55 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया। इसमें 167.83 खर्च किए गए। वहीं ग्राम विकास के लिए 100.20 करोड़ रुपए पास किए गए थे। इसमें महज 29.98 करोड़ रुपए ही प्राधिकरण खर्च कार सकी है। इस वित्तीय वर्ष में निर्माण के करीब 50 कार्य किए जा रहे है। इसके लिए 5 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसमें से 8 कार्य पूरे किए जा चुके है। इसी अनुरक्षण के 343 कार्य के लिए 4.68 करोड़ और ग्राम विकास के लिए 90 कार्य के लिए 72 लाख रुपए खर्च किए जा रहे है। तीनों को मिलाकर 483 कार्यों में 157 कार्य प्रस्तावित है। 237 काम प्रगति रत और 89 कार्य पूरे किए गए।

भ्रष्ट अफसरों पर गाज गिरना तय

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण तथा राजस्व विभाग के घोटालों में लिप्त रहे भ्रष्ट अफसरों पर अब गाज गिरना तय है। ऐसे अफसरों की संपत्तियों की जांच कर उनके खिलाफ एफआईआर कराकर घोटाले की रकम उनकी संपत्तियों की नीलामी कर वसूली जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस मसले को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया है। भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कल मुख्यमंत्री को लिखित पत्र देकर यह मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नोएडा प्राधिकरण में मुआवजा वितरण घोटाले की एसआईटी जांच के लिए आभार व्यक्त किया। मनोज गुप्ता ने मांग की है कि इस मामले में प्राधिकरण तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ कुछ सफेदपोशों की भी संलिप्तता है। ऐसे लोगों की भी एसआईटी द्वारा गहनता से जांच कराई जाए। जांच में पाये जाने वाले दोषी अफसरों की संपित्तयों की भी जांच की जाए तथा उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर उनकी संपत्तियों की नीलामी कर घोटाले की रकम वसूली जाए।

'नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में तेजी, सख्ती लाने के निर्देश'

● मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने ली अधिकारियों की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा समेत पूरे गौतमबुद्धनगर जनपद के अधिकारियों की बैठक की। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाए। इसके अलावा विकास कार्यों को समय से पूरा किया जाए। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की परियोजनाओं की उन्होंने समीक्षा की और कहा कि सभी परियोजनाएं समय से पूरी होनी चाहिए।

उन्होंने शासन की जनहित एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी के सभागार में नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना प्राधिकरण और जिला प्रशासन के अलावा उन्होंने मेरठ मंडल के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के सभी डिग्री कालेजों और यूनिवर्सिटीज को जोड़ा जाए। उन्होंने विश्वविद्यालयों में इंटरनल टीम के गठन की बात कही। उन्होंने बैठक में मौजूद नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह तथा अन्य पुलिस अधिकारियो को उन्होंने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में तेजी और सख्ती लाने के निर्देश दिये। सीएम योगी ने कहा कि यूनिवर्सिटी तथा शिक्षण संस्थानों के आसपास मंडराने वाले संदिग्ध लोगों की जांच-पड़ताल की जाए। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन उद्यमियों ने नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश किया है जल्द से जल्द उनके कार्यालय यहां खोलने के लिए प्रयास किये जाएं। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों और योजनाओं के लाभार्थियों को शामिल किया जाए।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेफ सिटी के अंतर्गत लगाये जा रहे सीसीटीवी की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। साथ ही कंट्रोल रूम बनाकर सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित रखा जाए।

जेवर एयरपोर्ट के पास गाड़ी में मिले 2 करोड़

● आबकारी टीम ने आरोपी से मांगा धनराशि का साक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा शहर से आगरा को जोड़ने वाले यमुना एक्सप्रेसवे पर एक गाड़ी में करोड़ों रुपये के नोट मिले हैं। इसी एक्सप्रेसवे के किनारे पर भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बन रहा है। जेवर एयरपोर्ट से कुछ ही दूरी पर गाड़ी में भरे मिले नोटों को गिनने में अफसर के पसीने छूट गए।

नोटों का यह खजाना यूपी की आबकारी टीम की जांच के दौरान मिला है। आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेसवे के मांट टोल प्लाजा पर गुरुवार की देर रात आबकारी विभाग और पुलिस टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान नोएडा की ओर से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कार को चेकिंग के लिए रोका गया। पुलिस को देखकर कार सवार हड़बड़ा गया। पुलिस व आबकारी टीम ने कार की तलाशी ली तो उसमें रखे बैगों में नोट भरे मिले।

यह देख आबकारी विभाग अफसर और पुलिस टीम हैरान रह गए। तुरंत मामले की जानकारी बड़े अफसरों को दी गई, जिसके बाद कार सवार को नकदी समेत थाने भेज दिया गया। पुलिस ने आयकर टीम को सूचना दी। आयकर आगरा की टीम ने रुपयों को गिनवाया तो रकम करीब दो करोड़ निकली। इसके बाद आयकर विभाग के अधिकारी कार सवार गोरखपुर निवासी अश्विनी से पूछताछ की। अश्वनी ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह हरियाणा के गुरुग्राम में प्रॉपर्टी डीलर है। ये धनराशि उसने प्रॉपर्टी डीलिंग में कमाई है। दलाली और जमीनों का पैसा है। पैसा इकट्ठा होने के बाद वो घर लेकर जा रहा था। इस पर टीम ने धनराशि से संबंधित साक्ष्य उससे मांगे हैं। कहा कि पैसे से संबंधित साक्ष्य मुहैया करा दें और धनराशि ले जाएं। नहीं तो ये भारत सरकार के कोश में जमा करा दी जाएगी। आयकर विभाग ने उसे चार से पांच दिन का समय दिया है।

ईको कार ने बाइक सवार रौंदा, मौत

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना ईकोटेक वन क्षेत्र के लुक्सर जेल के पास इको कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक इको कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

ग्राम धनोरी कला थाना दनकौर निवासी निखिल अपनी बाइक से जा रहा था। लुक्सर जेल के पास तेज गति में आ रही इको कार के चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से निखिल गंभीर रूप से घायल हो गया हादसे के बाद चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल निखिल को सनी ने उपचार के लिए यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया उपचार के दौरान निखिल की मौत हो गई।

एटीएम मशीनों से छेड़छाड़ करना पड़ा भारी, भेजा जेल

● एक्सिस बैंक के एटीएम में रंगे हाथों पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में हबीबपुर गांव स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ में मशीन से छेड़छाड़ करना दो लोगों को भारी पड़ गया। बैंक कर्मियों ने दोनों को रंगेहाथ दबोच लिया।

पकड़े गए दोनों आरोपियों को थाना ईकोटेक 3 पुलिस के हवाले कर दिया गया। आरोपी एटीएम मशीन में प्लेट लगा देते थे जिससे ट्रांजैक्शन के दौरान पैसे मशीन से बाहर नहीं आते थे। नोएडा के ईकोटेक 3 थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार की देर शाम एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ में बैंक कर्मचारी जांच के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उन्हें दो युवक एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करते हुए दिखाई दिए। संदेह के आधार पर दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों युवक हड़बड़ा गए। इसके बाद इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपने नाम ब्रह्म दत्त पुत्र जय सिंह व रजत पुत्र नारायण दास निवासी डेरीन बताया। दोनों आरोपियों ने बताया कि वह एटीएम मशीन में पैसे निकलने वाले स्थान पर एक प्लेट लगा देते थे।

एटीएम से पैसे निकालने आया व्यक्ति जब पैसे निकालने की कोशिश करता तो उसके खाते से पैसे कट जाते थे, लेकिन नकदी एटीएम बूथ से बाहर नहीं आती थी। कार्ड धारक के एटीएम बूथ से बाहर जाने के बाद वह मशीन से प्लेट को हटाकर पैसे निकाल लेते थे।

थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों द्वारा पूछताछ कर यह पता लगाए जाने का प्रयास किया जा रहा है कि उन्होंने अब तक कितनी घटनाओं को अंजाम दिया है।

संक्षिप्त समाचार

गौतमबुद्धनगर में चालानों का निस्तारण करते अधिकारी।

लोक अदालत में किया दो लाख वादों का निस्तारण

गाजियाबाद। जिला कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला जज अनिल कुमार ने लोक अदालत का शुभारंभ किया। लोक अदालत में करीब दो लाख से अधिक लम्बित वादों का निस्तारण किया गया जिसमें बैंकिग, फैमिली, मोटरे व्हीकल एक्ट से संबधित वाद शामिल रहे। बडी तादात में वाद कारी अपने वादों के निस्तारण के लिए पहुंचे। इस अवसर पर सीजेएम सुंधाशु शेखर, पाक्सो एक्ट.1 हर्षवर्धन, पोक्सो एक्ट.3 तेन्द्रपाल, एडीजे.7 नेत्रपाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकर सचिव सुनील प्रसाद आदि मौजूद रहे।

धीरज साहू मामले में भाजपा का प्रदर्शन

गाजियाबाद। झारखंड में कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद से करोड़ों रुपए मिलने पर बीजेपी हमलावर है। गाजियाबाद जिला मुख्यालय पर भारतीय जनता पार्टी ने इस मामले को लेकर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति के नाम में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई की इतना पैसा मिलना बेहद चिंतनीय और गंभीर है। वह भी जब पैसा भारतीय संसद का सदस्य के पास मिला हो। गाजियाबाद में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया है। साथ ही राष्ट्रपति के नाम कांग्रेस नेता धीरज साहू की सदस्यता रद्द करने की भी मांग की है। भारतीय जनता पार्टी के गाजियाबाद में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा झारखण्ड राज्य से निर्वाचित कांग्रेस पार्टी के एक राज्य सभा सांसद के परिसरों से लगभग 200 करोड़ रुपयों से अधिक की नकदी बरामद हुई है।

आईएमएस डीआईए में दीक्षांत समारोह

नोएडा। आईएमएस डिजाइन एंड इनोवेशन एकेडमी आईएमएस-डीआईए में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। शनिवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता वल्ड डिजाइन ऑर्गेनाइजेशन के प्रेसिडेंट प्रद्युमन व्यास ने अपने विचार प्रकट किए। आईएमएस-डीआईए के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, सीएमडी शिल्पी गुप्ता, संस्थान की निदेशिका डॉ अनुराधा मोदक देबनाथ के साथ संस्थान के स्टाफ फैकल्टी एवं छात्र भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों को बधाई दी।

कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया सोनिया का जन्मदिन

नोएडा। नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा संरक्षक श्रीमती सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाया। नोएडा के सेक्टर-57 बिशनपुरा स्थित पार्टी कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में सोनिया गांधी का चित्र रखकर केक काटा तथा आपस में मिठाई खाकर उनके दीर्घायु की कामना की। नोएडा के कांग्रेस महानगर अध्यक्ष रामकुमार तंवर के नेतृत्व में सेक्टर 58 स्थित कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस पार्टी की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गाँधी के 77वें जन्मदिन पर केक काटकर व लड्डू व फल एवं फ्रूटी आदि खाद्य सामग्री वितरित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया।

झुग्गी में युवक ने की आत्महत्या

नोएडा। थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के सेक्टर-12 में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद की बात सामने आई है। चौकी डी क्षेत्र के सेक्टर-12 के पास बसी झुग्गी बस्ती में रहने वाले जयदेव ने बीती रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली घटना के समय उसकी पत्नी किसी काम से बाहर गई थी। कुछ समय बाद जब वापस घर लौटी तो उसे जयदेव फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। उसने पड़ोसियों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा।

सोसाइटी की लिफ्ट में फंसे पिता-पुत्री

● इमरजेंसी बेल और टेलीफोन का बटन भी नहीं कर रहा था काम

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एक बार फिर लिफ्ट रुकने की घटना सामने आई। सोसाइटी की लिफ्ट में पिता और पुत्री लिफ्ट में फंस गए। लिफ्ट में दिए गए इमरजेंसी बेल से भी काम नहीं हुआ। अचानक से लिफ्ट झटके से नीचे गिरी, जिसमें पिता-पुत्री दोनों की चीख निकल गई। गाजियाबाद के प्रतीक ग्रैंड सिटी सिद्धार्थ विहार के निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में लिफ्ट की समस्या दिनों दिन गंभीर होती जा रही है। शुक्रवार को सोसाइटी निवासी अपनी पुत्री के साथ लिफ्ट में फंस गए।

सोसाइटी निवासी सुधाकर यादव अपनी बेटी को स्कूल छोड़ने के लिए लिफ्ट में जा रहे थे। वो 25वे फ्लोर पर रहते हैं और जैसे ही लिफ्ट में चढ़े लिफ्ट के डिस्प्ले पर कुछ भी दिखना बंद हो गया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी बेल और टेलीफोन का बटन भी दबाया, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। काफी देर तक फंसे रहने के बाद लिफ्ट एक जोरदार झटके के साथ नीचे जाने लगी। लिफ्ट झटके से बेसमेंट में जाकर रुकी।

बाद में सूचना देने पर लिफ्ट कंपनी के मैकेनिक ने बताया कि लिफ्ट की कमांड यूनिट टूट जाने के कारण लिफ्ट के सेंसर्स ने काम करना बंद कर दिया था। लिफ्ट मैन के न होने के कारण अप्रशिक्षित गार्ड द्वारा चलती हुई लिफ्ट को खोलने का प्रयास किया, जिससे लिफ्ट में जोरदार झटका लगा।

प्रेमी से मिलकर महिला ने पति की हत्या की

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का खुलासे करते हुए मृतक की पत्नी व उसके आशिक समेत तीन हत्याभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि चार दिसंबर को छिजारसी अण्डरपास के पास एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव मिला था। पटेल ने बताया कि एसएचओ जितेंद्र सिंह की टीम के द्वारा की गई गहन जांच के दौरान पता चला कि ब्रजकिशोर की हत्या उसकी पत्नी पुष्पा ने अपने आशिक शिलेंद्र बाल्मीकि व नन्हें बाल्मीकि के साथ मिलकर की है।

बाउंसर की संदिग्ध मौत के मामले में परिजनों का थाने पर हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के अस्तौली गांव निवासी एक बाउंसर की करीब 7 दिन पहले संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई थी।

मृतक के परिवार के लोगों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। इस मामले में परिवार के लोगों ने एक महिला समेत तीन लोगों को नामजद करते हुए कोतवाली में केस भी दर्ज कराया है। परिवार का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। जिसको लेकर शनिवार को परिवार के लोगों ने कोतवाली पहुंचकर जमकर हंगामा किया। बाद में पुलिस के अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही परिजन वहां से हट सके। मृतक बाउंसर सोहित भाटी 22 ग्रेटर नोएडा में स्थित हॉस्टल में बाउंसर का काम करते थे। जिनका 3 दिसंबर की रात कनारसी गांव के नजदीक संदिग्ध अवस्था में शव मिला था। परिवार के लोगों का कहना है कि उसकी रंजिश में हत्या की गई है। जिसको लेकर परिवार के लोगों ने एक महिला समेत तीन लोगों को नामजद किया है।

सोसाइटी के फ्लैट में चोरी करने वाले दबोचे

नोएडा। ग्रेटर नोएडा के थाना बिसरख पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से नगदी व चोरी किए गए जेवरात तथा अन्य सामान बरामद हुआ है।

आरोपियों ने बीते दिनों एक सोसायटी में फ्लैट का ताला तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर ईटेड़ा गोल चक्कर के पास से मोहम्मद सैलेन उर्फ कोनेन व मुबारक को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी की घटना में प्रयुक्त चाबियां पेचकश व अन्य सामान बरामद हुआ।

एक्सप्रेसवे पर तेज गति पर पुलिस की सख्ती

● स्पीड लिमिट को 75 किलोमीटर प्रति घंटा किया, कई वाहनों के काटे चालान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

यमुना एक्सप्रेसवे अथॉरिटी ने तेज गति से चलने वाले वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगाने का फैसला लिया है। पुलिस ने इस निर्देशों का पालन करने के लिए सघन चैकिंग अभियान चला दिया है। कानून का उल्लघंन करने वाले वाहनों के ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटे। दरअसल, सर्दियों में कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो जाती है, जिससे एक्सीडेंट्स की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

वहीं अगर गाड़ी तेज रफ्तार में हो, तो एक्सीडेंट का खतरा और ज्यादा होता है। ऐसे में अब कोहरे की वजह से होने वाले हादसों को देखते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पर 15 दिसंबर से कारों और हल्के वाहनों की स्पीड लिमिट को 75 किलोमीटर प्रति घंटा और ट्रक बस आदि भारी वाहनों की स्पीड को 60 किलोमीटर प्रति घंटा करने का फैसला किया गया है। 2 महीने तक, यानी 15 फरवरी तक गति सीमा प्रभावी रहेगी। इससे अधिक गति से वाहन चलाने पर चालान की कार्रवाई होगी। बता दें कि आगरा से दिल्ली के बीच मौजूद इस एक्सप्रेसवे की लंबाई 165 किलोमीटर है, लेकिन ट्रैफिक मुक्त होने के चलते इससे सफर तय करना यात्रियों के लिए काफी आसानी भरा हो जाता है। स्पीड में किया गया ये बदलाव यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लिया गया है। गति सीमा के नए नियम लागू करने के लिए एक्सप्रेस.वे की संचालक कंपनी को आदेश जारी कर दिए गए हैं। प्राधिकरण ने वाहनों पर नजर रखने के लिए 64 कैमरे लगाये है।

यमुना एक्सप्रेसवे पर गन मशीन से वाहनों की गति की जांच करता पुलिसकर्मी।

महिलाओं की समस्याओं पर तत्काल हो एक्शन: मंत्री

● विजयनगर थाना क्षेत्र में स्थित जल निगम पिंक बूथ का औचक निरीक्षण किया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जल निगम पिंक बूथ पर औचक निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री असीम अरूण ने पुलिस अधिकारियों से ली जानकारी।

जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने विजयनगर थाना क्षेत्र में स्थित जल निगम पिंक बूथ का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर जहां श्री अरूण ने पिंक बूथ में आये प्रार्थनापत्रों एवं रजिस्टरों को जांचा वहीं उन्होंने पिंक बूथ प्रभारी ऋतु त्यागी व महिला पुलिसकर्मियों की कार्यशैली का जायजा लेकर उनसे बातचीत की।

इस मौके पर प्रभारी मंत्री ने अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पिंक बूथ पर आई महिलाओं/युवतियों व वालिंटियरर्स से भी बातचीत की। इसके बाद श्री अरूण ने वहां पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को महिला अपराध पर पूरी तरह से अंकुश लगाने और पिंक बूथ में आने वाली पीड़िताओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश भी दिये। श्री अरूण के द्वारा किये गये पिंक बूथ के निरीक्षण के दौरान सीपी अजय कुमार मिश्रा, एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी, एसीपी कोतवाली आईपीएस निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी क्राइम/महिला अपराध सच्चिदानन्द, एसीपी महिला अपराध पूनम मिश्रा व एसएचओ विजयनगर अनुराग शर्मा के अलावा कई और अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री आज गाजियाबाद में कई कार्यक्रमों में मौजूद रहे।

ऑटो चालक निकला बदमाश पुलिस पर की फायरिंग, 3 धरे

● मुठभेड़ में आरोपी के पैर में लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में वाहनों की चेकिंग कर रही पुलिस पर एक ऑटो चालक फायरिंग करके भाग निकला। पुलिस ने ऑटो चालक चालक का पीछा किया और ऑटो चालक को घेर लिया। ऑटो चालक और पुलिस के बीच हुई मुठभेड़ में पुलिस की गाली लगने से ऑटो चालक गंभीर रुप से घायल से घायल हो गया।

पता चला कि पुलिस पर फायरिंग करते वक्त ऑटो में चालक के साथ उसके तीन साथी भी सवार थे। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम नोएडा की थाना सेक्टर.39 पुलिस टीम सेक्टर.105 नोएडा के पास बैरियर लगाकर चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान एक ऑटो को रोकने का इशारा किया तो ऑटो चालक ने ऑटो को ना रोकते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जिस पर पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही करते हुए ऑटो चालक पर फायरिंग की। पुलिस की गोली लगने से ऑटो चालक घायल हो गया। जिसकी पहचान आमिर पुत्र जीशान निवासी मैदान गढ़ी, लावण्या टी पॉइंट, छतरपुर, दिल्ली के रुप में हुई है। जानकारी करने पर पता चला कि ऑटो चालक शातिर अपराधी है।

एमसीडी बजट: विकास और बेहतर सुविधाओं पर जोर

वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2,417 करोड़ का राजस्व मिला, पिछले साल की तुलना में 400 करोड़ रुपये अधिक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन में अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट पेश किया गया। इस बजट में एमसीडी ने राष्ट्रीय राजधानी के विकास कार्यों और बेहतर सुविधाओं पर बल दिया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 2,417 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 400 करोड़ रुपये अधिक है।

बता दें कि दिल्ली नगर निगम एक्ट के तहत कमिश्नर को स्थाई समिति में पेश करना होता है, लेकिन निगम में अब तक स्थाई समिति का गठन नहीं हुआ है, जिसकी वजह से निगम आयुक्त ने सीधे सदन में बजट प्रस्तुत किया। मौजूदा वित्त वर्ष के बजट में कमिश्नर ने बताया कि निगम को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया है। निगम आयुक्त ज्ञानेश भारती ने कहा कि सम्पत्ति कर बढ़ाने तथा सटीक सम्पत्ति कर गणना के लिए रियल टाइम जिओ टैगिंग प्रक्रिया की शुरूआत की गई है। संपत्ति करदाताओं को जिओ टैगिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं सहभागिता योजना में एक नई प्रणाली का भी प्रावधान किया गया है, जिसके शैक्षणिक संस्थानों को प्रोत्साहन राशि विकास कार्यों के लिए दी जाएगा। भारती के मुताबिक नजफगढ़ क्षेत्र के इंदिरा पार्क, पश्चिमी क्षेत्र के विष्णु गार्डन, पश्चिमपुरी, मादीपुर जे.जे कॉलोनी, करोल बाग क्षेत्र के प्रेम नगर, नरेला क्षेत्र के बवाना, सिविल लाइंस क्षेत्र के मुकुंदपुर और केशवपुरम क्षेत्र के सरस्वती विहार में स्कूल भवनों का निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। वहीं पंजाबी बाग, पश्चिम विहार, सिविल लाइंस क्षेत्र के इब्राहिम पुर, वजीराबाद गांव, जीटीबी नगर और रोहिणी क्षेत्र के मंगोलपुरी समेत लगभग 20 स्कूल भवनों के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

दिल्ली नगर निगम ने लाजपत नगर में 246, हौज खास में 136, अधचिनी गांव में 56, सुभाष नगर में 236 व निजामुद्दीन बस्ती के निकट 86 कारों की मल्टीलेवल कार पार्किंग का कार्य पूरा कर लिया है।

दिल्ली नगर निगम का बजट पेश करते आयुक्त ज्ञानेश भारती।

मुख्य बिंदु

- ओखला व तेहखंड वेस्ट टू-एनर्जी प्लांट की क्षमता को बढ़ाया जाएगा।
- 44 विद्यालयों में लाइब्रेरी स्थापित कर दी जाएगी।
- 25 प्रस्तावित आदर्श विद्यालयों में स्मार्ट इंटरऐक्टिव पैनल लगाने की योजना।
- 420 नर्सरी आया, सिक्योरिटी गार्ड और सफाई कर्मी नियुक्त करने की योजना।
- 60 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न जांच प्रयोगशालाओं की शुरुआत होगी।
- डायनासोर पार्क और हैरीटैज पार्क का कार्य जल्द पूरा होगा।
- रोशनारा नर्सरी को हाईटेक नर्सरी बनाई जाएगी।
- 32 नई पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर टेंडर जारी किया।
- श्मशान घाटों को जन्म-मृत्यु कार्यालय से जोड़ा जा रहा।
- 1 लाख गैर-पालतू कुत्तों का बंध्याकरण करने की योजना।

लोक कल्याण कार्य पूरी तरह से ध्वस्त: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय को पत्र लिख कर उनसे एमसीडी की स्थायी समिति, अन्य वैधानिक समितियों और वार्ड समितियों के गठन का तुरंत आदेश देने का आग्रह किया है, जिनकी अनुपस्थिति में नगर निगम का लोक कल्याण कार्य पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है।

महापौर को लिखे पत्र में कहा गया है कि यह अफसोसजनक है कि दस महीने पहले आप ने एल्डरमैन की नियुक्ति का मुद्दा अदालत में उठाया था और उसके बाद उसने नगर निगम अधिकारियों को डीएमसी अधिनियम 1957 के तहत आवश्यक स्थायी समिति, अन्य वैधानिक समितियों और वार्ड समितियों के गठन को अधिसूचित करने की अनुमति नहीं दी है।

कपूर ने पत्र में कहा है कि महत्वपूर्ण नगर निगम समितियों के गठन पर कोई अदालती रोक नहीं है और इसलिए एमसीडी में अराजक स्थिति के लिए आप और महापौर जिम्मेदार हैं। पत्र में कहा गया है कि एमसीडी की वर्तमान कार्यप्रणाली असंवैधानिक है और महापौर को तुरंत एमसीडी की सभी समितियों के गठन की अनुमति देनी चाहिए।

स्थायी समिति के बिना बजट पेश करना असंवैधानिक: कांग्रेस

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में पूर्व नेता सदन जितेंद्र कुमार कोचर ने कहा कि निगम में सत्तासीन आम आदमी पार्टी की गैर-जिम्मेदाराना कार्यशैली के कारण बिना स्थायी समिति का गठन के सीधे सदन में बजट पेश किया जाना असंवैधानिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम का बजट पूरी तरह दिशाहीन दिल्ली के विकार से कोसो दूर है। उन्होंने कहा कि एक साल के शासन में आम आदमी पार्टी और भाजपा ने दिल्ली की जनता से जुड़े मुद्दों पर काम करने की बजाय झगड़े की राजनीति कर दिल्लीवालों को गुमराह कर रहे है। जितेंद्र कुमार कोचर ने पूछा कि सत्ता में आने के बाद आम आदमी पार्टी ने एक साल में लैंडफिलों पर वायदा करने के बावजूद कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने की दिशा में कोई काम नही हुआ है। दिल्ली में नालियों, सड़कों, स्कूल, अस्पतालों हर क्षेत्र दुर्दशा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अनाधिकृत कालोनियों, पुनर्वास कालोनियों, जे.जे. बस्तियों और मलीन बस्तियों में नालियां उपर तक बह रही है और यहां जगह-जगह कूड़े के ढेरों के कारण गंदगी फैल रही है। नालियों भरी होने से मच्छर जनित बीमारियां मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनियां से ग्रस्त मरीजां का अस्पतालों में इलाज नही हो रहा है।

त्यागी-गौरी गैंग का फरार गैंगस्टर गिरफ्तार

- पिछले चार साल से था फरार, थानों में कई मामले है दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मकोका में वांछित त्यागी-गौरी गैंग का शातिर गैंगस्टर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सैल ने गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार साल से फरार था और उनके खिलाफ दिल्ली के कई थानों में संगीन धाराओं में केस दर्ज है। उसके पास से .32 बोर की एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

पुलिस उपायुक्त के अनुसार इंस्पेक्टर के नेतृत्व में स्पेशल सेल/एसआर की एक टीम ने सलमान त्यागी गिरोह के एक फरार बदमाश रोहित पुत्र अमरजीत निवासी चौखंडी, तिलक नगरको गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दरगाह, चौखंडी, तिलक नगर के पास से धर दबोचा। वह सलमान त्यागी-सद्दाम गौरी गैंग का अहम सदस्य है और इस गैंग के सदस्य नीरज बवाना गैंग से करीबी तौर पर जुड़े हुए हैं। गिरफ्तार आरोपी रोहित सात आपराधिक मामलों में शामिल था और थाना हरि नगर में मकोका एक्ट के मामले में वांछित था। आरोपी दिल्ली में पुलिस टीमों पर हमला, लूट, रंगदारी और एक्साइज एक्ट आदि के सात आपराधिक मामलों में शामिल है। इस समूह के सदस्यों की आपराधिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2019 में थाना हरि नगर में सिंडिकेट के खिलाफ मकोका अधिनियम के तहत एक मामला भी दर्ज किया गया था।

रोहित इस मामले में वांछित था और तब से फरार है। 18 नवंबर, 2023 को तीस हजारी कोर्ट से उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट भी जारी किया गया था। आरोपी सलमान त्यागी और सद्दाम गौरी के कहने पर फंड इकट्ठा कर गैंग को फिर से सक्रिय कर रहा था।

फ्लैट में मिला महिला का शव, हत्या का शक

नई दिल्ली। खिड़की एक्सटेंशन इलाके के एक अपार्टमेंट में एक महिला का शव मिला है। पुलिस को मामले में हत्या का शक है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे मालवीय नगर थाने में पीसीआर को एक फोन कॉल के जरिए जानकारी दी गई कि महिला के फ्लैट से दुर्गंध आ रही है।

पुलिसकर्मी को घटनास्थल पर तत्काल भेजा गया और अंदर से बंद अपार्टमेंट को उसके मालिक एवं पड़ोसियों की मौजूदगी में खोला गया। अधिकारी ने बताया कि फ्लैट में मृत पाई गई महिला की पहचान सानिया राय के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि शव सड़ चुका था इसलिए उस पर किसी बाहरी चोट के निशान नजर नहीं आए।

मुठभेड़ में बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो बदमाश पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने यहां वसंत कुंज इलाके में कुछ देर चली मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई आपराधिक गिरोह के दो सदस्यों को पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि गिरोह के दो सदस्यों में से एक किशोर है। उसने बताया कि अनीश (23) और 15 वर्षीय किशोर को शुक्रवार रात वसंत कुंज में पॉकेट-9 के निकट पकड़ा गया।

दोनों को दक्षिण दिल्ली के एक प्रतिष्ठित होटल के बाहर गोलीबारी का काम सौंपा गया था और इसका मकसद जबरन वसूली प्रतीत होता है। पुलिस ने बताया कि उन्हें गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई के कहने पर पंजाब की जेल में बंद अमित से निर्देश मिले थे। अनमोल बिश्नोई लॉरेंस बिश्नोई का रिश्ते का भाई है और संदेह है कि वह कनाडा में छिपा हुआ है।

लॉरेंस बिश्नोई गुजरात की साबरमती जेल में बंद है। आरोपियों ने पांच गोलियां चलाई और कार्रवाई में पुलिस ने दो गोलियां दागीं। पुलिस ने बताया कि इस दौरान कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने दो पिस्तौल, चार कारतूस और एक मोटरसाइकिल जब्त किया गया है। अनीश सशस्त्र डकैती, शस्त्र अधिनियम एवं हमलों के छह मामलों में और किशोर हरियाणा के रोहतक जिले में सशस्त्र डकैती के एक मामले में नामजद आरोपी है।

राजधानी में उच्च शिक्षा लैंगिक समानता सूचकांक में गिरावट

फाइल फोटो

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सूचकांक 2018-19 में 1.16 था जो गिरकर 2020-21 में 1.04 अनुपात हो गया

अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में उच्च शिक्षा में लैंगिक समानता सूचकांक घटकर 2020-21 में 1.04 हो गया, जो 2018-19 में 1.16 अनुपात था।

लैंगिक समानता सूचकांक (जीपीआई) को शिक्षा के एक निश्चित चरण में नामांकित महिलाओं और पुरुषों की संख्या के अनुपात के रूप में परिभाषित किया गया है। दिल्ली में महिला और पुरुष 2023 रिपोर्ट के अनुसार, सूचकांक आदर्श रूप से 0.97 और 1.03 के बीच होना चाहिए।

हालांकि, दिल्ली में महत्वपूर्ण शैक्षिक कार्यक्रमों में प्रति 100 छात्रों पर छात्राओं की संख्या में वृद्धि देखी गई है। वर्ष 2012-13 और 2020-21 में विभिन्न उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में दर्ज आंकड़ों की तुलना करने पर, यह देखा गया कि पीएचडी में लैंगिक समानता सूचकांक 0.84 से बढ़कर 0.9, स्नातकोत्तर में 0.73 से 1.02, स्नातक में 1.03 से 1.11, पीजी डिप्लोमा में 0.51 से 0.73 और शिक्षा के नियमित माध्यम में डिप्लोमा कार्यक्रम में 0.53 से 0.84 हो गया। दिल्ली में कुल छात्रों में से, लगभग 90.1 प्रतिशत ने तकनीकी या व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की तुलना में सामान्य पाठ्यक्रम को चुना, जिसमें 2017-18 के दौरान 92 प्रतिशत पुरुष और 88.1 प्रतिशत महिलाएं शामिल थीं।

लेनदेन विवाद में गोलीबारी करने वाले आरोपी धरे

नई दिल्ली। सोनिया विहार मे वित्तीय विवाद को लेकर एक मकान पर गोलियां चलाने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस उपायुक्त जॉय टिर्की ने कहा कि पुलिस नियंत्रण कक्ष को घटना की सूचना मिली और एक दल को घटनास्थल पर भेजा गया। सोनिया विहार में आभूषण की छोटी-सी दुकान चलाने वाले रिंकू की शिकायत पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। डीसीपी ने कहा, जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली गई और यह पाया गया कि एक मोटरसाइकिल पर आए दो लोगों ने उनके मकान पर गोलीबारी की और फरार हो गए।

राजधानी में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में, न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- सोमवार को धुंध छाए रहने की संभावना

राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री सेल्सियस कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय राजधानी में शाम छह बजे शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 322 यानी बहुत खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। आईएमडी के मुताबिक, अधिकतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो मौसम के औसत से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। वहीं, सापेक्षिक आर्द्रता 100 प्रतिशत से 69 प्रतिशत के बीच रही। मौसम विभाग ने सोमवार को धुंध छाए रहने की संभावना जताई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 24 और नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। शून्य और 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच को संतोषजनक, 101 और 200 के बीच को मध्यम, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर रहती है।

हिरासत में रखने से कुछ हासिल नहीं होगा: संजय

धनशोधन मामला

- जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान खुद को रिहा करने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को यहां एक अदालत से उन्हें रिहा करने का आग्रह किया। सिंह ने अदालत से कहा कि कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में उन्हें हिरासत में रखने से कुछ हासिल नहीं होगा।

सिंह के वकील ने उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल के समक्ष दलील दी। उन्होंने अदालत से कहा कि आगे की जांच के लिए सिंह की जरूरत नहीं है और उनके खिलाफ जांच पूरी हो चुकी है। सिंह की ओर से वकील ने अदालत से कहा, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने जांच पूरी होने के बाद मेरे खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दायर कर दिया है। मुझे अब हिरासत में रखकर पूछताछ करने की आवश्यकता नहीं है। मुझे अब हिरासत में रखने का कोई मतलब नहीं है। वहीं, सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि जांच जारी है और अगर सिंह को जमानत पर रिहा किया गया तो वह जांच में बाधा डाल सकते हैं और सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं साथ ही गवाहों को भी प्रभावित कर सकते हैं। जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान सिंह के खिलाफ दायर पांचवीं पूरक अभियोजन शिकायत भी सीलबंद लिफाफे से निकाली गई।

न्यायाधीश ने निर्देश दिया, सुविधा के लिए, ईडी की ओर से उपरोक्त शिकायत में कथित गवाह के लिए अलग-अलग स्थानों पर छद्म नाम का उपयोग करते हुए उक्त पूरक शिकायत की एक प्रति आज रिकॉर्ड में दर्ज की गई है। अदालत ने इसी के साथ मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को सूचीबद्ध कर दी। ईडी ने सिंह को चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था।

राज्यसभा सांसद के घर से करोड़ों की नगदी मिलने का मामला

भाजपा का कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और ओडिशा में भारी मात्रा में बेनामी नकदी मिलने की पृष्ठभूमि में देश की सबसे पुरानी पार्टी पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया।

दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा प्रदर्शनकारियों ने अकबर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय तक मार्च निकाला लेकिन पुलिस ने अवरोधक लगाकर उन्हें रोक दिया। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया था कि ओडिशा स्थित शराब निर्माता समूह और अन्य से जुड़े ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में करीब 250 करोड़ रुपए की बेनामी नकदी मिली है।

सूत्रों ने बताया कि इस दौरान झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिसरों की भी तलाशी ली गई। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और साहू के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी है कि एजेंसियां भ्रष्ट लोगों को पकड़ेगी और वह अपना काम कर रही हैं। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया था कि ओडिशा स्थित शराब निर्माता समूह और अन्य से जुड़े ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में करीब 250 करोड़ रुपए की बेनामी नकदी मिली है।

सूत्रों ने बताया कि इस दौरान झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के परिसरों की भी तलाशी ली गई। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी की और साहू के खिलाफ कार्वाई की मांग की।

सचदेव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गांरटी है कि एजेंसियां भ्रष्ट लोगों को पकड़ेगी और वह अपना काम कर रही हैं।

कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़ रहे दिल्ली भाजपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड्स लगा कर रोकने का प्रयास किया लेकिन आगे बढ़ने पर प्रदेश अध्यक्ष सचदेवा के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया और तुगलक रोड थाने ले जाया गया। जहाँ से उन्हे कुछ समय बाद चेतावनी देकर छोड़ा गया।

वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधू ?ी, सांसद मनोज तिवारी, रमेश बिधूड़ी एवं प्रवेश साहिब सिंह, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, अजय महावर एवं अनिल बाजपेयी, प्रदेश पदाधिकारी योगेन्द्र चंदोलिया, सतीश गर्ग, गजेंद्र यादव, विष्णु मित्तल, लता गुप्ता, प्रवीण शंकर कपूर, विक्रम मित्तल, मोर्चा अध्यक्षों सुनील यादव, शशि यादव, नीरज तिवारी, मोहन लाल गिहारा, सीएल मीना, ऋचा पांडे, अनिस अब्बासी के आलावा विभिन्न जिलों के अध्यक्षों ने जैसलमेर हाऊस से कांग्रेस मुख्यालय तक मार्च किया और नारेबाजी करके कांग्रेस सांसद धीरज साहू मामले में कांग्रेस नेतृत्व द्वारा उन्हे संरक्षण देने का विरोध किया।

एफएसएल की मदद से आपराधिक जांच में आएगी तेजी: उपराज्यपाल

मधुबन चौक में फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की नई इमारत का एलजी ने किया उद्घाटन, आयुक्त संजय अरोड़ा रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के मधुबन चौक में फोरेंसिक साइंस लैबोलैरेटरी को नई इमारत के रूप में बड़ी सौगात मिली है। शनिवार को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली सरकार में मंत्री कैलाश गहलोत और दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया।

किसी भी आपराधिक मामलों में सबूतों की कड़ी से कड़ी जोड़कर दिल्ली पुलिस की जांच में मददगार साबित होने वाली संस्थान फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी को नई सौगात मिली है। इस मौके पर मंत्री कैलाश गहलोत और उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने एफएसएल के कामकाज की सराहना की। सक्सेना ने कहा कि दिन्ली की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष छवि रहती है। ऐसे में पेचीदा मामलों को सुलझाने के लिए एफएसएल दिल्ली पुलिस के लिए काफी मददगार साबित होती है। उन्होंने कहा कि एफएसएल की जांच से दिल्ली पुलिस को मदद मिलती है और न्याय मिलने में आसानी होती है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि लगभग 1,00,000 वर्ग मीटर में निर्मित छह मंजिल का नया बुनियादी ढांचा एफएसएल, दिल्ली में अधिक वैज्ञानिकों और पेशेवरों को लाने में मदद करेगा और उन्हें इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों की विशिष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। एलजी ने कहा कि 1995 में स्थापित यह संस्थान उत्कृष्टता का केंद्र बन जाएगा और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों को फोरेंसिक विज्ञान और संबंधित विषयों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आकर्षित करेगा और इस प्रयोगशाला में नई स्थापना से परीक्षा क्षमता, क्षमता का विस्तार होगा और परीक्षण अधिक समीचीन हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि एफएसएल, गांधीनगर जैसे अन्य संस्थानों से अधिक पेशेवरों को शामिल करने के लिए परामर्श किया गया है। गुजरात, एफएसएल दिल्ली में लंबित मामलों से निपटने के लिए विनिमय कार्यक्रम के आधार पर और विचार-विमर्श कर रहा है कि क्या नमूनों को अन्य स्थानों पर प्रयोगशालाओं में ले जाया जा सकता है। इस मौके पर दिल्ली सरकार के मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि पुलिस और एफएसएल एक सिक्के के दो पहलू हैं। ऐसे में किसी भी आपराधिक मामलों में एफएसएल की भूमिका नजर अंदाज नहीं किया जा सकता है।

फोरेंसिक साइंस लैबोलैरेटरी की नई इमारत का उद्घाटन करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना व अन्य।

जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैया करा रही सरकार: गहलौत

मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला बिना किसी विघ्न के गुणवत्तापूर्ण व विश्वसनीय फोरेंसिक सेवाएं प्रदान कर सकें इसके लिए दिल्ली सरकार सभी जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर मुहैय्या कर रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का प्रयास है कि दिल्ली की सभी फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला अंतरराष्ट्रीय स्तर की बन सके।

आधुनिक तकनीक से खोजे लापता बच्चें : हाईकोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- मानव तस्करी से जुड़े मामलों को तेजी से हल करें: कोर्ट

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि जांच एजेंसियों को प्रौद्योगिकी प्रगति से अवगत रहना चाहिए ताकि वे परिवारों को फिर से जोडने़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें और तेजी से डिजिटलीकृत और परस्पर जुड़ी दुनिया में लापता बच्चों और मानव तस्करी से जुड़े मामलों को तेजी से हल कर सकें।

उच्च न्यायालय ने कहा कि एक उपयोगकर्ता के अनुकूल त्वरित इस्तेमाल पुस्तिका तैयार की जानी चाहिए जिसमें प्रमुख मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) विवरण शामिल हों, जो दिल्ली भर के हर पुलिस स्टेशन में उपलब्ध होनी चाहिए, जिससे जांच के दौरान त्वरित संदर्भ में सहायता के लिए आसान पहुंच सुनिश्चित हो सके। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ रही है, अपराधी भी अपने अपराधों का पता लगाने से बचने के लिए आधुनिक तरीके अपना रहे हैं और लापता बच्चों की रिपोर्ट में मानव तस्करी के तत्व शामिल हो सकते हैं।

अदालत ने कहा, इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि जांच एजेंसियों को समय और संसाधनों का इस्तेमाल न केवल अपनी जांच करने के तरीके की समीक्षा करनी चाहिए।

ज्ञान, योग्यता व विशेषज्ञता के भंडार हैं दिव्यांग: उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति ने गुरुग्राम में सार्थक वैश्विक संसाधन केंद्र का उद्घाटन किया

गुरुग्राम के सेक्टर-45 स्थित सार्थक फाउंडेशन के ग्लोबल रिसोर्स सेंटर एवं दिव्यांगता पर 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

गुरुग्राम के सेक्टर-45 स्थित सार्थक फाउंडेशन के ग्लोबल रिसोर्स सेंटर एवं दिव्यांगता पर 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि दिव्यांग लोगों को सहानुभूति की वस्तु नहीं माना जाना चाहिए। उनके ज्ञान, योग्यता और विशेषज्ञता के लिए मान्यता का पात्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ऐसा इको-सिस्टम बनाया जाए, जिसके माध्यम से हम अपार प्रतिभा के धनी हमारे दिव्यांग लोगों को सशक्त बना सकें।

उपराष्ट्रपति शनिवार को यहां सेक्टर-45 स्थित सार्थक फाउंडेशन के ग्लोबल रिसोर्स सेंटर एवं दिव्यांगता पर 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने उपराष्ट्रपति का गुरुग्राम आगमन पर स्वागत किया।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डिस्लेक्सिया से पीड़ित वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के उदाहरण का उल्लेख करते हुए कहा कि दिव्यांगता के बारे में हमारी धारणा अक्सर जो दिखाई देती है, उस पर निर्भर करती है। सच्ची दिव्यांगता केवल सामने आने वाली चीजों से कहीं अधिक होती है, जोकि मानसिक, आध्यात्मिक और भावनात्मक चुनौतियों के दायरे तक फैली हुई है। उपराष्ट्रपति ने सभी प्रकार की दिव्यांगता के लिए उपयुक्त समाधान

गुरुग्राम में दिव्यांगता के 10वें राष्ट्रीय सम्मेलन को किया संबोधित

दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए बनाना होगा इको-सिस्टम

दिव्यांगों को सहानुभूति की वस्तु नहीं समझा जाना चाहिए

तैयार करने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने अपने संबोधन में उन सामाजिक धारणाओं में आए बदलाव पर भी प्रकाश डाला, जो कभी महिलाओं को कठिन कार्यों में असमर्थ मानते थे। उन्होंने कहा कि आज देश की महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही है।

उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए हरियाणा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार दिव्यांगजनों की बेहतरी के लिए विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने अपने संबोधन में दिव्यांगों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों सहित कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कॉर्पोरेट संस्थाओं से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) फंड को समाज के इन वर्गों को सशक्त बनाने के लिए खर्च करने का आह्वान किया। उपराष्ट्रपति ने गांवों और ग्रामीण क्षेत्रों में विकलांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं बढ़ाने के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए, उन्होंने दिव्यांग व्यक्तियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आउट ऑफ बॉक्स सोचने और नवीन होने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने आग्रह किया, हर किसी को किसी न किसी तरह से योगदान देना चाहिए। आज भारत अग्रणी देशों की पंक्ति में शामिल है। उन्होंने कहा कि यह भारत का बढ़ता प्रभाव ही है कि आज वैश्विक स्तर पर भारत की राय को भी महत्वपूर्ण माना जाता है। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव राजेश अग्रवाल, गुरुग्राम के डिविजनल कमिश्नर आर.सी बिढान, डीसी निशांत कुमार यादव, सीपी विकास अरोड़ा, एसडीएम बादशाहपुर सतीश यादव, सार्थक फाउंडेशन के सीईओ डॉ. जितेंद्र अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

आमजन का जीवन बदल रही हैं जनकल्याणकारी योजनाएं

गुरुग्राम के गांव राजपुरा और नानूं खुर्द में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत लोगों को शपथ दिलाते विधायक सत्यप्रकाश जरावता।

पटौदी और सोहना ब्लॉक में हुए विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम

गुरुग्राम। पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जनकल्याणकारी योजनाएं आज आमजन के जीवनोत्थान की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। वे शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। गांव राजपुरा और नानूं खुर्द में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में सैंकड़ों ग्रामीणों ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को उनकी समस्याओं से निजात दिलाने के लिए विभागीय अधिकारी व कर्मचारी तत्परता से काम कर रहे हैं। हरियाणा सरकार ने इस यात्रा को सफल बनाने के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की ओर से योजनाओं की जानकारी देने के लिए स्टालें लगाई गई थीं। शनिवार को सोहना खंड के गांव बाइखेड़ा में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला परिषद के वाइस चेयरमैन ओमप्रकाश मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा लोगों की उम्मीदों पर खरा उतर रही है।

तीनों गांवों के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने ग्रामवासियों को स्वामित्व योजना के तहत उनके मकानों की रजिस्ट्री के दस्तावेज सौंपे। कृषि विभाग की ओर से लोगों को खेती में दवाईयों व उर्वरकों का छिड़काव करने के लिए ड्रोन के प्रयोग को दिखाया गया। इस मौके पर पटौदी के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी प्रदीप कुमार, राजपुरा के सरपंच कौशलचंद, नानूं खुर्द के सरपंच नरेश कुमार, बाइखेड़ा के सरपंच श्यामवीर सहित अनेक गणमान्य नागरिक व अधिकारी मौजूद रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा से घर बैठे मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ: सिंगला

कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को विधायक ने शपथ भी दिलाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के कमला नेहरू पार्क के बाहर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को शपथ दिलाते विधायक सुधीर सिंगला।

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कमला नेहरू पार्क के बाहर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने लोगों को जनहित में किए जा रहे सरकार के कार्यों को साझा किया। साथ ही इस यात्रा के माध्यम से सरकारी की योजनाओं को प्रचारित, प्रसारित करने का इस कार्यक्रम को बेहतरीन माध्यम बताया। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन भी लोगों के बीच बैठकर सुना। उन्होंने यहां लोगों को शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की झांकी व समस्या निवारण कैम्प भी लगाया गया। इस अवसर पर जेएन मंगला, सुभाष सिंगला, सुमित कपूर नरेश गुप्ता, युधिष्ठिर कौशिक, अनीता गुप्ता, कुलदीप हिन्दुस्तानी, कौशल मखीजा, नरेश गुप्ता समेत अनेक लोग मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने अपने संबोधन में केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों व योजनाओं पर फोकस करते हुए देश, प्रदेश की जनता के लिए लाभकारी बताया। उन्होंने अंत्योदय महासम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि गृह मंत्री इस कार्यक्रम में हरियाणा को छह योजनाओं की सौगात देकर गए। इसमें मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना, आयुष्मान भारत-चिरायु योजना, हरियाणा आय वृद्धि बोर्ड की स्थापना, हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना (हैप्पी) और मुख्यमंत्री अंत्योदय दुग्ध उत्पादन सहकारिता प्रोत्साहन योजना शामिल हैं।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और सीमा पर इंफ्रास्ट्रक्चर बहुत अधिक मजबूत हुआ है। पूर्व की कांग्रेस सरकार ने सैनिकों की वन रैंक वन पेंशन मांग को सिरे नहीं चढ़ाया। इस मांग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। पूरे दक्षिण हरियाणा समेत देशभर में इसकी सराहना हुई।

पात्रों को घर-द्वार पर सरकारी सेवाएं उपलब्ध करा रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा: नड्डा

गांव घामड़ौज में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में विकसित भारत संकल्प शपथ लेते भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, साथ में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी।

गुरुग्राम जिला के गांव घामड़ौज में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का अभिनंदन करते भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद की देशव्यापी श्रृंखला के तहत शनिवार को राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुग्राम जिला के गांव घामड़ौज पहुंचे। नड्डा ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर केंद्रित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों के नाम वर्चुअल माध्यम से दिए गए संबोधन को भी सुना गया। जिला में पहुंचने पर केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने मुख्यातिथि जगत प्रकाश नड्डा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

जेपी नड्डा ने केंद्र व प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना से क्रियान्वित योजनाओं की सराहना करते हुए आमजन को सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आमजन को केंद्र व प्रदेश सरकार की कुशल कार्यशैली में भागीदार बनते हुए आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने साढ़े 9 साल के कार्यकाल में समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकारी सेवाएं प्रदान करने की दिशा में ठोस कदम उठाते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़ा है। मोदी की गारंटी को मद्देनजर रखते हुए देश भर में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ गांव व शहरी क्षेत्र को कवर कर रही है। देश के हर कोने में पहुंचते हुए संकल्प यात्रा के माध्यम से लाभपात्रों को सरकारी सेवाएं उनके घर द्वार पर उपलब्ध कराने में सरकार अपना दायित्व निभा रही है।

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जनसेवा के प्रति समर्पित यात्रा बताया। सांसद एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कहा कि 28 प्रचार वाहनों के माध्यम से पूरे प्रदेश में गौरवमय ढंग से संकल्प यात्रा का आगाज हुआ था। आज पूरे प्रदेश में 70 से अधिक प्रचार वाहन सरकार की जनहितकारी योजनाओं व विकासात्मक उपलब्धियों से अवगत करा रहे हैं।

भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प : विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान जगत प्रकाश नड्डा ने उपस्थित गणमान्य लोगों के साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे।

इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, भाजपा संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव,

गुरुग्राम जिला के गांव घामड़ौज में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा।

सोहना से विधायक संजय सिंह, विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए प्रदेश के नोडल अधिकारी एवं भारत सरकार में अतिरिक्त सचिव आलोक कुमार, डीसी निशांत कुमार यादव, एडीसी हितेश कुमार मीणा, सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, सीईओ जिप अनु श्योकंद, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, पूर्व विधायक बिमला चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़, यात्रा के प्रदेश संयोजक मनीष यादव, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, सरपंच साधना रानी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव से पूर्व सोहना की समस्याओं का होगा समाधान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

चंडीगढ़ के संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मुलाकात करते हुए सोहना मंडल अध्यक्ष ने क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए जल्द से जल्द पूरा कराने की मांग की। मुख्यमंत्री ने उक्त मांगों को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पूर्व पूरा कराने का आश्वासन दिया है।

गुरुवार को चंडीगढ़ में भाजपा प्रदेश संगठन मंहामंत्री फणींद्रनाथ शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे जिला अध्यक्ष से लेकर विधायक मंडल अध्यक्ष आदि ने संत कबीर कुटीर में मुलाकात की। इस अवसर पर महामंत्री डॉक्टर पवन सैनी, गुरुग्राम जिला प्रभारी दीपक मंगला विधायक पलवल एवं जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ , जिले के सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान सभी मंडल अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष बारी-बारी से रखा। इस अवसर पर सोहना मंडल अध्यक्ष गौरव चुग ने क्षेत्र की लंबित पड़ी मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व में घोषित की गई समस्याओं को रखा। जिनमें लोक निर्माण विभाग से संबंधित समस्याओं से लेकर नगर परिषद, खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य में नागरिक अस्पताल की समस्याओं का प्रमुखता से रखा।

इसके अलावा सोहना शहर में बरसाती पानी की निकासी का नई योजना बनाने, स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में जमीन की कमी, सोहना में गर्ल्स कॉलेज, अनाज मंडी का तबादला, चुंगी नंबर एक पर स्थित बिजली निगम के 66केवीस पावंर हाउस को अपग्रेड करना, शिव कुंड गर्म पानी चश्मा का पानी संरक्षण, दमदमा चौक से लेकर रायपुर तक एलिवेटेड मार्ग का निर्माण, शहर में जमा की समस्या से परेशान शहरवासियों के लिए सार्वजनिक समस्या को रखा। मंडल अध्यक्ष गौरव चुग द्वारा रखी गई।

एक रात में दो मंदिरों के दानपात्र तोड़ सवा लाख रुपये चोरी

सोहना। नगर परिषद के वार्ड-21 के गांव सोहना ढाणी में चोरों ने दो अलग-अगल मंदिरों के दानपात्र को तोड़ते हुए करीब सवा लाख रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। ग्रामीणों ने मौके पर पुलिस को सूचना देकर बुलाया। पुलिस ने मंदिरों में टूटे दानपात्र और उनमें से हुई नकदी चोरी की जांच में जुट गई है। बीते एक सप्ताह में दूसरी बार मंदिर के दानपात्र से चोरी हुई है।

शहर थाना पुलिस करीब एक सप्ताह पहले शहर के वार्ड-5 में स्थित साईं मंदिर का दानपात्र तोडकर नकदी चोरी करने वालों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा पाई है। इस बार चोरों ने वार्ड-21 के गांव सोहना ढाणी में बनें दो अलग-अलग मंदिरों में शुक्रवार की रात को घूसकर दानपात्रों को तोड़ नकदी चोरी कर ले गए। स्थानीय निवासी गीतेश्वर सैनी ने बताया कि शनिवार की सुबह साढ़े 5 बजे वह रोजाना की तरफपूजा अर्चना करने के लिए शिव मंदिर में गया।

नवीन गोयल ने किया आंसुओं की महक पुस्तक का विमोचन

विधानसभा में वरिष्ठ निजी सचिव रहे पवन शर्मा ने लिखी है यह पुस्तक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विधानसभा में 25 वर्षों से अधिक समय तक वरिष्ठ निजी सचिव रहे पवन शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक आंसुओं की महक का पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने विमोचन किया। साथ ही उन्होंने पवन शर्मा को इस बेहतरीन लेख संग्रह पुस्तक का लेखन करने पर शुभकामनाएं दीं।

इस पुस्तक में पवन शर्मा ने आम इंसान की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े मोबाइल, आनलाइन की दुनिया, बढ़ते तनाव तथा वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं आदि जैसे सामान्य विषयों पर 21 लेखों का सरल भाषा में समावेश किया है। इस अवसर पर अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि किताबें

गुरुग्राम में पुस्तक आंसुओं की महक का विमोचन करते नवीन गोयल।

लिखने का नहीं तो कम से कम पढ़ने का सभी को शौक होना चाहिए। किताबें हमारे जीवन की सबसे अच्छी साथी होती हैं। जब भी हमें उनकी आवश्यकता होती है वे हमारे लिए उपलब्ध होती हैं। किताबें हमारी आसपास की दुनिया को समझने, सही और गलत के बीच निर्णय लेने में हमारी मदद करती हैं। किताबें हमारी आदर्श होने के साथ जीवनभर शिक्षक बनकर हमारा मार्गदर्शन करती हैं।

उन्होंने कहा कि किताबों से गुजरना दुनिया के श्रेष्ठ अनुभवों से गुजरने जैसा है। काफी लोगों को अपने खाली समय में या सोने से पहले किताबें पढने् की आदत होती है। ऐसा इसलिए भी कि किताबें तनाव पर भी नियंत्रण करने में सहायक होती हैं। कोई भी व्यक्ति सिर्फ स्कूल, कालेज के समय में ही नहीं, बल्कि किताबें पढने् के शौक से जीवनभर छात्र बनकर रहता है। किताबें हमारे ज्ञान और रचनात्मकता को बढ़ाने में हमारी मदद करती हैं।

नवीन गोयल ने कहा कि पढ़ना एकाग्रता को बढ़ाता है। जिसकी छात्र जीवन में सबसे अधिक जरूरत होती है। रोजाना कुछ घंटों के लिए पढ़ना ना केवल हमारे ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि हमारी भाषा में भी सुधार करता है। किताबें पढ़ने से छात्र बुद्धिमान बनते हैं और परीक्षाओं में अच्छे अंक भी हासिल करते हैं।

उन्होंने कहा कि घरों में माता-पिता स्वयं भी और अपने बच्चों को भी नैतिकता और मूल्यों से जुड़ी किताबें जरूर पढ़े-पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट, मोबाइल फोन और कंप्यूटर का इस्तेमाल सामान्य सी बात हो गई है। छात्र इन तकनीकों को अध्ययन के लिए एक अच्छा विकल्प मानते हैं। यह तकनीकें किताबों के महत्व को कभी खत्म नहीं कर सकती। किताबों से लिया गया ज्ञान हमारे जहन में अंकित हो जाता है।

युवा कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शाया भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में इनोवेशन और परंपरा का अनूठा मेल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट (केएनएमए), ने दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम 'सेंटर स्टेज फेस्टिवल' का आयोजन किया। सुंदर नर्सरी में आयोजित किये गये इस उत्सव में नृत्य एवं संगीत की दुनिया की पांच युवा प्रतिभाओं ने शानदार प्रस्तुतिकरण देते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उत्सव के माध्यम से केएनएमए द्वारा भारत की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान किया गया, और यह रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक भावों को प्रदर्शित करने का उत्सव बनकर सामने आया। सेंटर स्टेज फेस्टिवल शीर्षक से आयोजित यह अपने आप में एक अद्वितीय उत्सव था, जहां 13 से 30 की उम्र के प्रतिभाशाली कलाकारों को मंच प्रदान किया गया था, जो दर्शकों के लिए यादगार रहा।

फेस्टिवल के दूसरे एवं अंतिम दिन भी सांस्कृतिक परंपराओं को नया आकार दे रहे युवाओं का प्रतिभा मंचन देखने को मिला। शाम की पहली प्रस्तुत में रमना बालचंद्रन ने वीणा वादन प्रस्तुत किया। वह देश के लोकप्रिय वीणा वादक हैं। उन्होंने करीब 400 सोलो कंसर्ट में हिस्सा लिया है। उत्सव का समापन अनिरुद्ध वर्मा कलेक्टिव के साथ हुआ, जिसका नेतृत्व पियानो वादक, कंपोजर और प्रोड्यूसर अनिरुद्ध वर्मा ने किया। इस प्रस्तुति में भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में इनोवेशन और परंपरा का अनूठा मेल देखने को मिला।

इससे पूर्व शुक्रवार की शाम शुरू हुए इस फेस्टिवल में वेस्टर्न क्लासिक म्यूजिक से जुड़े अणुव्रत चौधरी ने वेस्टर्न क्लासिकल पियानो की प्रस्तुति दी। उन्होंने दो डुएट

परफॉर्म किये, जिनमें से एक डुएट में उनका साथ 14 वर्षीय मार्टिना चार्ल्स ने दिया और दूसरा डुएट नृत्यांगना ईरा के साथ हुआ, जो जैज और आधुनिक नृत्यकला में प्रशिक्षित हैं। इसके अतिरिक्त 25 वर्षीय हिंदुस्तानी क्लासिकल वोकलिस्ट अनिरुद्ध ऐथल का शास्त्रीय गायन और 13 वर्षीय भरतनाट्यम नृत्यांगना अक्षता विश्वनाथ का भरतनाट्यम पहले दिन के आकर्षण थे। छोटी उम्र में इन कलाकारों ने मंच पर सशक्त एवं शानदार प्रस्तुतिकरण के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सर्वोत्तम माता पुरस्कार का आयोजन किया

फरीदाबाद। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बल्लभगढ़ शहरी डॉक्टर मंजू श्योराण की अध्यक्षता में सर्वोत्तम माता पुरस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें बल्लभगढ़ सर्कल की माताओं ने भाग लिया। इस प्रोग्राम के माध्यम से माता को अपने बच्चों के खान-पान, साफ-सफाई और जन्म के तुरंत बाद माता को अपने पहले गाढ़ा दूध के लाभ के बारे में जानकारी दी गई। प्रतियोगिता में जो माता प्रथम स्थान पर आई उसे 2000 रुपये, द्वितीय स्थान पर आने वाली माता को 1200 रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली माता को 800 रुपये की राशि देकर उसे सम्मानित किया गया। इसमें माता को यह भी जानकारी दी गई कि जब शिशु का जन्म होता है तो उस समय माता को किस प्रकार का भोजन करना चाहिए और कितने महीनों तक शिशु को अपना दूध पिलाना चाहिए, इसके बारे में भी जानकारी दी गई।

बीके अस्पताल में डॉक्टरों ने की सांकेतिक हड़ताल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

बीके अस्पताल में डॉक्टर दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर रहे। सुबह नौ से 11 बजे तक डॉक्टरों ने मरीजों को नहीं देखा, जिसके चलते ओपीडी में दिखाने आए मरीजों को काफी परेशानी हुई। हालांकि, इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहीं।

सीनियर मेडिकल ऑफिसर मानसिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी मांगें नई नहीं हैं। डॉक्टरों के लिए विशेष कैडर का गठन, एसएमओ की सीधी भर्ती पर तुरंत रोक, पीजी के लिए एक करोड़ रुपये की राशि बांड है, उसे 50 लाख किए जाने, एसीपी लगाने आदि की मांग पुरानी है, क्योंकि दिल्ली, बिहार जैसे अन्य राज्यों में एसीपी मिल रही है, लेकिन हरियाणा में नहीं है।

डॉ. मानसिंह ने बताया कि उनके द्वारा की गई दो घंटे की पेन डाउन सांकेतिक हड़ताल से मरीज को जो दिक्कत का सामना करना पड़ा है, उसके लिए उन्हें खेद है। लेकिन सरकार से उनकी मांग है कि उनकी इन मांगों को जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर द्वारा बनाई गई स्टेट कमेटी द्वारा यह निर्णय लिया गया था।

इस सांकेतिक हड़ताल के बाद भी यदि सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानी तो स्टेट कमेटी जो निर्णय लेगी, उसके तहत अगला कदम रखेंगे। चाहे उन्हें ओपीडी बंद करने के आदेश दिए जाएं। इमरजेंसी बंद करने या पोस्टमार्टम बंद करने के आदेश दिए जाएं। सुविधाएं बंद होने से जो भी परेशानी लोगों को होगी, उसके लिए हरियाणा सरकार जिम्मेदार होगी।

काम में लापरवाही मिलने पर बिजली अधिकारी व पोस्टमास्टर सस्पेंड

परिवार समिति की मासिक बैठक में 15 शिकायतों का किया मौके पर किया समाधान

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि अधिकारी पब्लिक को सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ उनके प्रति आदर सम्मान भी रखें। सरकारी कार्यालयों में अपने कार्य करवाने के लिए आने वाले लोगों के प्रति अपना रवैया ठीक ढंग से रखना उनकी जिम्मेवारी बनती है। इसके अलावा लोगों को सरकार की योजनाओं का सीधा व सरलता से लाभ देना भी सुनिश्चित किया जाए।

सहकारिता मंत्री जिला सचिवालय के सभागार में परिवाद समिति की मासिक बैठक में एजेंडे में शामिल परिवादों का निपटान कर रहे थे। इस बैठक में 17 में से 15 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा शेष शिकायतों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश देते हुए लंबित रख लिया गया।

गांव भरतगढ निवासी देशराज की पुलिस विभाग से संबंधी शिकायत पर मंत्री ने प्रार्थी के बच्चे को पुलिस के समक्ष कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए। गांव सहराला निवासी ललिता शर्मा की हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण संबंधी शिकायत पर प्रार्थी का कार्य न करने तथा संबंधित अधिकारी का कार्य असंतुष्टिजनक पाए जाने पर चार्जशीट करने के निर्देश दिए। गांव चांदहट के रहने वाले गिर्राज की पंचायत विभाग संबंधी शिकायत पर एसडीएम होडल ने मंत्री को उनके द्वारा की गई जांच में रिकॉर्ड के मिलने की जानकारी से अवगत करवाया। कोंडल निवासी श्यामलाल की बिजली विभाग संबंधी शिकायत पर संबंधित अधिकारी की गलती पाए जाने पर सस्पेंड करने के निर्देश दिए। चिरावटा निवासी रामरतन की पंचायत राज विभाग संबंधी शिकायत पर डॉ. बनवारी लाल ने प्रार्थी के अनुरोध पर एडीसी पलवल द्वारा पुन: जांच करने के पश्चात कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चांदहट के ही मोहन की पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को दोनो पक्षों को एक साथ बिठाकर पूछताछ कर निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। सेक्टर-2 पलवल निवासी अरूण कुमार शर्मा की जिला परिषद संबंधी शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने सीईओ जिला परिषद को प्रार्थी का रिकमंडेशन लेटर दुबारा हेडक्वार्टर भेजने के साथ-साथ लंबित भुगतान करने के निर्देश दिए। गांव बहीन की रहने वाली सत्तो देवी की शिकायत पर मंत्री ने बीडीपीओ को रास्ते की पैमाइश करके खाली करवाने के कड़े निर्देश दिए। गांव मर्रोली निवासी शीशपाल की गांव में रास्ता खुलवाने संबंधी शिकायत पर डीडीपीओ ने सहकारिता मंत्री को अवगत करवाया कि इस रास्ते का हाईकोर्ट से स्टे लगा हुआ है। हाईकोर्ट से स्टे हटने के उपरांत ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस पर मंत्री ने डीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे आगामी सप्ताह तक रास्ते की पैमाइश अवश्य करवा दें। पलवल के रहने वाले सुरेंद्र कालरा की पोस्टमास्टर पलवल के खिलाफ शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने संबंधित एसडीएम से मामले की जांच करवाने और पोस्टमास्टर का पब्लिक के प्रति व्यवहार कुशल न होने के एवज में उनके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। गांव कांवरका निवासी विपन की बिजली बोर्ड संबंधी शिकायत पर सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने संबंधित जिम्मेवार अधिकारी को चार्जशीट करने के कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा धतीर के रहने वाले नवल सिंह की खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के खिलाफ शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने अधिकारियों को स्वयं दौरा कर कार्रवाई करने और प्रार्थी को संतुष्ट करने के निर्देश दिए। सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

दबंगों ने दलित दूल्हे की घुड़चढ़ी रोकी

फरीदाबाद। तिगांव इलाके में दलित समाज के दूल्हे की घुड़चढ़ी घर के आगे से निकलने पर गुर्जर समाज के दबंगों ने उसे रोक दिया। जब दलित समाज के लोगों ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। इस दौरान 18 वर्षीय सोनिया पुत्री जगदीश के घुटने में गोली लगी। आनन फानन उसे बल्लभगढ़ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद अब उसका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी देते हुए घायल युवती के पिता जगदीश ने बताया कि वह लोग तिगांव की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में रहते हैं, उनके पड़ोसी सचिन पुत्र कर्मवीर की शादी थी। शाम को घुड़चढ़ी हो रही थी, जो शिव मंदिर तक जानी थी। लेकिन जैसे ही घुड़चढ़ी बाबू पुत्र सुभाष के घर के सामने पहुंची तो बाबू ने घुड़चढ़ी के बीच में आकर जाति सूचक शब्द कहे और घुड़चढ़ी को घर के सामने से निकलने से रोक दिया। इसके बाद भी वह लोग घुड़चढ़ी को आगे ले जाने लगे तो बाबू ने हीरा पुत्र महेंद्र से देसी कट्टा लिया और गोली चला दी, जो उनकी बेटी सोनिया के घुटने के पास जा लगी। जिसका इलाज फिलहाल एक निजी अस्पताल में चल रहा है। शिकायतकर्ता जगदीश ने बताया कि गोली चलाने वाले दबंग हैं, जो कि शराब का भी अवैध कारोबार करते हैं, उनसे उन्हें अपनी जान का खतरा भी है। इसलिए उनके खिलाफ पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करे, उनकी जान की रक्षा करे। फिलहाल इस मामले में तिगांव थाना पुलिस में तैनात जांच अधिकारी समय सिंह ने बताया कि बाबू पुत्र जगदीश और हीरा पुत्र महेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है।

जीवन ज्योति स्कूल के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

पलवल। जीवन ज्योति स्कूल पलवल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक विरेन्द्र गहलौत रहे। प्रबंधक ने नर्सरी कक्षा के नन्हे छात्र-छात्रों के साथ खेल प्रतियोगिताओं के लिए रिबन कटवाकर खेलों का शुभारंभ किया। मुख्य रूप से नर्सरी कक्षा की छात्रा दीप्ति ने मुख्य अतिथि के साथ रिबन काटकर सभी को मंत्रमुग्ध कर अपने साथी छात्र-छात्राओं के साथ दो दिवसीय खलों का बिगुल बजाया। स्पोर्ट्स में भाग लेने वाले वाले छात्र-छात्राओं में निखिल, हर्ष, प्रताप नर्सरी कक्षा में प्रथम स्थान, दीप्ती, नेंसी द्वितीय स्थान तथा गोरस, युग तृतीय स्थान पर रहे। एलकेजी से तन्वी, ध्रुव, डिंपल, देवांक, धनुष्का प्रथम स्थान, साक्षी, आर्यन द्वितीय स्थान, साक्षी, भव्य तृतीय स्थान पर रहे। वहीं यूकेजी से कनिका, वनिष्का प्रथम स्थान, गर्व, अभय द्वितीय स्थान तथा आरव व कनक तृतीय स्थान पर रहे। स्पोर्ट्स गेम्स का संचालन वरिष्ठ डीपी हरिश कुमार, सुनिता चौधरी, हितेष कुमार द्वारा किया गया। स्कूल प्रबंधक विरेंद्र गहलौत ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित कर सभी का उत्साह बढ़ाया और भविष्य में खेल के महत्व का वर्णन कर छात्र-छात्राओं महत्वपूर्ण जानकारी को सांझा किया। स्कूल चेयरमैन बीरपाल गहलौत, प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, अशोक गहलौत ने भी सभी भाग लेने वाले छात्रों को बधाई दी तथा उनका खेलों के प्रति मनोबल बढ़ाया।

स्काउट एंड गाइड शिविर में विद्यार्थियों को दिया प्रशिक्षण

पलवल। भारत स्काउट एंड गाइड्स पलवल के तत्वावधान में रेलवे रोड स्थित शांति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय स्काउट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता संस्था के प्रधानाचार्य योगेश भारद्वाज द्वारा की गई, जबकि संचालन जिला संगठन आयुक्त योगेंद्र कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्य डीओसी कब बुलबुल भारत दहिया, संजू बाला, जिला प्रशिक्षक शारदा पाराशर तथा रेडक्रॉस सोसाइटी प्रशिक्षक महेश मालिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड्स के मूलभूत सिद्धांतों के साथ-साथ आपदा प्रबंधन व प्राथमिक चिकित्सा का भी प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया। स्काउट गाइड के कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य योगेश शर्मा ने कहा स्काउटिंग का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के जीवन को अनुशासित व संयमित बनता है।

विकसित भारत अभियान में भूमिका निभाएगा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय : डॉ. राज नेहरू

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने खाका तैयार करना शुरू कर दिया है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत-2047 आइडियाज पोर्टल का ऑनलाइन लांच करेंगे। अपने आइडिया देने के लिए हरियाणा के सभी सरकारी और गैर सरकारी विश्वविद्यालयों के कुलपति और कुलसचिवों को चंडीगढ़ राजभवन में आमंत्रित किया गया है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस अवसर पर ऑनलाइन माध्यम से अपना संबोधन भी देंगे। हरियाणा के राज्यपाल एवं श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय सभी कुलपतियों और कुल सचिवों को संबोधित कर उन्हें नए आइडिया पर काम करने को प्रेरित करेंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प साकार करने में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की विशेष भूमिका होगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय राष्ट्र हित में इस लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। उन्होंने कहा कि देश का सर्वप्रथम कौशल विश्वविद्यालय होने के नाते श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस सेमिनार में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएगा। चंडीगढ़ राज भवन में होने वाले विकसित भारत-2047 सेमिनार के विषय में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने बताया कि इस सेमिनार में विश्वविद्यालय के लगभग 10 प्रोफेसर और अधिकारी भी भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि सेमिनार में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्वविद्यालयों से जुड़े लोगों को प्रेरित करेंगे, ताकि नए नए विचारों पर आगे बढ़ा जा सके। प्रोफेसर ज्योति राणा ने बताया कि इस सेमिनार में विविध सत्र रखे गए हैं। इनके माध्यम से सब अपने सुझाव दे सकेंगे और नए विचारों का प्रतिपादन भी होगा। प्रोफेसर ज्योति राणा ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय शुरू से ही नवाचार को प्रोन्नत कर रहा है। अभियान में भी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की रचनात्मक भूमिका उल्लेखनीय रहेगी।

भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर किया जा रहा है कार्य : दीपक मंगला

गांव घुघेरा, कारना, डूंडसा व कलवाका में रथ यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाने के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से निरंतर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत की संकल्पना के साथ जोड़ने का भी सकारात्मक प्रयास किया जा रहा है। यह बात विधायक दीपक मंगला ने गांव घुघेरा के राजकीय विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आयोजित किए गए कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा भी लोगों पर लगातार अपनी अमिट छाप छोड़ रही है, जिससे सभी लोगों में विकसित देश के सपने के प्रति एक अलग ही रूझान उत्पन्न होता नजर आ रहा है। इसके अलावा गांव कारना में भी आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने लोगों को अपना शुभ संदेश दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टालों पर दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया और वहां मौजूद लोगों से फिडबैक भी लिया। इस दौरान उन्होंने गांवों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया और हमार संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए जरूरतमंद लोगों को सुविधा एवं योजनाओं का लाभ पहुंचना जरूरी है और इस यात्रा के माध्यम से इस कार्य को सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार की ओर से इस यात्रा के आयोजन को लेकर लिए गए निर्णय के कारण आज वास्तिविक हकदारों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। हरियाणा सरकार ने परिवार पहचान पत्र बनाकर प्रत्येक जरूरतमंद तक स्वत: योजना का लाभ पहुंचाने का रास्ता खोल दिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला के गांव घुघेरा, कारना, डूंडसा व कलवाका में पहुंचने पर ग्रामीणों ने रथ यात्रा का स्वागत किया।

इसी प्रकार गांव डूंडसा में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी महिंद्र सिंह व कलवाका में सतीश डागर ने उपस्थिति को संकल्प शपथ दिलाई और स्टालों का अवलोकन किया। इसके अलावा कार्यक्रमों में मुख्य अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की लाभपात्र महिलाओं को गैस चूल्हे भेंट किए और उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, बच्चों, कलाकारों व खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रमों में कृषि विभाग के नमो दीदी ड्रोन के कार्य करने की क्षमता का भी अवलोकन किया।

श्री गीता जयंती पर सामूहिक गीता पाठ करके वैश्विक अभियान के भागीदार बनें

फरीदाबाद। सेक्टर-21डी अनखीर चौक स्थित समन्वय मंदिर में श्रीकृष्ण कृपा जिओ गीता परिवार फरीदाबाद के तत्वावधान में आध्यात्मिक विषय, गीता जीवन गीत -हम एक बनें, हम नेक बनें पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए फरीदाबाद की कई सामाजिक धार्मिक संस्थाओं से आए प्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं को दिए संबोधन में आह्वान किया कि मोक्षदा एकादशी 23 दिसंबर को श्री गीता जयंती के अवसर पर सुबह 11 बजे एक मिनट के लिए एक साथ गीता में वर्णित तीन श्लोकों का सामूहिक पाठ करें, ताकि वैश्विक स्तर पर गीता जीवन गीत एक अंतर्राष्ट्रीय अभियान बन सके। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद् गीता में समस्त ग्रंथों का सार निहित है एवं अशांति के वातावरण में शांति की स्थापना के लिए विश्व के अनूठे शास्त्र के अध्ययन, पठन एवं वाचन से जीवन जीने की प्रेरणा मिलेगी। गोविंद बजाज और सुरेंद्र एंड पार्टी ने भगवान राधा कृष्ण पर आधारित भजन गाकर माहौल भक्तिभाव से परिपूर्ण कर दिया। नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड फरीदाबाद से आयी मातृ शक्ति ने गीता के श्लोकों का उच्चारण किया। समन्वय मंदिर के ट्रस्टी महेश बांगा ने मंच संचालन किया एवं संकल्प दिलाया कि गीता जयंती के अवसर पर गीता पाठ का सामूहिक उद्घोष करके वैश्विक रिकॉर्ड बनाने में सहयोग करें।

संक्षिप्त समाचार

छात्रवृति योजना का लाभ उठाने के लिए शीघ्र करें आवेदन

पलवल। उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी संशोधित छात्रवृत्ति योजना-2023-24 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतू इस वर्ष उत्तीर्ण हुए दसवीं कक्षा के सभी वर्गों जैसे-अनुसूचित जाति तथा पिछड़ा वर्ग (ब्लॉक ए व बी) एवं अन्य सभी समुदाय के विद्यार्थी व बारहवीं तथा स्नातक की छात्रवृत्ति हेतू अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों द्वारा छात्रवृत्ति के आवेदन किए गए हैं। जिनमें से बहुत से ऐसे आवेदन भरे गए हैं, जिनके दस्तावेज स्कीम की हिदायत अनुसार पूर्ण नहीं करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनके आवेदन पत्र अपूर्ण हैं व जिला कल्याण कार्यालय द्वारा जिन आवेदनों पर आपत्ति लगाई गई है, वे छात्र अपने आवेदन पर लगी त्रुटि को जल्द से जल्द दूर करवाएं, ताकि योजना का लाभ उठाया जा सके। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के लिए पुराना कोर्ट परिसर स्थित जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय पलवल से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा जिन छात्रों ने अभी तक छात्रवृति हेतू आवेदन नही किया है वे शीघ्र अति शीघ्र आवेदन करके स्कीम का लाभ उठाएं।

ट्रैक्टर ने इनोवा को मारी टक्कर, ड्राइवर की मौत

पलवल। नेशनल हाईवे पर डबचिक पर्यटन स्थल के निकट ट्रैक्टर की टक्कर से इनोवा गाड़ी चालक की मौत हो गई। जबकि, उसमें सवार एक व्यक्ति घायल हो गया। होडल पुलिस ने घायल की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। होडल थाना प्रभारी जसवीर के अनुसार, नगला इंक्लेव फरीदाबाद निवासी रजनीश चावला ने दी शिकायत में कहा कि उसने बल्लभगढ़ बस स्टैंड से वृंदावन जाने के लिए एक इनोवा गाड़ी में लिफ्ट मांगी तो उसने बिठा लिया। गाड़ी में बैठने के बाद चालक से बातजीत हुई तो उसने अपना नाम नरेश प्रताप सिंह बताया। गाड़ी जब नेशनल हाईवे पर डबचिक पर्यटन स्थल को क्रॉस करने के बाद मथुरा की तरफ चली तो एक ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाता हुआ आया और गाड़ी में साइड मार दी। जिससे गाड़ी का संतुलन खराब हो गया और डिवाइडर से जा टकराई, जिससे दुर्घटना में इनोवा चालक नरेश प्रताप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई और वह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर को लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने उन्हें उपचार के लिए होडल के सरकारी अस्पताल भिजवा दिया। अस्पताल में नरेश प्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसका उपचार चल रहा है। अस्पताल पहुंची पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शांति पब्लिक स्कूल में एक दिवसीय स्काउट शिविर आयोजित

पलवल। भारत स्काउट एंड गाइड्स पलवल के तत्वाधान में रेलवे रोड स्थित शांति पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक दिवसीय स्काउट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता संस्था के प्रधानाचार्य योगेश भारद्वाज द्वारा की गई, जबकि संचालन जिला संगठन आयुक्त योगेंद्र कुमार द्वारा किया गया। प्रशिक्षण कार्य डीओसी कब बुलबुल भारत दहिया, संजू बाला, जिला प्रशिक्षक शारदा पाराशर तथा रेडक्रॉस सोसाइटी प्रशिक्षक महेश मालिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट एंड गाइड्स के मूलभूत सिद्धांतों के साथ-साथ आपदा प्रबंधन व प्राथमिक चिकित्सा का भी प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया गया। स्काउट गाइड के कार्यों की प्रशंसा करते हुए प्रधानाचार्य योगेश शर्मा ने कहा स्काउटिंग का प्रशिक्षण विद्यार्थियों के जीवन को अनुशासित व संयमित बनता है तथा विपरीत परिस्थितियों में यह सभी प्रशिक्षण व्यक्ति की जान माल की रक्षा करने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर संस्था की मंगलौर अंतर्राष्ट्रीय जंबूरी में भाग लेने वाली टीम को भी विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पवन शर्मा, वीर सिंह पुनिया सुशील शर्मा आदि कोर कमेटी के मेंबर उपस्थित रहे।

जीवन में गुरु का होना अत्यंत आवश्यक : डॉक्टर तरुण विरमानी

पलवल। एमवीएन विश्वविद्यालय के तत्वावधान से आर्य समाज मंदिर पलवल में महर्षि दयानंद जी की 200वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अरुण गर्ग रहे। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता एमवीएन के डायरेक्टर ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स नरेंद्र विवेक आहूजा और प्रवक्ता डॉक्टर तरुण विरमानी रहे। मुख्य प्रवक्ता नरेंद्र आहूजा ने मन को नियंत्रित करने के उपायों के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के समय में नवयुवक गलत दिशा में चले जाते हैं, जिसके कारण उनका भविष्य अंधकार की ओर चला जाता है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे नवयुवक अपने मन को नियंत्रित करते हुए सही दिशा में कार्य करें तो उनका भविष्य उज्ज्वल होगा और अगर वो गलत दिशा की ओर जाते हैं तो विनाश का कारण भी बन सकते हैं। प्रवक्ता तरुण विरमानी ने कहा कि आज के समय में हमें जरूरत है कि हम सभी खुद को पहचानें। उन्होंने कहा कि अगर हमें अपने जीवन में ऊचाइयों को छूना है तो हमें अपने अंदर से शर्म को त्यागना होगा, ताकि हम सामने वाले के ज्ञान को प्राप्त कर सकें। उन्होंने गुरु की महत्वता पर भी प्रकाश डाला। इसके लिए उन्होंने बहुत उदहारण देते हुए समझाया। इस अवसर पर बीपीटी से डॉक्टर पीयूष, डॉक्टर कार्तिका शर्मा, लैब प्रमुख अशोक द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जहां पर रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच, बीएमआई इत्यादि किया गया।

युवती से दो साल तक किया दुष्कर्म

पलवल। युवती के साथ दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने के साथ ही दो साल तक लगातार युवती को अपनी हवस का शिकार बनाया। हथीन थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी मुकेश कुमार के अनुसार, थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 18 वर्षीय लड़की ने दी शिकायत में कहा कि 22 वर्षीय साजिद नामक युवक ने दो वर्ष पूर्व उसे जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म करते हुए वीडियो बना ली। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने कहा कि यदि उसकी बात नहीं मानी तो वह इस वीडियो को वायरल कर बदनाम कर देगा। जिसके भय से पीड़िता चुप रही और आरोपी के बुलाने पर उसके पास जाती रही। आरोपी दो वर्ष से उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि सात दिसंबर 2023 को वह घर पर अकेली थी, इसी दौरान साजिद, उसका दोस्त नदीम व एक अन्य लड़का उनके घर आए और अश्लील वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसे जबरदस्ती अपने साथ पलवल एक ओयो होटल में ले गए। ओयो होटल में साजिद ने उसके साथ दुष्कर्म किया और रात्रि में करीब तीन बजे उसे वापस घर के नजदीक छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने आपबीती अपने परिजनों को बताई।

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दस एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

संवाददाता। मीरजापुर

भरूहना स्थित संसदीय जनसंपर्क कार्यालय से केन्द्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के दृष्टिगत 102 एम्बुलेंस सेवा के 10 उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस एवं सामान्य जीवन रक्षक एंबुलेंस हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

केंद्रीय मंत्री ने एंबुलेंस को रवाना करने के पूर्व एंबुलेंस में मुहैया सुविधाओं एवं कार्य प्रणाली का जायजा लेते हुये जानकारी प्राप्त की। एम्बुलेंस पर प्रशिक्षित टेकनीशियन तैनात किए गए हैं। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि स्वास्थ्य सुविधा को आसान बनाने के लिये आज यह एम्बुलेंस आप सभी के लिये समर्पित किया जा रहा हैं। पिछले दिनो भी दो एम्बुलेंस को रवाना किया गया था, यह एम्बुलेंस जनपद के विभिन्न ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रो में घूमती रहेगी नम्बर डायल करने पर तत्काल आपकी सुरक्षा कि लिये यह वैन पहुंचेगी। उन्होने कहा कि जनपद में सांसद स्वास्थ्य सेवा शुरू को भारत सरकार के पेट्रालियम और गैस मंत्रालय की भूमिका अहम हैं। जिसमें मंत्री पेट्रोलियम के द्वारा मेरे अनुरोध पर सीएसआर निधि के तहत मोबाइल मेडिकल वैन उपलब्ध कराया।

इसमें सभी के लिये मुफ्त स्वास्थ्य सेवा से सम्बन्धित सभी सुविधाए उपलब्ध हैं। इस वैन के संचालन के लिये निर्धारित रूट चार्ट भी गांव-गाव जाने के लिये बनाया गया है। इसके अन्तर्गत डाक्टरए कम्पाउडर सहित दवाईयां व अन्य सुविधाए रहेगी। उन्होने जनता को आस्वस्थ्य करते हुये कि चिकित्सा के क्षेत्र में आस्वथ्य रहें।

मार्ग दुर्घटना में पशु व्यापारी की मौत, बेटा घायल

कमालगंज फर्रुखाबाद। इटावा बरेली हाईवे पर वाहन की टक्कर से कस्बा मोहम्मदाबाद के मोहल्ला गंगानगर निवासी पशु व्यापारी राम प्रताप यादव की मौत हो गई । जबकि बेटा विशाल घायल हो गया। विशाल अपने पिता राम प्रताप के साथ कारगिल पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने गया था। बेवर की तरफसे आए वाहन चालक ने टक्कर मार दी । राम प्रताप की मौके पर ही मौत हो गई। विशाल को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। डॉक्टर सनी मिश्रा ने विशाल को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। राम प्रताप के तीन पुत्रों में विवेक यादव कानपुर पुलिस विभाग में तैनात है। अचानक घटी दुर्घटना से हुई मौत पर पारिवारिक जनों का रो.रो कर बुरा हाल हो रहा था। क्राइम निरीक्षक निर्भय सिंह ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शब को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है।

भ्रष्टाचार के नए आयाम गढ़ रही है कांग्रेसः ईरानी

संवाददाता। अमेठी

केंद्रीय महिला बाल विकास एवं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी ने आज कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के लोगों और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं देश के हर नागरिक को समृद्धि और सुरक्षित करने का संकल्प लें रहे हैं तो दूसरी तरफकांग्रेस का नेतृत्व भ्रष्टाचार को समर्पित भ्रष्टाचार को नए स्वरूप में किसी नए घोटाले से परिभाषित करने का दुस्साहस कर रहा है।

मीडिया से बात करते हुए स्मृति ने कहा कि इंसान के साथ.साथ मशीन थक गई कांग्रेस के भ्रष्ट नेता के घर से अभी पैसा बरामद हो रहा है भ्रष्टाचार का 200 करोड़ रूपया कांग्रेस के एक भ्रष्ट सांसद के घर से निकला ये गांधी खानदान में किसका एटीएम है प् इस प्रश्न के उत्तर का इंतजार रहेगा कांग्रेस का यह पहला संसद नहीं है जो भ्रष्टाचार में लिप्त है आपको बतला दें कि कांग्रेस के एक सांसद को कोयला घोटाले में न्यायालय ने सजा दे रखी है ऐसा क्यों है जहां घोटाला है वहीं कांग्रेस का नेता है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए स्मृति ईरानी ने आज गांधी नेहरू परिवार का नाम लिए बिना निशाना साधा और कहा कि जिस क्षेत्र में वर्षों वर्ष तक भारत की शीर्ष राजनीति के नेताओं ने राज किया यही की बदौलत सत्ता सुख भोगते रहे पर वहां के विषय में नहीं सोचा।

पल्स पोलियो रैली को हरी झंडी दिखाकर डीएम और विधायक ने किया रवाना

संवाददाता। उरई(जालौन)

राष्ट्रीय पल्स पोलियो महा अभियान 10 दिसम्बर 2023 के सफल संचालन हेतु 09 दिसम्बर 2023 को प्रचार-प्रसार हेतु बैंड-बाजे के साथ जन जागरण रैली जिला चिकित्सालय उरई परिसर से विधायक सदर उरई गौरी शंकर वर्मा एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

एनसीसी केडेटस, नगर क्षेत्र उरई की आंगनवाडी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, आशा कार्यकत्रियों, एवं अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों द्वास उपस्थित रहकर रैली में प्रतिभाग किया। रैली जिला चिकित्सालय प्रांगण से होकर शहीद भगत सिंह चौराहा (मच्छर चौराहा), माहिल तालाब से होकर बजरिया से होते हुये गणेश गंज होकर जिला चिकित्सालय परिसर में समाप्त हुई। विधायक सदर ने सभी को सम्बोधित कर अपील की कि अपने 0-5 वर्ष के बच्चों को पोलियो दवा अवश्य पिलायें, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद वासियो से अपील की कि 10 दिसम्बर 2023 को बूथ दिवस पर अपने एवं अडोस-पड़ोस के 0-5 वर्ष के बच्चो को नजदीकी पोलियो बूथ पर स्वयं लाकर बच्चो को पोलियो दवा अवश्य पिलाये एवं अपने नोनिहालों को विकलांगता जैसे अभिश्राप से मुक्ति दिलायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा ने अपने सम्बोधन में जनपद वासियो, समाज सेवियों, धर्मगुरूओ सें अनुरोध किया कि 10 दिसम्बर 2023 को यूथ दिवस पर शतप्रतिशत 0 से 5 वर्ष के बच्चो को दवा पिलाने हेतु मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा चर्च आदि से बच्चो को दवा पिलाने हेतु समाज को जागरूक एवं प्रेरित करें। अन्त मे जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. देवेन्द्र भिटौरिया ने उपस्थिति सभी अधिकारियोध्कर्मचारियो, रैली में प्रतिभाग करने वाले आगनवाडियो, स्कूली बच्चो एनसीसीसी केडिट आदि अभार प्रकट करते हुये धन्यवाद दिया। बच्चो को पोलियो से वचाना है, दो बूंद जिन्दगी की पोलियो ड्राप पिलाना है। दो बूंद हर वार, पोलियो पर जीत रहे वरकरार। एक ही नारा गूंजे आज, पोलियो मुक्त करो समाज। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एनडी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय उरई पुलिस विभाग के अधिकारियो कर्मचारियो द्वारा यतायात व्यवस्था वनाये रखी।

पूर्व विधायक के मार्केट की दो दुकानों में हुई चोरी

फर्रुखाबाद। पूर्व विधायक के मार्केट में दो दुकानों में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस जाँच कर रही है। नवावगंज थाना क्षेत्र के मंझना में पूर्व विधायक बाबू राजेन्द्र सिंह गंगवार का मार्केट है। जिसमे तरुण बंगाली किराये पर दुकान लिए हैं। जिसमे वह अपनी चिकित्सीय कार्य करते हैं। बीती रात चोरों नें दुकान की पीछे दीवार में लगे जंगले को काटकर दुकान में प्रवेश किया। इसके बाद दुकान की पूजा की अलमारी में रखे एक हजार रूपये साफकर दिये। दूसरी दुकान में मंझना निवासी आकाश कुमार मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान किराये पर चलाता है। उसकी दुकान में पीछे लगे गेट के माध्यम से प्रवेश कर दुकान में रखे तीन टच मोबाइल पुराने, तीन कीपैड मोबाइल, डाटा केबिल के साथ ही 600 रूपये की नकदी चोरी कर ली गयी।

कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल की विधायक निधि से शहीद रवि सिंह एवं शहीद केशरी सिंह के नाम पर स्मारक द्वार का होगा निर्माण

- कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मीरजापुर डीएम को लिखा पत्र

संवाददाता। मीरजापुर

उत्तर प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री आशीष पटेल जी के विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के अंतर्गत छानबे ब्लॉक के जिगना ग्राम में शहीद रवि सिंह स्मारक द्वार एवं हलिया क्षेत्र के पटेहरा ग्राम में शहीद केशरी सिंह स्मारक द्वार का निर्माण किया जाएगा।

प्रदेश के लोकप्रिय कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल जी ने इन दोनों महत्वपूर्ण योजनाओं के तत्काल निर्माण हेतु मीरजापुर की जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र के अनुसार छानबे ब्लॉक के जिगना ग्राम में जिगना फ्लाई ओवर के प्रारंभिक स्थल पर शहीद रवि सिंह स्मारक द्वार का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा हलिया ब्लॉक के पटेहरा ग्राम में शहीद केशरी सिंह स्मारक द्वार का निर्माण किया जाएगा।

शहीद रवि सिंहः-

मीरजापुर के गौरा गांव के लाल रवि सिंह 17/18 अगस्त 2020 को कश्मीर के बारामुला में आंतकवादियों के साथ भारतीय सेना की मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

शहीद केशरी सिंहः-

शहीद केशरी सिंह जनपद के हलिया ब्लॉक के बिलरा पटेहरा गांव के निवासी थे। केशरी सिंह 9 दिसंबर 1971 को बंग्लादेश की मुक्ति के लिए पाकिस्तान के खिलाफ चल रहे युद्ध के दौरान पूरी बहादुरी से लड़ते हुए शहीद हो गए थे।

क्विक न्यूज

रोजगार मेले का हुआ आयोजन

बीजपुर/सोनभद्र। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी, परिसर शक्ति नगर मे शनिवार को बजाज कैपिटल बैढ़न मध्य प्रदेश द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में विभिन्न पाठ्यक्रमों से 27 बच्चों ने साक्षात्कार दिया। साक्षात्कार के बाद कुल 12 बच्चों का चयन किया गया। इस अवसर पर बजाज कैपिटल बैढ़न के ऑपरेटिंग मैनेजर विनोद सहवाल तथा असिस्टेंट मैनेजर फैजल खान ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को तीन दिन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके बाद उनकी जॉइनिंग होगी। इस अवसर पर संस्था के प्रभारी डा.प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि इस तरह के रोजगार मेले का आयोजन हमारे छात्रों का मनोबल बढ़ाएगा तथा भविष्य में कुछ और अच्छा करने की जिज्ञासा को मजबूत करेगा। रोजगार मेले को प्लेसमेंट सेल के डॉ. मृत्युंजय कुमार पांडे, डॉ. दिनेश कुमार, अभिषेक कुमार ने संपन्न कराया। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डा. छोटेलाल प्रसाद ने दी है।

पुलिस ने तमंचे और दो जिंदा कारतूस के साथ युवक को किया गिरफ्तार

अमेठी। जिले की मुसाफिरखाना कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान रेलवे स्टेशन मंदिर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। जिसके पास से एक तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफआर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आवाश्यक कार्रवाई की। बता दे कि शनिवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र में स्थित रेलवे स्टेशन मंदिर के पास एक आरोपी को देखा। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर आवाश्यक कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम रवि निवासी टिकरा जामो अमेठी बताया। वही प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना विनोद कुमार सिंह ने कहा कि उपनिरीक्षक राजेश कुमार तिवारी मय हमराह ने एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस 12 बोर के साथ आरोपी रवि को गिरफ्तार किया है, जिसके खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवकों की मौत

अमेठी। जिले की जायस कोतवाली क्षेत्र के कस्बा निवासी दो बाइक सवार युवकों की वनरोज से टकराने पर मौत हो गई। बाइक सवार दोनो युवक कपड़ा सिलाई का काम करते है। इसी सिलसिले में रोज की भांति शनिवार की सुबह भी गौरीगंज जा रहे थे। काजी पट्टी चौराहे पहुंचने वाले ही थे कि सड़क पार कर रहे वनरोज से बाइक टकरा गई। दुर्घटना में दोनों युवकों की मौत हो गई। कस्बा जायस मोहल्ला खरका निवासी मशहूर जमाल पैन वाले के बेटे नीलू व मोहल्ला मुशर्रफपुर निवासी शब्बीर अहमद पुत्र बचाऊ रोज की भांति शनिवार को भी गौरीगंज कस्बे में कपड़ा सिलने के लिए दुकान जा रहे थे। बताते है कि दोनों युवक लेडीज कपड़ा सिलने के अच्छे कारीगर थे। दोनो युवक सुबह करीब साढ़े 8 बजे के करीब गौरीगंज थाना क्षेत्र के काजीपट्टी चौराहे पर पहुंचने वाले ही थे कि नेशनल हाइवे पार कर रहे वनरोज से बाइक टकरा गई। बाइक टकराते ही दोनो युवक बुरी तरह जख्मी हो गाए। राहगीरों की सूचना पर दोनो घायलों को संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज पहुंचाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही दोनो ने दम तोड़ दिया था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पीएम के लिए भेज दिया है।

ट्रेन से गिरकर यात्री घायल

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के इकारी गांव के समीप एक यात्री चलती ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जानकारी पुलिस को हुई तो घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार ईस्ट दिल्ली की सदर कोतवाली क्षेत्र के शारदा कालोनी निवासी मो. अजहर का 35 वर्षीय पुत्र मो. कामिर आलम ट्रेन से कही जा रहा था। तभी वह चलती ट्रेन से थरियांव थाना क्षेत्र के इकारी गाँव के समीप गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो पुलिस ने सरकारी 108 एम्बुलेन्स से उसको इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर घायल को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

अवैध तमंचा संग धरा गया युवक

कोंच(जालौन)। कोतवाली के खेड़ा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चन्देल अपने हमराही कांस्टेविल प्रशांत कुमार के साथ शांति व्यबस्था जुर्म जरायम रोको अभियान के तहत गस्त पर मामूर थे और पंचानन चौराहे से गुजर थे तभी सड़क किनारे खड़े एक युबक पर पुलिस की नजर पड़ी जिससे वहां पर खड़े होने का कारण पूंछा तो उक्त सकपका गया और पुलिस को शक होने पर उक्त की तलाशी लेने पर उसके पास से एक अदद तमंचा 315 वॉर एवं एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ पुलिस द्वारा उक्त का नाम पूंछे जाने पर उसने अपना नाम राघवेंद्र पुत्र अर्जुन सिंह निवासी मुहल्ला पटेल नगर बताया जिसे पुलिस पकड़ कर कोतवाली ले आयी जहां पर पुलिस ने उक्त के खिलाफधारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट में मुकद्दमा दर्ज कर चालान कर दिया।

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन पर हुई शोक सभा

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

आधुनिक रेल कोच कारखाना लालगंज रायबरेली में आरेडिका क्षत्रिय महासभा द्वारा राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की आत्मा की शांति के लिये वर्कर्स क्लब में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया स जिसमे आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में राजपूत क्षत्रिय परिवार के लोगों ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को श्रद्धांजलि दी और शोक सभा भी हुई। इस अवसर पर रायबरेली जनपद के क्षत्रिय समाज के अगुवाकार और मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कहा कि परमात्मा उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे एवं इस दुख की घड़ी में ईश्वर उनके परिवार को उनकी मौत से हुई पीड़ा से उभरने की शक्ति प्रदान करे। रेल कोच मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल ने कहा कि दिवंगत सुखदेव सिंह क्षत्रिय समाज ही नहीं वरन् हिंदू वादी नेता थे। करणी सेवा संगठन को उन्होंने पूरे भारत में स्थापित करने का कार्य किया था। साथ ही उन्होंने क्षत्रिय समाज को एक सूत्र में पिरोने के साथ-साथ समाज को मजबूत करने का काम भी किया है। उनके निधन से संगठन को भारी छति पहुंची है। उन्होंने प्रदेश सरकार और भारत सरकार से मांग करते हुए कहा है कि उनके हत्यारे को तुरंत पकड़ा जाये और उन्हें कड़ा दंड दिया जाए। इस अवसर पर राजपूत क्षत्रीय परिवार के आदर्श सिंह बघेल, सुनील प्रताप सिंह, करतार सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, संदीप सिंह, तेजभान सिंह, प्रशांत सिंह, पंकज सिंह, अरविंद सिंह, संजय सिंह, सुधीर सिंह, कुणाल सिंह, रितेश सिंह, ओम सिंह, रजनीश सिंह, मुकेश सिंह आदि ने राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारत विकास संकल्प यात्रा में लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी ने लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र और गिनाईं सरकार की उपलब्धियां

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली

लोकसभा प्रभारी और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कुमार तिवारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मैनाहार कटरा और मदा खेड़ा गांव पहुंचकर कहा कि मोदी और योगी सरकार की गारंटी है कि भारत गरीबी मुक्त होगा व विकसित भारत बनेगा। भारत के विकास के लिए मोदी ही गारंटी है। लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा है कि हमारा देश विकसित बने और जब सब विकसित होंगे तभी भारत विकसित होगा ।उन्होंने कहा कि सरकार की सारी योजनाएं गांव गरीब के लिए है। भारत संकल्प यात्रा के रूप में सरकार आपके द्वार खड़ी है ।मोदी सरकार की सारी योजनाएं का लाभ धरातल पर बिना बिचौलिए के सबको मिल रहा है। केंद्र सरकार की जनहित की योजनाओं के चलते ही भारतीय जनता पार्टी ने राजस्थानए मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अभूतपूर्व विजय प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि अभ्युदय कोचिंग के माध्यम से हम गांव गरीब के बच्चों को नौकरी पाने में भी सहायता कर रहे हैं। कौशल विकास के तहत बच्चे निपुण बनाए जा रहे हैं। जन सेवा केंद्रो के माध्यम से गांव गरीब की जनता ऑनलाइन आवेदन करके सरकार की सभी सुविधाओं को प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम के दौरान एलईडी वैन से भारत सरकार की योजनाओं और प्रधानमंत्री के संदेश को लोगों को बताया गया। सरकारी विभागों के स्टार लगाकर लोगों को जन सुविधा उपलब्ध कराई गई । पूर्व मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि अब केंद्र की मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए संसद में भी आरक्षण लागू कर दिया है। निश्चित रूप से आने वाले समय में महिलाएं भी भारत के विकास में जोरदार ढंग से अपनी भागीदारी निभाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनता से जुड़े हुए व्यक्ति हैं और उन्हें जनता की तकलीफों की पहचान है। जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए भारत संकल्प यात्रा गांव गांव पहुंच रही है। भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गरीब मजदूर को मिली तीन लाख बीस हजार भुगतान की नोटिस

संवाददाता। फतेहपुर

- अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहा विद्युत विभाग
- नोटिस मिलने पर हैरान व परेशान है मजदूर का परिवार

जिले में बिजली विभाग का एक अजीबो गरीब कारनामा देखने को मिला। विभाग ने मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करने वाले व्यक्ति को तीन लाख उन्नीस हज़ार नौ सौ तिरानवे रुपये का बिजली बिल का बकाया भुगतान करने के लिए आरसी नोटिस भेज दी है। जिसमें लिखा है कि जमा न करने पर भूराजस्व के रूप में वसूली की जायेगी। जिसके बाद से मज़दूर के घर के सभी लोग काफी हैरान और परेशान हैं। शिकायत के बाद भी अधिकारी सुनने को तैयार नहीं हैं।

बता दें कि चौडगरा पावर हाउस के रसूलपुर पधारा गांव के रहने वाले ननकू काफी गरीब हैं और मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उन्होंने पांच वर्ष पहले घरेलू बिजली का एक किलो वाट का कनेक्शन लिया था। कई बार बिजली का बिल भी जमा कर चुके हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों का कारनामा देखिये कि इस गरीब के घर पर तीन लाख बीस हजार का एक बिजली बिल बकाया का नोटिस भेज दिया।

जिससे परिवार के सभी लोग परेशान है। चिंता सता रही है कि यह बिल कहां से जमा करेंगे। पीड़ित का कहना है कि उनके पास तो कुछ भी नही है। पेट पालने के लिये दो जून की रोटी मजदूरी कर जुटाते हैं। पूरे इलाके में भी इस बिल के नोटिस की चर्चा जोरों पर है।

पीड़ित का कहना है कि जब से यह नोटिस मिली है तब से वह लोग परेशान हैं। उनके पास खाने और रहने का भी ठिकाना नहीं है। बिजली विभाग के अधिकारी कुछ भी नहीं सुन रहे हैं। रोजाना विभाग के चक्कर लगा रहे हैं कि बिल में सुधार हो जाये। इतना पैसा कहां से ला पाएंगे। इस मामले में बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता मुकेश के रिपोर्ट लगाने के बाद भी एसडीओ द्वारा पूरा बिल जमा करने का दबाव गरीब पर बनाया जा रहा है। युवा विकास समिति के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि यदि गरीब ननकू को इंसाफ न मिला तो संगठन आंदोलन के लिए तैयार है।

सीडीओ ने पल्स पोलियो जागरूकता रैली को किया रवाना

संवाददाता। फतेहपुर

पल्स पोलियो दिवस अभियान की सफलता के लिए शनिवार को जिला अस्पताल प्रांगण से मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जन जागरूकता रैली को फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं व एनसीसी कैडेटों ने दो बूद जिंदगी के नारे लगाए। रैली आबूनगर पुलिस चौकी के पीछे से बिंदकी बस स्टॉप होते हुए जिला अस्पताल पहुंचकर समाप्त हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कल (आज) होने वाले बूथ दिवस पर लगाये गये अधिकारी, कर्मचारी तैनाती बूथ पर समय से पहुंचकर बच्चों को पल्स पोलियो की दो बूंद दवा पिलायें व पल्स पोलियो को देश से भगाये। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की बूथों पर निगरानी हेतु ड्यूटी लगायी गयी हैं वो निरंतर भ्रमण करके शत प्रतिशत बच्चों को दवा पिलवाएं। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि 10 दिसंबर रविवार को प्रातः नौ बजे से अपरान्ह चार बजे तक 1280 बूथों के माध्यम से 437697 लछित बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी जायेगी।

इसके लिए ट्रांजिट टीमों की संख्या 42, घर-घर टीमों की संख्या 884, पर्यवेक्षक की संख्या 256, ईंट भट्टो एवं घुमंतू परिवार हेतु सचल टीमों की संख्या 39 है। उन्होंने बताया कि 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक ए टीम, 18 दिसंबर से बी टीम घर-घर जाकर बूथों से छूटे बच्चों को दवा पिलायेंगे। अभियान हेतु प्राप्त वैक्सीन 548000 बीओपीवी है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा जिला सूचना अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कान्हा गौशाला निर्माण के लिए 82 लाख रुपए आवंटित

संवाददाता। कालपी(जालौन)

विधायक विनोद चतुर्वेदी की पहल पर कालपी नगर में स्वी.त 1 करोड़ 65 लाख रुपए की परियोजना आधुनिक कान्हा गौशाला के निर्माण के लिये 82 लाख रुपए की धनराशि आवंटित हो गयी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो कान्हा गौशाला तैयार करने पर काम जल्द शुरू किया जायेगा।

विदित हो कि नगर पालिका परिषद कालपी के द्वारा नगर के मोहल्ला आलमपुर में गौशाला का संचालन कराया जा रहा है, जिसमें सीमित संसाधन है। गायों के सही रखरखाव तथा भवन बनाने के लिए लोगों के द्वारा कई बार मांग उठाई जाती रही है। गत महीने विधायक विनोद चतुर्वेदी के द्वारा आलमपुर गौशाला का निरीक्षण किया था। आलमपुर गौशाला को कान्हा गौशाला का दर्जा दिलाने के लिए लोगों ने मांग प्रस्तुत की थी। विधायक ने कान्हा गौशाला के निर्माण कराने के लिए नगर विकास मंत्री ए.के शर्मा तथा शासन के उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा था। विधायक के द्वारा शासन स्तर पर पहल की गई।

नगर विकास मंत्री एके शर्मा से भी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कान्हा गौशाला निर्माण के लिए अनुरोध किया गया। उन्होंने बताया कालपी में शासन स्तर पर 1 करोड़ 65 लाख रुपए कान्हा गौशाला निर्माण के लिए मंजूरी मिल गई है। नगर विकास मंत्रालय के अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया है कि शासन स्तर से कालपी में कान्हा गौशाला निर्माण के लिए स्वी.त हो चुकी है तथा प्रदेश की कालपी सहित 5 नगरीय निकायों अयोध्या, गौतम बुद्ध नगर आदि में प्रति कान्हा गौशालाओं के निर्माण के लिए एक करोड़ 65 लाख रुपए के हिसाब का प्रोजेक्ट स्वी.त हो चुका है तथा 50-50 फीसदी धनराशि निकायों को आवंटित कर दी गई है।

कान्हा गौशाला में पांच सौ गौवंशो के ठहराव, आश्रय के लिए चारा गोदाम, टीन शेड, वेटनरी क्लीनिक, भूसा कटल शेड, सर्वेन्ट क्वार्टर, चरहई, नाली निर्माण कार्य, सबमर्सिबल पम्प, बाउंड्री बॉल,आधुनिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। उन्होंने बताया कि कान्हा गौशाला के लिए शासन के द्वारा कार्यदाई संस्था नगर पालिका परिषद कालपी को पहली किस्त के रूप में 82 लाख रुपए आवंटित की गई है। उन्होंने उम्मीद जताई के सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो जल्द ही आधुनिक कान्हा गौशाला निर्माण कार्य पूरा करा लिया जायेगा।

राजनीति बन गई शगल

अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने के बाद राजनीति का चोला ओढ़ना तो अब धीरे-धीरे यूपी की ब्यूरोक्रेसी व खाकी के अफसरों का शगल बनता जा रहा है। जिसे देखो रिटायर होते ही राजनीतिक दलों का दामन थामने में जरा भी देर नहीं लगा रहा। अभी बीते दिनों ही डीआईजी के पद से रिटायर हुए दो अधिकारी अलग-अलग दल का झंडा थाम चुके हैं। इन सबके बीच कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें अपने पसंदीदा दल से खास तव्वजो (जैसी वह चाहते थे) न मिलने पर सीधे अपना ही राजनीतिक दल इजाद कर मैदान में ताल ठोकते नजर आते हैं। खाकी के एक ऐसे ही बड़े अफसर हैं। जो महकमे के सर्वोच्च पद से रिटायर हुए। कोई दल तो नहीं ज्वाइन किया अलबत्ता अपनी निष्ठा जरूर भगवा दल के प्रति प्रदर्शित की। एक आयोग का सर्वेसर्वा भी बना दिए गए पर संतुष्ट न हुए। निराश होकर अब अपना खुद का राजनीतिक दल बना लिया है और जिस क्षेत्र की धरती से आते हैं उसे अलग प्रदेश का दर्जा दिलाने के के आंदोलन में जुट गए हैं।

भारी पड़ रही साहब की सक्रियता

साहब की सक्रियता से मातहत परेशान हो गए हैं। अभी तक तो साहब को प्रभावित करने के लिए उनके आदेशों पर धरती आसमान एक कर देने वाले मातहतों को अब साहब फूटी आंखों नहीं भा रहे हैं। बड़े साहब की सक्रियता, कई बाबुओं और अभियंताओं की जेब पर भारी असर डाल रही हैं। जहां देखों वहीं साहब पहुंच जाते हैं, जिससे अफसरों के रौब में खासा असर पड़ रहा है। सफाई हो या सड़क निर्माण, साहब अचानक स्वयं आ धमकते हैं, ऐसे में कभी बिना बच्चों से मिले ही मातहतों को घर से बाहर रहना पड़ता है तो वहीं साग सब्जी का खर्चा भी खुद ही उठाना पड़ रहा है। कई अफसर यहां तक कहते नजर आए कि भाई अब तो अवकाश के दिनों में भी नींद पूरी नहीं होती है, जिससे पूरे दिन मनहूसियत छायी रहती हैं। यह मनहूसियत चेहरे और जेब दोनों पर भारी पड़ रही है। मौज तभी रहती है, जब साहब का दौरा दिल्ली या कोई और कारण से कई दिन मुख्यालय में साहब की अनुपस्थित रहती हैं। जो मातहत पहले सर जी, सर जी कहते थकते नहीं थे, अब उन्हें अब पीछा छुड़ाना भी मुश्किल पड़ रहा है।



छलक ही गई खुशी

प्रदेश के सबसे पुराने और अव्वल विश्वविद्यालय में उसका सबसे बड़ा समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में जहां छात्रों को मिलने वाली खुशियां तो दिख ही रहीं थीं वही मंच का संचालन कर रही मैडम इस अवसर पर तीन दिन पूर्व मिले प्रमोशन की खुशी को न छिपा सकीं। संचालन के दौरान मंच से ही उन्होंने खुशी का राज पर्दाफाश कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्षो से उनकी जो अभिलाषा रही उस मांग को मुखिया ने पूरा कर दिया। जिसके लिए वह दिल से शुक्रिया अदा कर रही हैं। उनके इस हाव भाव को देख समारोह के पंडाल में मौजूद सभी शिक्षक और छात्र अपनी हंसी नहीं रोक सके। प्रमोशन पाई मैडम की नियुक्ति पूर्व में विवादों में रही हैं लेकिन मुखिया का उन पर आशीर्वाद है। और यह प्रसिद्ध है कि जो मुखिया के साथ है उसके लिए वह किसी भी एलओसी को भी पार करते हैं। मुखिया की यही प्रवृत्ति मैडम के प्रमोशन की वजह बन गई।

मिला मौका तो जड़ने लगे चौका

बड़े दिनों बाद दिखाई दिए। ईद का चांद हो गए थे। शायद कहीं मौका नही मिल रहा था, वैसे लाल टोपी वाली पार्टी ने इन्हें प्रवक्ता का पद दिया था जिसे ये ठीक से चला नहीं पाए। मुखिया के एक कार्यक्रम में शनिवार को इन्हें आखिरकार मंच मिल ही गया, फिर क्या था बोलते-बोलते जुंबा थक ही नहीं रही थी। ढूंढ-ढूंढ कर उर्दू के शब्द निकाल रहे थे, जैसे कोई तकरीर हो, या फिर कोई रेडिया चैनल मिल गया हो। शब्द तो जैसे मुंह (तरकश) में भरे रहते हैं, लो फिर शब्दों के बांण। ये महोदय बोलते-बालते सुरंग बंद होने की कहानी से लिफ्ट बंद होने के किस्से पर आग गए। वक्ता महोदय ने कहा आप में से किसी न किसी को लिफ्ट में बंद होने का एहसास तो होगा ही। फिर क्या था लाल टोपी वाली पार्टी के मुखिया के चेहरे पर मुस्कराहट आ गई क्योंकि वे भी अपनी सरकार के दौरान लिफ्ट में बंद हो चुके थे। इस पर मुखिया महोदय मुस्करा कर वक्ता की तरफ देखने लगे और इशारे में पूछा क्या मुझपर कमेंट कर रहे हो।

संवेदनशील सरकार में होती है गरीब-कमजोर की सुनवाई: योगी

पायनियर समचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

सामूहिक विवाह समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री, नव दम्पतियों को दिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो गरीब-कमजोर लोगों की सुनवाई होती है। उन्हें बिना भेदभाव के पूरी पारदर्शिता के साथ शासन की योजनाओं का लाभ मिलता है। केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार ऐसी ही संवेदनशील सरकार है। यह सरकार बिना भेदभाव शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ तो पहुंचा ही रही है, जन सहयोग से समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का भी प्रयास कर रही है।

सीएम योगी शनिवार को महंत दिग्विजयनाथ पार्क में 1500 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का कार्यक्रम डबल इंजन सरकार के प्रयासों और सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार का आयोजन है। दहेज की कुरीति से कई गरीब परिवार विवाह के पवित्र यज्ञ से वंचित हो जाते थे। बाल विवाह से पूरी तरह छुटकारा पाने के साथ दहेज के अत्याचार को समाप्त करने की दिशा में यह आयोजन अभिनव प्रयास है। उन्होंने कहा कि हमें समाज में किसी भी ऐसी कुरीति को पनपने नहीं देना है जो समाज के विकास में बाधक हो।

आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक करीब तीन लाख शादियां करा चुकी है। 2017 के पूर्व प्रति जोड़े विवाह पर 31 हजार रुपए खर्च किए जाते थे बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार रुपए कर दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है और इस निमित्त हर जरूरी कदम उठा रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मातृ वंदना जैसे कई कार्यक्रम महिलाओं की सुरक्षा व प्रेरणा की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। महिला सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने संसद में एक नया विधेयक भी पारित किया है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत व नगर निकायों की तर्ज पर संसद व विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के प्रयासों का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश में 01 करोड़ 75 लाख तथा देश में 9 करोड़ 60 लाख महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ मिल रहा है। अब तो इस योजना के तहत होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर मिलना भी शुरू हो चुका है। उन्होंने गरीबों को मकान, शौचालय, आयुष्मान कार्ड देने की योजनाओं को उन्हें गरीबी से उबारने के साथ महिला सशक्तिकरण के अभियान का हिस्सा बताया। सीएम योगी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को और मजबूती देने के लिए उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई तक 15000 रुपए का पैकेज उपलब्ध कराया जाता है। नए वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 25000 रुपए कर दिया जाएगा। बेटी की पढ़ाई तो मुक्त होगी ही, उसके अन्य खर्चो के लिए भी इस योजना से राशि मिल जाएगी।

सीएम योगी ने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। कहा कि किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है जहां मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करनेए नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1500 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिन्दू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री ने उनके सुखमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से दस नवयुगलों को प्रमाण पत्र और उपहार-शगुन किट भेंट किया। प्रमाण पत्र देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया।

यूं ही नहीं है बच्चों को अपने सीएम योगी पर नाज

- सर्किट हाउस से सटे अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए स्कूली बच्चों से मिले मुख्यमंत्री
- सीएम ने किया इशारा तो हेलिकॉप्टर के पास आए बच्चे, हाथ मिलाया, दुलार किया चॉकलेट भी दिया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

अनुशासित शासन व्यवस्था के लिए देश-दुनिया में ख्याति बटोरने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यक्तित्व का एक खास पहलू है, बाल प्रेम। देश के भविष्य के बीच सीएम योगी, वर्तमान के अपने निजी व्यस्तता में भी समय निकाल ही लेते हैं। प्रोटोकॉल से इतर मुलाकात, प्यार-दुलार, आशीर्वाद के बीच बच्चों ने कोई ख्वाहिश की तो उसे भी अभिभावक बनकर पूरा करना उन्हें आत्मीय संतोष देता है। तभी तो बच्चों को भी अपने सीएम योगी पर नाज है। योगी आदित्यनाथ के बाल प्रेम और बच्चों को उन पर गर्व की अनुभूति का एक संगम शनिवार सुबह गोरखपुर में देखा गया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से मुलाकात तो की ही, चॉकलेट देकर हेलिकॉप्टर के बारे में उनकी जिज्ञासा को भी तृप्त कराया।

शनिवार सुबह गोरखपुर सर्किट हाउस परिसर के हेलिपैड पर प्रोटोकॉल और सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद थी। इसी बीच जैसे ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर यहां लैंड हुआ, परिसर से सटे और एक बंद गेट से उस पार पड़ने वाले अंबेडकर पार्क में पिकनिक मनाने आए दो स्कूलों के बच्चों का उत्साह और उल्लास आसमान छूने लगता है। हवा में लहराते सैकड़ों बच्चों के हाथ देख और बाल कंठ से समवेत गुंजित अभिवादन की आवाज सुन सीएम योगी पहले से तय कार्यक्रम स्थल की बजाय मुस्कुराते हुए बच्चों के पास पहुंच जाते हैं।

फिर वही सिलसिला जो मुख्यमंत्री को अलहदा बनाती है। बाल प्रेम, बच्चों के लिए प्रोटोकॉल से बेपरवाह। अंबेडकर पार्क के बंद गेट के पास बच्चों को प्यार-दुलार, गिफ्ट में चॉकलेट, खूब पढ़ने का आशीष तो जमकर हंसी ठिठोली भी। अकस्मात इस आत्मीय मुलाकात-संवाद के बीच बंद गेट से कई बच्चे मुख्यमंत्री की तरफ हाथ बढ़ा देते हैं और सीएम भी बिना पल गंवाए अभिभावक सरीखे होकर उनके हाथ थाम लेते हैं। इस बीच कई बच्चों ने मुख्यमंत्री के समक्ष हेलिकॉप्टर के बारे में नजदीक से जानने की इच्छा व्यक्त की। इस पर सीएम योगी ने पायलट और अधिकारियों से कहा कि बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाएं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अधिकारियों ने बच्चों को नजदीक से हेलिकॉप्टर दिखाया जहां बच्चों की फोटो भी खींची गई। सभी बच्चों को अधिकारियों ने चॉकलेट गिफ्ट किया। मुख्यमंत्री से मिलने वालों में स्प्रिंगर पब्लिक स्कूल बरगदवा एयर एसआरजी लिटिल एंजेल चरगांवा के बच्चे शामिल रहे।

जयंत चौधरी ने फिर दोहराया इंडिया गठबंधन के साथ रहने का संकल्प

- 23 तक स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट न लागू होने पर 26 को लखनऊ में धरना देने का किया ऐलान
- 7 जनवरी को मेरठ में युवा ससंद का आयोजन करने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह ने एक बार फिर इंडिया (आईएनडीआईए) गठबंधन के साथ रहने के संकल्प को दोहराया है। उन्होंने एक तरफ 7 जनवरी को मेरठ में युवा संसद के आयोजन की घोषणा की वहीं दूसरी तरफ 23 दिसंबर (चौधरी चरण सिंह की जयन्ती) तक स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू नहीं किए जाने एवं किसानों को उनकी उपज का डेढ़ गुना लाभकारी मूल्य न दिए जाने की स्थिति में 26 दिसम्बर को लखनऊ में धरना आयोजित करने का ऐलान किया है। जयंत शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, विधायक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, मण्डल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने की। इस मौके पर जयंत ने कहा कि गन्ने के रस से इथेनॉल उत्पादन पर रोक किसानों पर मार है। प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध से किसानों की कमर टूट रही है और सरकार किसानों को 14 दिन में गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि उक्त अवैधानिक कार्यो के विरुद्ध सत्तारूढ दल से संघर्ष में आम जनमानस एवं मीडिया को भी अपना योगदान सुनिश्चित करना होगा। जयंत चौधरी ने इको गार्डन में धरने पर बैठे शिक्षकों को नियुक्ति न दिए जाने पर सरकार को जमकर घेरा और शिक्षकों को उनके संघर्ष में सड़क से संसद तक साथ देने की घोषणा की। राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने सत्ता प्राप्ति के लिए संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए इंडिया गठबंधन में रालोद को महत्वपूर्ण घटक होने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि जयंत चैधरी राजनीति का उभरता सितारा है जिनकी सर्व समाज में स्वीकार्यता है।

नवंबर में 116445 बार हुई बसों की जांच, 29 लाख शमन शुल्क वसूला

लखनऊ। योगी सरकार उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को समृद्ध बनाने के लिए प्रयासरत है। निगम से संचालित बसों के पारदर्शी संचालन के लिए योगी सरकार की तरफ से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं प्रतिमाह निगम के प्रवर्तन दलों द्वारा नियमित जांच की जाती है। इसी क्रम में नवंबर 2023 में प्रवर्तन दलों द्वारा यूपीएसआरटीसी द्वारा संचालित बसों की कुल 116445 बार जांच की गई। इस दौरान जांच दल ने करीब 29 लाख (28 लाख 88 हजार 506 रुपए) का प्रशमन शुल्क वसूला। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन अशोक कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में जांच दल द्वारा यूपीएसआरटीसी की संचालित बसों की जांच की जाती है। इसमें बिना टिकट यात्री, बिना बुक भार वहन, चालक/परिचालक की अल्कोहल टेस्ट आदि जांच होती है। प्रधान प्रबंधक प्रवर्तन ने बताया कि नवंबर में जांच दलों (मुख्यालय नियंत्रित टाटा सूमो प्रवर्तन दल, इंटर सेंटर दल एवं क्षेत्रीय प्रवर्तन दल) द्वारा जांच के दौरान कुल 4455 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जबकि 125.42 टन बिना बुक भार पकड़ा गया।

अमेरिका की तर्ज पर बैलट से पड़ने चाहिए वोट: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि देश की जनता को ईवीएम पर भरोसा नहीं रह गया है, इसलिए अमेरिका की तर्ज पर बैलट से वोट पड़ने चाहिए। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के मुकाबले के लिए सबको साथ लेते हुए आगे बढ़ेंगे। साथ ही कहा कि वर्ष 2022 के चुनाव में हमने यादवों और मुस्लिमों के वोट काटे जाने से संबंधित 18 हजार शपथपत्र चुनाव आयोग को भेजे, पर एक भी अफसर पर आयोग ने कार्रवाई नहीं की। अखिलेश ने कहा कि हमारी मांग है कि हमारे यहां चुनाव बैलट पेपर से हों।

यह बात सपा मुखिया ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। अखिलेश ने इंडिया गठबंधन से संबंधित सवाल के जवाब में कहा कि पहले दिन से सपा का लक्ष्य भाजपा का मुकाबला करना रहा है। इसलिए भाजपा को हराने के लिए सभी लोगों का सम्मान करते हुए और उनका साथ लेते हुए आगे बढ़ेंगे। अखिलेश ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि कन्नौज में शनिवार को ही सर्वर डाउन कर दिया गया, ताकि वोट न बन सकें। हंगामा करने पर चार घंटे बाद सर्वर खोला गया। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता जाने पर सवाल किया कि कन्नौज के सांसद ने पुलिस को सरेआम गाली दीं। क्या उनकी सदस्यता नहीं जानी चाहिए थी।

कांग्रेस सांसद के यहां से 250 करोड़ रुपये की बरामदगी पर कहा कि कानपुर में इत्र व्यापारी के यहां से जो रकम बरामद हुई, आधी रकम वापस देकर प्रकरण पर विराम लगा दिया। यह रकम भाजपा वालों की थी। अब इस मामले में भी ऐसा ही होगा। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि तब कानपुर के इत्र व्यापारी को सपा से जुड़ा बताया गया था, चुनाव आ गया है इसलिए उसकी आधी रकम हमें भिजवा देनी चाहिए।

मऊ हादसे में मरने वालों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के जनपद मऊ में घोसी थाना क्षेत्र के कस्बा में शुक्रवार को शादी समारोह के बाद होने वाले कार्यक्रम के दौरान दीवार गिरने से मलबे में दबकर छह लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिवार को दो-दो लाख रुपए और घायलों को पचास-पचास हजार रुपए देने का ऐलान किया है। उल्लेखनीय है कि घोसी थाना क्षेत्र कस्बा के अस्करी स्कूल के पास रहने वाले बृजेश के घर पर हल्दी रस्म मनाने के लिए गांव और रिश्तेदारों संग गांव की महिलाएं जा रहीं थीं। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाली जर्जर दीवार अचानकर भरभराकर गिर गई। मलबे के नीचे कई लोग दब गए। चीख-पुकार मच गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों और जेसीबी के सहयोग से मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी।

राम मंदिर तक बन रहे फोर लेन का 90 प्रतिशत काम हुआ पूरा

लखनऊ/ अयोध्या। जैसे-जैसे अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम नजदीक आ रहा है, प्रदेश की योगी सरकार द्वारा अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुगम यातायात बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। राम मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुगम पहुंच के लिए बनाए जा रहे विभिन्न पथों के निर्माण में तेजी दिख रही है। इन्हें अब अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात काम हो रहा है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 27 से मोहबरा व टेढ़ी बाजार होते हुए राम मंदिर तक बनाए जा रहे फोर लेन का कार्य भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व फोरलेन का निर्माण पूरा हो जाएगा।

कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का उद्देश्य सिर्फ भ्रष्टाचार: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि जनता के सामने कांग्रेस के भ्रष्टाचार और उसके नेताओं द्वारा एकत्र किए गए काले धन का एक और मामला सामने आया है। उन्होंने कहा कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी में 200 करोड़ रूपए से अधिक की नकदी बरामद होने के बाद यह साफ हो चुका है कि कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन के साथी दलों का उद्देश्य सिर्फ भ्रष्टाचार है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने यह बात शनिवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशन खोरी, लूट-खसोट और दलाली की गारंटी है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है जो भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत उसके गठबंधन ने जनता से जो लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह पीएम मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी। उन्होंने कहा कि अगर एक कांग्रेसी सांसद के पास 200 करोड़ रूपए की नगदी पकड़ी गई, तो बाकी सभी कांग्रेस सांसदों के पास कितनी नकदी होगी। इस हिसाब से गांधी परिवार विश्व का सबसे भ्रष्टाचारी परिवार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है। कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला नोटों के पहाड़ की गिनती जारी है। उन्होंने कहा कि मोहब्बत की दुकान की एक फ्रेंचाइजी के गल्ले में 200 करोड़ के नोट मिले हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का जनप्रतिनिधि होगा, वहां इस बात की गारंटी है कि वह भ्रष्टाचार अवश्य ही करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे घोटाले और भ्रष्टाचार के सेंटर का नाम यदि 'गांधी परिवार करप्शन सेंटर' रख दिया जाए तो यह गलत नहीं होगा क्योंकि ऐसे सभी कामों की ट्रेनिंग उन्हीं के द्वारा दी जाती है। उन्होंने कहा कि इंडी एलायंस यानी घमंडिया गठबंधन के नेता भ्रष्टाचार करके लूट खसोट करते हैं और जब ईडीए सीबीआई और आईटी जैसी जांच एजेंसी अपना काम करती हैं, तो सारे भ्रष्टाचारी नेता एक होकर जांच एजेंसियों पर आरोप लगाने लगते हैं।

भ्रष्टाचार की काली कमाई से कांग्रेस नेता अपनी जेब भर रहे हैं और यह सारा पैसा गांधी परिवार की तिजोरी तक जाता है। यह सारा पैसा जनता की गाढ़ी कमाई का है, जिससे कांग्रेस के नेता अपने घर भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बहुत आश्चर्यजनक है कि खड़गे, सोनिया गाँधी और राहुल गांधी इन मामलों में चुप्पी साधे बैठे हैं। उन्होंने कहा कि घमंडिया गठबंधन के नेता भारत की अर्थव्यवस्था, गरीबों की कमाई और नागरिकों के अधिकारों को दीमक की तरह खा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी, आप, टीएमसी सहित इंडी एलायंस के दल आज भ्रष्टाचार का पर्याय बन गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रश्न उठाया कि क्या कारण रहा कि चतरा से 2 बार लोकसभा का चुनाव हार चुके धीरज साहू को कांग्रेस ने तीसरी बार राज्य सभा सांसद बनाया। इस पूरे मामले को लेकर पार्टी कार्यकर्ता आज पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस और उसके नेताओं द्वारा लगातार किए जा रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज करेंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में एक लाख 49 हजार 550 मुकदमों का निपटारा

लखनऊ (विसं)। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत शनिवार को एक लाख 49 हजार 550 मुकदमों का अंतिम रुप से निपटारा हुआ। इनमें चेक बाउसिंग, बैंक रिकवरी, आपराधिक शमनीय वाद, वैवाहिक वाद, मोटर वाहन दुर्घटना, किराएदारी वाद, सुखाधिकार, व्यादेश, उत्तराधिकारी व दीवानी तथा राजस्व वादों का निस्तारण किया गया। इन निस्तारित मुकदमों के जरिए कुल 47 करोड़ 96 हजार 236 रुपए की वसूली हुई। इसमें न्यायालय में लंबित 19 हजार 222 वाद का निस्तारण करते हुए 35 करोड़ 88 लाख 24 हजार 674 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया। जबकि प्रिलिटीगेशन के एक लाख 30 हजार 328 मामलों का निस्तारण हुआ। जिसमें 11 करोड़ 12 लाख 71 हजार 562 रुपए की वसूली हुई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

- सरकारी योजनाओं से सम्बंधित विभागों द्वारा लगाए गए कैम्प
- पीएम आवास शहरी योजना के अंतर्गत 120 लाभान्वित लाभार्थियों को वितरित किये गए प्रमाण-पत्र

संवाददाता। शाहजहांपुर

कार्यक्रम में मौजूद लाभार्थी को देते मंत्री

नगर निगम, के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने हेतु नगर क्षेत्र के चयनित स्थल खिरनीबाग रामलीला मैदान में शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई वैन वाहन के माध्यम से आज दोपहर प्रधानमंत्री के उदबोधन से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर म प्रधानमंत्री के देश स्तर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सरकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों से संवाद किया तथा सरकारी योजनाओं के प्राप्त करने के बाद उनके जीवन में हुए बदलाव पर वार्ता की गई। प्रधानमंत्री द्वारा सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी गयी और आत्मनिर्भर बनने की भी अपील की गई। प्रधानमंत्री द्वारा जन-मानस की सुविधा हेतु भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनायें जैसे- पी0एम0 स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), अमृत मिशन 2.0 योजना, मेरी कहानी मेरी जुबानी, स्मार्ट सिटी मिशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, स्टैंडअप इंडिया योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम ई-बस सेवा योजना, पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना, पीएम सौभाग्य योजना के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की योजनाओं के सम्बंध में अवगत कराया गया और इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा मोदी की गारंटी वाली गाड़ी में अधिक से अधिक प्रतिभाग करने की अपील भी की गई। साथ ही वविकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत भारत को एक नई दिशा में ले जाने के लिए अनुरोध किया गया। इसके उपरांत मंत्री सुरेश खन्ना व महारौर अर्चना वर्मा जी द्वारा सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत के प्रति शपथ दिलाई गई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं से सम्बंधित आमजन को जानकारी देने हेतु कैंपो का भी आयोजन किया गया, जिसमे जन-मानस द्वारा सरकारी योजनाओं के विषय मे जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती अर्चना वर्मा, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, एडीएम संजय पांडेय, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डी0पी0एस0 राठौर, राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष के0सी0मिश्रा, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, उप सभापति वेद प्रकाश मौर्य, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, उप नगर आयुक्त रश्मि भारती, महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में छात्राओं की दिखी प्रतिभा

विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्य

संवाददाता। शाहजहांपुर

सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मंडल स्तरीय प्रतियोगिता रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महाविद्यालय बरेली में आयोजित हुई थी,जिसमें जीएफ कॉलेज की प्रगति प्रजापति ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान,यशी गुप्ता ने द्वितीय स्थान,क्विज़ प्रतियोगिता में कृति सैनी ने द्वितीय स्थान और गौसिया ने भाषण प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।प्रतियोगिता में विजयी होकर महाविद्यालय आने पर विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य डॉ मोहम्मद तारिक़ ने प्रमाण-पत्र से सम्मानित करते हुए बधाई दी। उन्होंने उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन मे परिश्रम और लगन बहुत महत्वपूर्ण है,इसके द्वारा हम बड़ी से बड़ी मंज़िल हासिल कर सकते हैं।महाविद्यालय के रोड सेफ्टी कार्यक्रम अधिकारी डॉ रईस अहमद के नेतृत्व में इन प्रतिभागियों ने सफलता प्राप्त की।अब ये विजयी प्रतिभागी प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर डॉ अब्दुल सलाम, डॉ सैयद मुजीबुद्दीन,डॉ ख़लील अहमद,डॉ सैयद सुहैल अख्तर नक़वी,डॉ मोहम्मद साजिद खान,डॉ मोहम्मद अरशद खान आदि शिक्षकों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

कन्या जन्मोत्सव मनाकर 22 बच्चियों की माताओं को किया गया सम्मानित

शाहजहांपुर। जिला महिला चिकित्सालय में मिशन शक्ति/बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें महिला कल्याण विभाग द्वारा 22 नवजात जन्मी बच्चियों को हिमालया बेबी किट वितरित की गई। डॉ शिल्पी सिंह ने मरीजों को दी जाने स्वास्थ्य सुविधाएं एवं भोजन,जननी सुरक्षा केंद्र, दवाओं, एटीएम, जच्चा बच्चा आदि को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप सभी को साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए । महिलाओं को कैसे नवजात शिशु का व अपना प्रसव के बाद ध्यान रखना है ,इसके बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रभारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अम्रता दीक्षित ने बच्चियों के माता व पिता को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित होने के लिए जनसेवा पर आवेदन करने के लिए बताया। महिला कल्याण विभाग व शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के बारे में जानकारी दी । साथ ही कन्या सुमंगला योजना के पम्पलेट वितरित किये गये। महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वृद्धा पेंशन योजना ,दिव्यांग पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना,आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा द्वारा समस्त टोल फ्री नंबर 181 ,112 ,1098, 1090 ,108, 1076 के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सी.एम.एस नेपाल सिंह, वित्त नियंत्रक दीपक रस्तोगी, डॉक्टर शिल्पी सिंह, प्रभारी जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अम्रता दीक्षित, डॉ मीनू अवस्थी, जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा, डॉ श्रुति अग्रवाल, डॉ सरोज, चीफ फार्मासिस्ट सुभाष कनोजिया, मैनेजर रहीस खान, पीएलवी राजवती आदि स्टाफ मौजूद रहा।

एचडब्ल्यूसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर अम्बूपुर का औचन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां रखें सभी दस्तावेजों की जांच की। दावाओं की उपलब्धता दैखी और सीएचओ विकास शर्मा से दी जा रही सेवाओं की जानकारी की।

निरीक्षण के क्रम में सीएचसी फरधान अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई ने बताया कि शनिवार को सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने अम्बूपुर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस एचडब्ल्यूसी को कायाकल्प अवार्ड से नवाजा गया है। जिसमें तैनात सीएचओ विकास शर्मा की भी प्रशंसा की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी दस्तावेजों का रखरखाव सही तरीके से मिला और दावों की उपलब्धता भी थी। साथ ही शासन की योजनाओं के अनुसार लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जा रही थी। इसे लेकर उन्होंने सी एच ओ विकास शर्मा की प्रशंसा की और उन्हें कायाकल्प के बाद एनक्वास अवार्ड के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उनके साथ एसीएमओ डॉ रामकिशन, अधीक्षक सीएससी फरधान डॉ अमित बाजपेई भी मौजूद रहे।

पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय मे तैनात दो उप निरीक्षकों का हुआ गैर जनपद स्थानांतरण

मोहम्मदी खीरी। पुलिस उपाधीक्षक अरुण कुमार सिह के कार्यालय मे तैनात उपनिरीक्षक मदन कुमार सिह और वी.एन.पाडे का गैर जनपद स्थानांतरण हो जाने पर भव्य विदाई समारोह कार्यक्रम पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय में संपन्न हुआ ,जिसमें पुलिस उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ,प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ,थाना अध्यक्ष पसगवा दीफक राठौर, ,एस,एस,आई, ए.के.तिवारी, उप निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, दीवान पवन सिंह ,पकज मिश्रा,सहित पूरे स्टाफ ने माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह देखकर विदा किया ,पुलिस उपाध्यक्ष अरूण कुमार सिह ने इस विदाई समारोह में कहा कि आप दोनों के साथ बहुत कम समय साथ रहने को मिला, परंतु आपके कार्य व्यवहार की चर्चा यहां रहे अधिकारियों के माध्यम से मिली ,आप जहां भी जाएं इसी मेहनत और लगन के साथ कार्य करें, पूरे पुलिस परिवार की ओर से आपको ढेर सारी शुभकामनाएं गोला चीनी मिल के यूनिट हेड को भाजपा /श्रमिक नेताओ ने ज्ञापन सौंपा।

अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाने को चला अभियान, दर्ज किए 16 अभियोग

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

आबकारी आयुक्त उप्र के आदेश, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह एवं एसपी गणेश प्रसाद साहा के दिशा निर्देश, डीईओ राजवीर सिंह की अगुवाई में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, तस्करी, परिवहन पर अंकुश लगाये जाने हेतु प्रशासन, पुलिस, आबकारी महकमे की संयुक्त टीमो ने दैनिक प्रवर्तन अभियान चलाया।

डीईओ राजवीर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 16 अभियोगो को पंजीकृत किया। 235 लीटर अवैध शराब और 1400 किग्रा बरामद की।सभी आबकारी निरीक्षकों द्वारा लगातार अपने-अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे है, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये।

शुक्रवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक अवधेश कुमार क्षेत्र 1 सदर मय स्टाफ व ओयल चौकी इंचार्ज विनोद सिंह के साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम लोनपुरवा, चिमनी थाना खीरी में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों और स्थानों में दबिश दी। दबिश में कच्ची शराब प्लास्टिक के पाउचों और लहन के साथ बरामद की। मौके पर लहन को नष्ट किया और एक अभियुक्त को कच्ची शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मोहम्मदी खीरी मय स्टाफ व मुडानिजाम चौकी प्रभारी प्रेमचंद के साथ संयुक्त टीम बनाकर ग्राम कुरिगवां, लौकीखेड़ा, पडसर थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश में कच्ची शराब प्लास्टिक के पाउचों में बरामद की। आबकारी निरीक्षक मनोज यादव क्षेत्र 3 निघासन मय स्टाफ द्वारा ग्राम सेमरीपुरवा, मझरापुरब, नया पिंड थाना पढुवा में दबिश दी। दबिश में नदी किनारे से कच्ची शराब और चढ़ी भट्ठियों सहित ड्रम एवं कच्ची शराब से संबंधित उपकरणों को बरामद करते हुए मौके पर नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक प्रेम सिंह क्षेत्र 5 गोला खीरी मय स्टाफ द्वारा ग्राम गोगावा, बसतौला, रणाबाजार थाना भीरा में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों और उनके आस पास के स्थानों से कच्ची शराब और चढ़ी भट्ठी को लहन सहित बरामद करते हुए मौके पर नष्ट किया। एवं 1 अभियुक्त को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चन्द जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली मय स्टाफ द्वारा ग्राम नीमचैनी, दरी नगरा थाना मितौली में दबिश दी। दबिश में संदिग्ध घरों एवं स्थानों से कच्ची शराब प्लास्टिक के पाउचों में और लहन प्लास्टिक की थैलियों में लहन बरामद की। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अज़ीज़ क्षेत्र 7 धौरहरा खीरी मय स्टाफ द्वारा ग्राम अमेठी नाला थाना धौरहरा में दबिश दी, दबिश में नाले किनारे से पाउचों में कच्ची शराब बरामद की।

ग्राम बनिका में हजारों रुपए की चोरी

ओयल। थाना खीरी क्षेत्र के अंतर्गत ओयल चौकी के ग्राम बनिका में चोरों ने थावा बोलकर हजारों रुपए के माल पर हाथ साफ किया! मिली जानकारी के मुताबिक प्रमोद कुमार वर्मा पुत्र इंद्रपाल वर्मा के घर पर 8- -12-23 की रात्रि मे घटना को अंजाम देते हुए ?4000 नगद , एक जोड़ी झाला, एक सोने की अंगूठी, इस जोड़ी पायल, एक मटर माला,दो चांदी के सिक्के, एक जोड़ी सोने की टप, एक सोने का ओम लॉकेट रफू चक्कर हो गए!

श्रमिकों की समस्या समाधान व नगर में कालिख बंद होने की मांग को जोरदार ढंग से उठी

संवाददाता। गोलागोकर्णनाथ (खीरी)

नगर की समस्याओं व श्रमिकों को भुगतान व दुघर्टना का शिकार परिवारों को राहत देने को लेकर भाजपा नेता धर्मेंद्र गिरि उर्फ (मोंटी) के नेतृत्व में बजाज चीनी मिल गोला के यूनिट हेड जे के जादौन को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं का समाधान की मांग की गई है।

सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि पुराने एवं नए सत्र का सम्पूर्ण गन्ना भुगतान हो, कारखाने में कार्य करने वाले कामगार क्षेत्रीय हों, कारखाने की चिमनी से निकलने वाली राखी पर तत्काल रोक लगाई जाए व मृतक आश्रितों को वरीयता के आधार पर योग्यतानुसार नियुक्ति प्रदान की जाए।

इस मौके पर गोला विधायक के चाचा व भाजपा नेताधर्मेंद्र गिरि उर्फ (मोंटी) बजाज शुगर मिल श्रमिक कल्याण संघ के नेता विश्वनाथ सिंह, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला , प्रधान आशीष मिश्रा, प्रधान आलोक जायसवाल, गन्ना समिति के संचालक रामप्रकाश अवस्थी, सुधीर गौतम (पप्पू), सभासद भोली गिरि, शेरू वर्मा, संतोष वर्मा, राम रक्षपाल राजपूत, पंकज तिवारी, संजय वर्मा, पंकज गुप्ता, सभासद सुरेश जायसवाल, ऐप्जा जिला अध्यक्ष संदीप शुक्ला, कपिल भारती, अजीत पांडेय, सचिन सिंह, आयुष शुक्ला, प्रधान अजय मौर्य, मुकेश गुप्ता, अभिजीत सिंह, सर्वेश कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

पालिकाध्यक्ष ने किया रैन बसेरों का औचक निरीक्षण

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला उर्फ रिंकू ने ठंड को देखते हुए नगर में स्थित नीलकंठ मैदान व त्रिलोक गिरि पर निर्मित रैन बसेरों का अचौक निरीक्षण कर व्यस्थाओं में मिली खामियों का कर्मचारियो को दुरुस्त करने का निर्देश दिया व जनमानस को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी प्रकार की तैयारियां करने का आदेश दिया।इस मौके पर एस आई संदीप वर्मा, अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी,रविन्द्र कटियार, शत्रोहन मिश्रा, सुनील रस्तोगी, ज्ञानू तिवारी, गौरव ज्ञान त्रिपाठी,आदेश मिश्रा , काके सहगल ,राहुल बाल्मीकि, सफाई नायक सुशील कुमार सहित पालिका कर्मी मौजूद रहे।

तीन लोगों पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज (कन्नौज)। रंजिश के चलते युवक के साथ तीन लोगों ने उसकी दुकान पर जाकर अभद्रता व मारपीट करते हुये न सिर्फजानलेवा हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। घायल युवक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी दीपू पुत्र अभिलाष चंद्र द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि शुक्रवार की शाम नगर के पोस्ट ऑफिस के पास स्थित उसकी दुकान पर उसका भाई प्रशांत बैठा था। तभी मोहल्ला अफसरी निवासी कृष्णा, पिंकू, प्रेम आए और उसके भाई के साथ बेवजह गाली गलौज करने लगे उसके भाई द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने जान से मारने की नीयत से लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

विचित्र बुखार के चलते हुई महिला की मौत

गुरसहायगंज (कन्नौज)। विचित्र बुखार के चलते महिला की अचानक तबीयत बिगड गई। जिसे परिजनों द्वारा आनन फानन में निजी अस्पताल में ले जाया गया जहां हालत चिंताजनक होने के कारण चिकित्सक ने रिफर कर दिया। जिसनें पडोसी जनपद ले जाते समय रास्ते में दम तोड दिया। क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला आजाद नगर निवासी इमरान हुसैन उर्फमन्नी की 40 वर्षीय पत्नी राविया बेगम को बीते दिन अचानक बुखार आ जानें से तबीयत काफी बिगड़ गई। जिसे परिजनों ने नगर स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां ले गये जहां हालत चिंताजनक होने कारण परिजन शनिवार सुबह पडोसी जनपद फर्रुखाबाद ले जा रहे थे तभी महिला नें रास्ते में दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। महिला की मौत की खबर पर मृतक के घर लोगों का जमाबड़ा लग गया। सूचना पर पहुंचे चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी, मो. आमीन, इमरान उर्फबंटा, पूर्व चेयरमैन मो. नकीम खान पूर्व सभासद शाहवाज हुसैन, सभासद जावेद अख्तर, कादिर उर्फछोटे, शिवा यादव, मो. आजम आदि ने रोते बिलखते परिजनों को ढ़ढ़ांढस बंधाकर शोक संवेदना व्यक्त की है।

सडक दुघर्टना का मुकदमा दर्ज

गुरसहायगंज (कन्नौज)। विगत दिनों पूर्व अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर ने बोलेरो कार में टक्कर मार दी थी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई पीड़ित कार स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम दलापुरवा निवासी अरविंद सिंह उर्फ शोभित पुत्र राजेश सिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 25 नवंबर कि शाम कार पर सवार होकर घर की ओर जा रहा था। जैसे ही ग्राम कुढरीपुर्वा स्थित प्राइमरी स्कूल के निकट पहुंचा तभी अनियंत्रित गति से आ रहे ट्रैक्टर के चालक राम लखन उर्फसिद्धांत पुत्र राम सिंह निवासी तेरारब्बू ने उसकी कार में टक्कर मार दी। जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

अलीगंज थाना क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से मजदूर की मौत

बरेली। अपने प्लांट से घर वापस जाते समय रास्ते में पिकअप ने टक्कर मार दी जिससे मजदूर गम्भीर रूप से घायल हो गया घायल को अस्पताल में भर्ती कराया उपचार के दौरान मौत हो गई।जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजनों ने बताया की अलीगंज थाना क्षेत्र के कस्बा अलीगंज निवासी 37 बर्षीय अशोक कुमार पुत्र मुन्ना लाल पेशे से कारपेंटर की मजदूरी करते थे अशोक कुमार अलीगंज में थाना से 400 मीटर की दूरी पर अपने प्लाट में निर्माण करा रहे थे। शाम को प्लाट से पैदल वापस घर आ रहे थे रास्ता में अलीगंज चौराहा पर शुक्रवार को पिकअप ने टक्कर मार दी अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। अशोक कुमार को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया , हालत गम्भीर होने के कारण डॉक्टर ने जिला अस्पताल को रेफर कर दिया जिला अस्पताल लेकर सुबह पहुचे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहरा मच गया अशोक कुमार की पत्नी रेखा और तीन लड़की एक लड़का है सभी का रो - रो कर बुरा हाल है । पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

जीआरएम में 24वीं दो दिवसीय गुलदाउदी प्रदर्शनी प्रारंभ

संवाददाता। बरेली

जीआरएम में वार्षिक दो दिवसीय गुलदाउदी प्रदर्शनी शनिवार को प्रारंभ हुई। 24वीं श्री नमो नारायण स्मृति गुलदाउदी प्रदर्शनी का उदघाटन आरएसएस के बृज प्रांत के प्रांत प्रचारक हरीश रौतेला ने किया। इस अवसर पर उन्होंने श्री नमो नारायण अग्रवाल के चित्र पर पुष्प अर्पण किया जिनकी पावन स्मृति में प्रतिवर्ष यह गुलदाउदी प्रदर्शनी आयोजित की जाती है। प्रदर्शनी का भ्रमण करने के पश्चात उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए श्री रौतेला जीआरएम को वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग एक भयावह खतरे के रूप में हमारे सामने खड़ा है, ऐसे में अगर सपूर्ण विश्व इस तरह के छोटे छोटे प्रयासों से लोगों में प्रकृति के प्रति प्रेम और सद्भाव जागृत करना प्रारंभ कर दे तो हम धरती के समक्ष संभावित खतरों को किंचित कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्वतों पर फूलों की घाटियों में उगने वाले पुष्प देव कृपा से ही उगते हैं और हम मनुष्य उन्हीं की कृपा से प्रकृति का संरक्षण कर पाने में सक्षम होते हैं। हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए अनिवार्यत: प्रकृति को संरक्षित रखना ही होगा। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली एवम निदेशक त्रिजित अग्रवाल ने श्री रौतेला जी का स्वागत किया। बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लों एवम अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन कर जीआरएम के प्रयासों की सराहना की। इस बार प्रदर्शनी में गुलदाउदी की लगभग 43 किस्मों के लगभग 1207 गमले रखे गए हैं।

केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना यात्रा का उद्देश्य : अनिल

बरेली । स्टेडियम मैदान में और शहीद गेट के पास इज्जत नगर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के किये गए कार्यों की विडिओ वेन के माध्यम से क्षेत्र वासियों को केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया जिसमें समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, किसान सम्मन निधि योजना, के बारे में विस्तार से बताया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अनिल कुमार एडवोकेट ने कहा केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा निरंतर किया जा रहा है इन योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिलेगा केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच जाकर उन्हें बताना होगा जिसका लाभ उन्हें सीधा मिलेगा इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी यही मकसद है इस मौके पर क्षेत्र वासियों को, उज्ज्वला योजना के कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी भी प्रदान की गई और सभी को शपथ दिलाई! इस मौके पर प्रमुख रूप से बरिष्ट भाजपा नेता अनिल कुमार एडवोकेट, नगर आयुक्त निधि गुप्ता,अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह, शहर विधानसभा संयोजक विष्णु अग्रवाल, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर,शीतल गुलाटी, मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, पुष्पेंद्र पटेल,राजीव गुप्ता, अतुल कपूर,प्रमोद रघुवंशी, बबलू पटेल,आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने किया माटी कला वोर्ड द्वारा संचालित प्रदर्शनी का उद्घाटन

संवाददाता। बरेली

उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित मंडल स्तरीय माटी कला पुरस्कार वितरण एवं प्रदर्शनी का शुभारंभ कैंट विधायक प्रदेश सहकोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने फीता काटकर किया उसके पश्चात माटी कला वोर्ड के महा प्रबंधक अरूण प्रकाश के द्वारा कैंट विधायक संजीव अग्रवाल को दुशाला उढाने के पश्चात पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया ।उसके पश्चात माटी कला बोर्ड के मंडल स्तर पर प्रदर्शनी में प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार पीलीभीत एवं द्वितीय शाहजहांपुर एवं तृतीय पुरस्कार बरेली को पन्द्रह हजार,बारह हजार और दस हजार का चौक के साथ ट्राफी और साल पहनाकर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के द्वारा पुरस्कृत किया गया ।इस अवसर पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि आज प्रदेश में योगी की सरकार और देश में मोदी की सरकार ने आज छोटे व्यापारियों एव हस्त शिल्पकारो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इतनी सुविधाए और योजनाएं दे रही हैं जिसको लेकर आज छोटे व्यापारी एव हस्त शिल्पकार भी अपने आप को खुशहाल और आत्मनिर्भर महसूस कर रहे है और कहां की जब हमारे देश का छोटा व्यापारी वर्ग एव हस्त शिल्पकार आत्मनिर्भर बनेगा तो हमारा देश अपने आप ही तरक्की करेगा ,तथा कैंट विधायक ने सभी हस्त शिल्पकारो के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर उत्तर प्रदेश माटी कला के महाप्रबंधक अरुण प्रकाश विनय एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवास योजना का चेयरमैन ने किया भूमि पूजन

संवाददाता। रसूलाबाद कानपुर देहात

प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के आंसू पोछने का कार्य किया है। बारिश के समय में अक्सर कच्चे मकान ढह जाते थे, जिससे लोगों की जान भी जाती थी।

साथ ही बरसात और ठंड के मौसम में काफी जरूरतमंद गरीब लोगों को सिर छुपाने तक को छत नहीं होती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गरीबों के दर्द को समझा। आज प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत कस्बों में भी लोगों को अपनी पक्की छत मिली। यह बात नगर पंचायत अध्यक्ष देवशरण सिंह ने भूमि पूजन करते हुए कही।

शुक्रवार को जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत कस्बे के सुभाष नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी के आवास निर्माण का भूमि पूजन नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष देवशरण सिंह की मौजूदगी में हुआ। आवास लाभार्थियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी प्रकट किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से सभासद अंकुर सिंह, लाभार्थी लक्ष्मी देवी, ऊषा देवी, राजू राठौर, बब्बन पांडेय, श्रीकांत, सर्वेयर अतुल यादव, विवेक मिश्रा आदि रहे।

पीएम आवास लाभार्थी का भूमि पूजन कराते अध्यक्ष देवशरण सिंह।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम व पुलिस अधीक्षक जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना सट्टी पर की गई जनसुनवाई

संवाददाता। कानपुर देहात

जिलाधिकारी महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद कानपुर देहात द्वारा थाना सट्टी में जन-सुनवाई करते हुये थाने पर आये फरियादियों/पीड़ितों को बारी-बारी से सुना गया व उनकी समस्याओं के विधिक, नियमानुसार तथा समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने हेतु सर्व-सम्बन्धित को आदेशित/निर्देशित किया गया। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारीगणों द्वारा अपने-अपने सर्किल के थानों पर जन-सुनवाई करते हुये पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिलाते हुये प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु सर्व-सम्बन्धित को निर्देशित किया गया व थाना दिवस के अवसर पर सभी थाना प्रभारियों द्वारा भी थाने पर आये फरियादियों से उनकी समस्याओं को सुनकर न्याययोचित कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

क्षतिग्रस्त सीसीटीवी कैमरों से पकड़ में नहीं आ रहीं आपराधिक घटनाएं

संवाददाता। रसूलाबाद कानपुर देहात

कस्बे में चोरी और लूट जैसी घटनाएं कई बार हो चुकी हैं। यदि उन लुटेरों और चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता पड़ती है तो पुलिस बैंक या फिर व्यापारियों के प्रतिष्ठानों के कैमरे खंगालती है जबकि शातिर अपराधी बेखौफ होकर मुख्य चौराहा से आसानी से पार हो जाते हैं। पूर्व में लगे कैमरे टूट जाने के बाद दोबारा नहीं लगाए गए।

व्यापारिक दृष्टिकोण से करीब 60 किलोमीटर की परिधि में रसूलाबाद कस्बा एक बड़ा व्यापार का हब माना गया है। जहां बड़ी मार्केट के साथ कस्बे में ही थाना, तहसील, अस्पताल, ब्लॉक, बीआरसी कार्यालय बने हैं। जिसके चलते आसपास इलाके की लोग बाजार करने व विभिन्न विभागों के अधिकारी,कर्मचारी रसूलाबाद आते हैं। बावजूद इसके चोरी जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा कोई खास इंतजाम नहीं किए गए। जैसे सार्वजनिक स्थानों पर कुछ सीसीटीवी कैमरे लगे होना चाहिए लेकिन नहीं लगाए गए। बल्कि प्रसाशन यह अपेक्षा यह करता है कि हर व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगवाएं।

रसूलाबाद कस्बे के मुख्य चौराहा पर बड़ा सीसीटीवी कैमरा लगा था जो करीब 4 वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना के बाद लगे जाम में लोगों ने तोड़ दिए थे। जिसके बाद दोबारा उनसे सीसीटीवी कैमरा को सही नहीं कराया गया और वहां से लापता हो गए। इसके चलते अपराधियों को मुख्य चौराहा से भागना और भी आसान हो गया है। नगर वासियों ने जिम्मेदारों से इस ओर ध्यान देने की अपील की है।

जेल बंदियों की कला को दिया गया सम्मान

संवाददाता। कानपुर देहात

जेल सुधारों को समर्पित तिनका तिनका फाउन्डेशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय तिनका तिनका इंडिया अवार्ड्स 2023 की घोषणा 05 दिसम्बर, 2023 को की गयी, जिसके क्रम में 09 दिसम्बर, 2023 को मानवाधिकार दिवस पर तिनका तिनका इंडिया अवार्डस विजेताओं को पुरुस्कार वितरण किया गया।

इस साल पेंटिंग श्रेणी में देश भर से कुल 11 बंदियों को उनकी असाधारण रचनात्मक प्रतिभा के लिये सम्मानित किया गया है। जिला कारागार, कानपुर देहात में निरुद्ध विचाराधीन बंदी शुभम उपाध्याय पुत्र लालजी उपाध्याय नि0 ग्राम व पोस्ट-बरौर, थाना-बरौर, कानपुर देहात को भी पेंटिंग श्रेणी में पुरुस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जेलर डॉ0 विजय कुमार पाण्डेय, उपजेलर शिवाजी सिंह, राजेश कुमार, रामदास यादव, कु0 विजय लक्ष्मी एवं इजहार अहमद द्वारा बंदी शुभम उपाध्याय को शुभ कामनायें प्रदान की गयी, एवं समस्त बंदियों को सृजनात्मक कार्यों में अधिक से अधिक भागीदारी लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मेदांता लैब्स का विशेष सचिव ने किया उद्घाटन

संवाददाता। फतेहपुर

मेदांता लैब्स कलेक्शन सेंटर का मुख्य अतिथि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। मेदांता ग्रुप्स के लैब कलेक्शन सेंटर के खुलने से जनपदवासियों ने हर्ष व्यक्त किया।

शनिवार को कचेहरी पत्थरकटा रोड स्थित मेदांता लैब का विशेष सचिव औधोगिक विकास एवं एमडी औद्योगिक विकास एवं विनिवेश निगम पीयूष वर्मा एवं जनपद के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ जेके उमराव द्वारा हवन पूजन एवं विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद फीता काटकर उद्घाटन किया गया। संचालक पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि मेदांता ग्रुप्स के अधिकृत सेंटर में ब्लड की सभी जांचों की सुविधा उपलब्ध है। ट्रेंड स्टाफद्वारा रोगियों के घर से भी ब्लड सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही बताया कि रक्त संबंधी अनेक जांचो जिनके लिये रोगियों व उनके परिजनों को कानपुर या प्रयागराज जनपद जाना पड़ता था। मेदांता लैब्स के कलेक्शन सेंटर खुलने से जनपद में ही जांच हो सकेगी। इससे मरीज़ों व उनके परिजनों का पैसा व समय दोनो बचेगा। इस मौके पर संतोष सिंह राजू, मो. शहजादे उर्फ जुगनू नेता समेत बड़ी संख्या में जनपद के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

ससुराल आया घायल युवक मृत घोषित

संवाददाता। फतेहपुर

ललौली थाना क्षेत्र के धनसिंहपुर गांव में ससुराल आया युवक संदिग्ध अवस्था में गंभीर रूप से घायल नाली में पड़ा मिला। जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार कानपुर जनपद के नरवल थाना क्षेत्र के बारादरी मोहल्ला निवासी राजेन्द्र शर्मा का 28 वर्षीय पुत्र अवधेश शर्मा 7 दिसंबर को ससुराल ललौली थाना क्षेत्र के धनसिंहपुर गाँव आया था। जो संदिग्ध अवस्था में आज भोर पहर घर के बाहर नाली में गंभीर रूप से घायल अवस्था मे पड़ा मिला। जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जाँच के उपरांत उसको मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी शालनी और 6 वर्षीय पुत्र आयुष व 3 वर्षीय पुत्री दिव्या और दो माह के एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया।

मुहब्बत की दुकान में भ्रष्टाचार का सामान: मुखलाल

● कांग्रेस नेता के कैश कांड पर बिभरे भाजपाइयों ने फूंका पुतला

संवाददाता। फतेहपुर

कांग्रेस सांसद धीरज के आवास से आईटी विभाग की कार्रवाई में तीन सौ करोड़ रुपया का काला धन बरामदगी को लेकर देश में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के बीच में शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटेल नगर चौराहा पहुंचकर कांग्रेस पार्टी व उसके नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी व प्रदर्शन किया। कांग्रेस का पुतला फूंक कर अपना विरोध जताया। तीन राज्यों में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से इनकम टैक्स विभाग की टीम द्वारा लगभग तीन सौ करोड़ रुपये की बरामदगी की है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस सांसद के ठिकानों से तीन सौ करोड़ रुपये की बड़ी बरामदगी होना कांग्रेस के भृष्टचार की निशानी है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ पद यात्रा में सहयोगी रहे धीरज साहू का धन भ्रष्टाचार से कमाया हुआ है। काँग्रेस की मुहब्बत की दुकान में भ्रष्टाचार का सामान है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचारियों को किसी भी कीमत पर न बख्शने की बात कही थी। जनता के धन को डकारने वालों की भाजपा सरकार में अब खैर नहीं है।

इस मौके पर कुलदीप भदौरिया, संजय गुप्ता, धंनजय द्विवेदी, ज्योति प्रवीण, सुनिधि तिवारी, प्रसून तिवारी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, रितीक पाल, अपर्णा गौतम, देवनाथ धाकड़े, सभासद संजय श्रीवास्तव, प्रधान संघ जिलाध्यक्ष स्वामी शरन पाल, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, शैलेंद्र रघुवंशी, मनोज मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव, अभिजीत भारती, सुशीला मौर्या, सुनील राजपूत, जेपी सिंह फौजी, स्वरूप राज सिंह जूली, अभिषेक शुक्ला, भारत श्रीवास्तव, सुमित द्विवेदी भी मौजूद रहे।

क्विक न्यूज

आज कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी केंद्रीय मंत्री

फतेहपुर। जिले की सांसद व भारत सरकार की उपभोक्ता मामले खाद एवं सार्वजनिक वितरण व ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल (आज) जनपद के कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी देते हुए भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि प्रातः 10 बजे पं0 अटल बिहारी पार्क भिटौरा रोड में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण करेंगी। प्रातः 11 बजे सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज वीआईपी रोड में मातृ शक्ति सम्मेलन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। दोपहर 01.30 बजे ग्राम बड़ागांव मछरिहा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित शाह से बड़ागांव सम्पर्क मार्ग का लोकार्पण करेंगी। दोपहर 02.30 बजे पंचायत भवन परिसर ग्राम पंचायत अयाह विकास खंड बहुआ में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी।

युवक की संदिग्ध मौत

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर मोहल्ला निवासी एक युवक जिला अस्पताल में भर्ती था। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की शंका पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के आबूनगर मोहल्ला निवासी स्व. राम कैलाश का 23 वर्षीय पुत्र कुलदीप 6 दिसंबर से बीमार चल रहा था। जिसको इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बीती रात उसकी मौत हो गई। अचानक हुई युवक को मौत को संदिग्ध मानते हुए परिजनों ने पुलिस से शंका जाहिर किया तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ट्रेन की चपेट में आकर रेलवे कर्मचारी की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के रसूलाबाद और फैजुल्लापुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आकर रेलवे कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रामपुर थरियांव निवासी स्व. बलराम यादव का 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार यादव रेलवे में नौकरी करता था। आज वह ड्यूटी पर था तभी ड्यूटी के दौरान थाना क्षेत्र के रसूलाबाद और फैजुल्लापुर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पल्स पोलियो महाअभियान की जागरूकता हेतु निकली गई रैली

कानपुर देहात। शासन के निर्देशों व जिलाधिकारी आलोक सिंह के मार्गदर्शन में आज दिनाँक 9.12.23 को जनपद के सभी विकास खंडों में कल से प्रारंभ होने वाले पल्स पोलियों महाअभियान की जागरूकता रैली निकली गई। अकबरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अकबरपुर उपस्थित रहे।

ई रिक्शा की , युवक घायल

जालौन। पैदल जा रहे युवक को ई रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। पीड़ित की मां ने कोतवाली में तहरीर दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम निवासी रजिया बेगम ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र रहीश मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है। बीती छह दिसंबर को वह किसी काम के चलते अकोढ़ी दुबे के पास कामाक्षा देवी मंदिर के पास गया था।

भाजपा ने भ्रष्टाचारी कांग्रेसी सांसद का चौक पर फूंका पुतला

संवाददाता। फर्रुखाबाद

कांग्रेस राज्यसभा सांसद के ठिकाने से 200 करोड रुपए कैश मिलने पर कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ देशव्यापी प्रदर्शन के तहत भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता त्रिपोलिया चौक पर एकत्रित हुए। इस दौरान श्री जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में एकत्रित हुए कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला फूंका और कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी चोर है- कांग्रेस पार्टी चोर है- राहुल गांधी शर्म करो- शर्म करो- कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रदर्शन के उपरांत भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के आवाहन पर प्रदर्शन किया जा रहा है।जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किये। इस प्रदर्शन के दौरान शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक भास्कर दत्त द्विवेदी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बबीता पाठक, जिला मंत्री धर्मेंद्र राजपूत, पश्चिम मंडल अध्यक्ष विकास पांडे, पूर्वी मंडल अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, संजय सिंह, नरेंद्र आर्य, वीर बहादुर पाल आदि लोग मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर

फर्रुखाबाद। प्रतिभा सम्मान समारोह के आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर आगामी 10 दिसम्बर को महमदीपुर कायमगंज में प्रतिभा सम्मान एवं छात्र अभिभावक मोटिवेशन सेमिनार समारोह के प्रभारी वीरपाल सिंह लोधी ने बताया कि समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं , तैयारियों में कोई कसर न रह जाए समय से पूरी कर ली जायेंगी।

सरकार की उपलब्धियां बताकर किया जागरूक

कालपी(जालौन)। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष उरई जाते समय दुर्गा मंदिर में कार्यकर्ताओं से मिलकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया, कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया।

शनिवार को कानपुर से उरई जाते समय दुर्गा मंदिर चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्ष कानपुर बुंदेलखंड प्रकाश पाल का फूल माला पहने का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीनों राज्यों में हुई भाजपा की जीत यह बताती है कि मोदी सरकार आम लोगों के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने ने कहा कि सभी लोग संगठन के लिए काम करे, सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाये। भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाईं जा रही हैं।

पेज एक का शेष

एनआईए ने...

खोरासन/इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड द शाम खुरासान (आईएसआईएस-के) के नाम से जाना जाता है। आईएसआईएस देश के विभिन्न राज्यों में स्थानीय आईएसआईएस मॉड्यूल और सेल स्थापित करके भारत में अपना आतंकी नेटवर्क फैला रहा है। एनआईए ने हाल के महीनों में संगठन के जघन्य और हिंसक भारत विरोधी एजेंडे को विफल करने के लिए आईएसआईएस आतंकी साजिश मामले में कई आतंकी गुर्गों को गिरफ्तार करके बड़े पैमाने पर छापेमारी की है और विभिन्न आईएसआईएस मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। एनआईए ने इस दिशा में अपने प्रयासों के तहत, इस साल की शुरुआत में आईएसआईएस महाराष्ट्र मॉड्यूल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। तब से, एजेंसी ने देश भर में सक्रिय विभिन्न आईएसआईएस मॉड्यूल और नेटवर्क को नष्ट करने के लिए मजबूत और ठोस कार्रवाई की है।

अकबरुद्दीन ओवैसी...

सौंदरराजन ने शपथ दिलाई। इसके बाद, ओवैसी ने सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता की। कई सदस्यों के शपथ ग्रहण करने के बाद सदन की कार्यवाही 14 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। केंद्रीय मंत्री और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि सदन में अन्य वरिष्ठ सदस्यों के होने के बावजूद ओवैसी को अस्थाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया। रेड्डी ने पत्रकारों से कहा, विधानसभा में अस्थाई अध्यक्ष के तौर पर वरिष्ठ सदस्य को नियुक्त करने की परंपरा है। भाजपा, एआईएमआईएम और कांग्रेस के बीच सहमति के अनुसार, अस्थाई अध्यक्ष के रूप में अकबरुद्दीन की नियुक्ति का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले ही दावा किया है कि कांग्रेस और एआईएमआईएम के बीच मौन सहमति है। उन्होंने कहा कि भाजपा अस्थाई अध्यक्ष के तौर पर किसी वरिष्ठ सदस्य की नियुक्ति के बाद अध्यक्ष का चुनाव कराना चाहती है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को राज्यपाल के समक्ष उठाएगी। रेड्डी ने कहा कि भाजपा विधायक सदन के नियमित अध्यक्ष के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे। उन्होंने कहा, विधानसभा के नियमों के उल्लंघन के कारण हम एआईएमआईएम के सदस्य को प्रोटेम स्पीकर (अस्थाई अध्यक्ष) बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं। इसलिए, हमारे सदस्य उनके अध्यक्ष रहने पर शपथ लेने का बहिष्कार कर रहे हैं। रेड्डी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने सत्ता संभालने के तीन दिन बाद ही अपनी तुष्टिकरण की राजनीति और विधानसभा की परंपराओं का उल्लंघन शुरू कर दिया है। बाद में, भाजपा विधायकों ने राजभवन में एक ज्ञापन सौंपकर राज्यपाल से अस्थाई अध्यक्ष के रूप में अकबरुद्दीन औवेसी की नियुक्ति को रद्द करने का अनुरोध किया। भाजपा विधायकों ने ज्ञापन में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 188 के अनुसार, विधानसभा में वरिष्ठतम सदस्य को अस्थाई अध्यक्ष के रूप में नामित किया जाना चाहिए।

राम मंदिर...

फोटो साझा कर रहे हैं। ट्रस्ट की देखरेख में राम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण सुचारू रूप से चल रहा है। राय ने पहले खुलासा किया था कि अयोध्या में तीन स्थानों पर भगवान राम के 5 वर्षीय बाल रूप को दर्शाने वाली 4 फुट तीन इंच की मूर्ति तैयार होने वाली है। राम जन्मभूमि मंदिर की मूर्ति का निर्माण लगभग 90 फीसदी पूरा हो गया है। पत्थर के तीन अलग-अलग टुकड़ों पर तीन कारीगरों द्वारा राम लाली की तस्वीर को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अंतिम रूप देने में लगभग एक सप्ताह का समय लगेगा। मूर्ति को भूतल पर गर्भगृह में स्थापित किया जाएगा, जो लगभग पूरा हो चुका है। 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होगा। जिसमें काशी के 21 वैदिक आचार्य राम मंदिर का अभिषेक करेंगे। भगवान रामलला के लिए आठ फीट लंबा और चार फीट चौड़ा सिंहासन तैयार है, जिस पर सोने की परत चढ़ाना बाकी है। उन्होंने कहा, ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान रामलला को इस स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयारी कर रहा है। राय के मुताबिक 7,000 से अधिक मेहमानों को निमंत्रण दिया गया है, जिनमें 3,000 वीवीआईपी, पुजारी, दानदाता और विभिन्न राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं। अतिथि सूची में केदारनाथ, बद्रीनाथ, बाबा विश्वनाथ धाम और वैष्णो देवी मंदिर के प्रतिनिधि भी शामिल हैं, जिन्हें ऐतिहासिक कार्यक्रम का गवाह बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। हालांकि प्रमुख मंदिरों के पुजारियों के शामिल होने पर संशय है लेकिन इन मंदिरों के प्रतिनिधियों के भाग लेने की उम्मीद है। राय ने बताया कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह आने वाले श्रद्धालुओं को समायोजित करने के लिए, टेंट सीटी बनाए जा रहे हैं। वर्तमान अयोध्या शहर कायाकल्प प्रक्रिया से गुजर रहा है क्योंकि मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों को रामायण की महत्वपूर्ण घटनाओं के मनोरम चित्र से सजाया जाएगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों पर टेराकोटा की मिट्टी की भित्ति कलाकृतियों से दीवारों को संवारने का काम शुरू कर दिया है। एक अन्य घटनाक्रम में, जोधपुर की गौशाला से 600 किलोग्राम देसी घी अयोध्या के कार सेवक पुरम में पहुंच गया है। इस घी का इस्तेमाल रामलला की मूर्ति के अभिषेक के दौरान शुभ आरती समारोह में किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर करीब सवा 12 बजे प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान गर्भगृह में अनुष्ठान करके उद्घाटन करेंगे। राम मंदिर की आधारशिला 5 अगस्त, 2020 को पीएम मोदी द्वारा रखी गई थी, जो अयोध्या के आध्यात्मिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।

लेखी ने...

कहा, आपको गलत जानकारी दी गई है, क्योंकि मैंने इस सवाल और इसके जवाब से संबंधित किसी भी दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं किया है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, जांच से अपराधी का पता चल जाएगा। बागची ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, हमने देखा है कि 8 दिसंबर को लोकसभा की अतारांकित प्रश्न संख्या 980 का जो जवाब दिया गया है, उसमें उत्तरदाता के रूप में वी मुरलीधरन का नाम दर्शाने के लिए तकनीकी सुधार की आवश्यकता है। यह उचित रूप से किया जा रहा है। बागची का जवाब मामले में मीडिया के सवालों के जवाब में आया। अतारांकित प्रश्न क्रमांक 980 को लोकसभा की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था, जिसमें उत्तरदाता के रूप में लेखी का नाम था। हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के शीर्षक वाला प्रश्न कांग्रेस सांसद कुंभकुडी सुधाकरन द्वारा पूछा गया था। संसद के निचले सदन में कन्नूर का प्रतिनिधित्व करने वाले सुधाकरन ने पूछा था कि क्या सरकार के पास हमास को भारत में आतंकवादी संगठन घोषित करने का कोई प्रस्ताव है, यदि हां, तो उसका विवरण और यदि नहीं, तो क्या कारण हैं। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या इजराइल सरकार ने हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए भारत सरकार से कोई मांग उठाई है, यदि हां, तो उसका विवरण क्या है। प्रश्न का उत्तर शुक्रवार को दिया गया और यह लोकसभा वेबसाइट पर अतारांकित प्रश्नों की सूची में शामिल है। प्रश्न के लिखित उत्तर में लेखी के हवाले से कहा गया था, किसी संगठन को आतंकवादी घोषित करना गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत आता है और किसी भी संगठन को आतंकवादी संगठन घोषित करने के बारे में संबंधित सरकारी विभागों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार विचार किया जाता है। शिवसेना (यूबीटी) की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी ने इस मामले को लेकर एक्स पर पोस्ट किया, क्या वह (लेखी) यह दावा कर रही हैं कि यह एक जाली जवाब है, यदि हां तो यह एक गंभीर मामला और तय नियमों का उल्लंघन है। स्पष्टीकरण मिलता है तो विदेश मंत्रालय की आभारी रहूंगी। चतुर्वेदी ने कहा, किसी और के माध्यम से प्रश्न पूछने के कारण कल एक सांसद (महुआ मोइत्रा) को निष्कासित कर दिया गया, आज एक मंत्री ने इस बात से इनकार किया कि संसदीय प्रश्न का उत्तर उनके द्वारा अनुमोदित नहीं किया गया था, क्या इसकी भी जांच नहीं की जानी चाहिए। क्या जवाबदेही की मांग नहीं होनी चाहिए, चाहे विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया कितनी भी सहज क्यों न हो। कांग्रेस नेता अभिताभ दुबे ने कटाक्ष करते हुए लेखी से सवाल किया, आपके लिए किसने लॉग इन किया?

भारत में...

है, क्योंकि कई बार कुछ मौतें रिपोर्ट नहीं की जाती हैं या राज्य मृत्यु के कारण का पता लगाने में विफल रहते हैं। भारत में 2021 में 127 और 2020 में 106 बाघों की मौत के मुकाबले 2022 में 121 बाघों की मौत की जानकारी सामने आई थी। इस वर्ष अब तक हुई 163 बाघों की मौतों में से 28 शावक थे जबकि कम से कम 10 अल्पवयस्क बाघ थे। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि इसका सीधा असर बाघों की आबादी की प्रजनन क्षमता पर पड़ सकता है। देश में विभिन्न बाघ अभ्यारण्यों के अंदर कम से कम 78 बड़ी बिल्लियों की मौत की सूचना मिली है, जबकि 86 की मौत उनके आवास के बाहर या उसके आसपास हुई है, जो मानव-पशु संघर्ष का संकेत देता है। ऐसा बाघों की आपसी क्षेत्रीय लड़ाई में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने की कोशिश के चलते होता है। उत्तराखंड से लगभग 19, असम और कर्नाटक से 11-11 और केरल से 13 बाघों की मौत की सूचना मिली है। एनटीसीए अधिकारियों के अनुसार, बाघों की मौत के संभावित कारणों में अवैध शिकार, निवास स्थान की हानि, मानव-वन्यजीव संघर्ष और बीमारियाँ शामिल हो सकती हैं। एनटीसीए प्रमुख एसपी यादव ने कहा, अगर बाघों की रिकॉर्ड मौतें हुई हैं तो इसका कारण यह है कि बाघों की रिकॉर्ड आबादी हुई है, जैसा कि नवीनतम जनगणना से अनुमान लगाया गया है। इसके साथ ही बेहतर सुरक्षा और संरक्षण योजना के कारण बाघों की संख्या बढ़ रही है। यादव ने यह भी कहा कि जंगल में औसत उम्र 10-12 साल ही होती है, इसलिए बूढ़े होने वालों की प्राकृतिक मौत तय है। शावकों की मृत्यु की अधिक संख्या पर उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि अधिक जन्म हो रहे हैं और औसतन 50 प्रतिशत नवजात मृत्यु दर बाघों जैसी बड़ी बिल्लियों में होती है। भारत वैश्विक जंगली बाघों की दो-तिहाई आबादी का घर है। हाल की बाघ जनगणना के अनुसार, भारत की बाघों की आबादी 2018 में 2,967 से बढ़कर 2022 में 3,682 हो गई। मध्य प्रदेश में देश में सबसे अधिक 785 शिकारियों के साथ बाघों की संख्या दर्ज की गई। कर्नाटक 563, उत्तराखंड में 560 और महाराष्ट्र 444 के साथ दूसरा सबसे बड़ा घर था। हालांकि, वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में बाघों की मौत की संख्या में वृद्धि वास्तव में उल्लेखनीय है और इन शानदार प्राणियों के संरक्षण के बारे में चिंता पैदा करती है। हालांकि अधिकारी सभी अभयारण्यों में बाघों की आबादी में वृद्धि को मौत का कारण बता सकते हैं, लेकिन एक वन्यजीव विशेषज्ञ ने स्थिति पर कहा, बाघों की आबादी की भलाई और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इन मौतों के कारणों की पूरी तरह से जांच करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव अधिकारियों के लिए विशिष्ट कारणों को निर्धारित करने और उचित संरक्षण उपाय करने के लिए प्रत्येक मामले का विस्तृत विश्लेषण करना आवश्यक है। तथ्य यह है कि बाघों की जनगणना से संकेत मिलता है कि बड़ी बिल्लियों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो समग्र संरक्षण प्रयास के लिए सकारात्मक है। हालाँकि, बाघों के सामने आने वाले खतरों का समाधान करके स्वस्थ और टिकाऊ आबादी बनाए रखने पर ध्यान देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। भारत में बाघों के दीर्घकालिक अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी और प्रभावी संरक्षण रणनीतियों का कार्यान्वयन प्रमुख तत्व हैं। वन्यजीव विशेषज्ञ ने कहा कि अधिकारियों को इन प्रतिष्ठित और लुप्तप्राय प्रजातियों की सुरक्षा के लिए संरक्षण प्रयासों की निगरानी और बाघों के अनुकूल व्यवस्था को जारी रखना चाहिए।

भाजपा खरमास...

उतरी और उसे 199 में से 163 सीटों का भारी जनादेश मिला। भाजपा ने रविवार को छत्तीसगढ़ में विधायक दल की बैठक की तारीख तय की है, जहां केंद्रीय मंत्री अर्जुन

जलवायु कार्रवाई का आधार समान हो : भारत

● सीओपी28 में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव बोले-न्याय का रखें ख्याल

भाषा। दुबई

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को यहां सीओपी28 में कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि समानता और जलवायु न्याय, जलवायु कार्वाई का आधार होना चाहिए तथा यह तभी सुनिश्चित किया जा सकता है जब विकसित देश जलवायु परिवर्तन से निपटने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने वार्षिक जलवायु सम्मेलन के दौरान उच्चस्तरीय खंड में राष्ट्रीय वक्तव्य देते हुए उत्सर्जन तीव्रता को कम करके तापमान वृद्धि रोकने के वैश्विक कार्य में भारत के योगदान और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए देश की कार्ययोजना पर भी प्रकाश डाला। मंत्री ने जोर देकर कहा, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से आर्थिक विकास को अलग करने के हमारे प्रयास में, भारत ने 2005 और 2019 के बीच अपने सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में उत्सर्जन की तीव्रता को 33 प्रतिशत तक सफलतापूर्वक कम कर दिया है और इस प्रकार 2030 के लिए प्रारंभिक एनडीसी लक्ष्य को निर्धारित समय से 11 साल पहले हासिल कर लिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपेक्षाओं को पार कर लिया है और गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों के माध्यम से स्थापित विद्युत क्षमता का 40 प्रतिशत हासिल कर लिया है, जो कि 2030 के लक्ष्य से नौ साल पहले है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि भारत बढ़ी हुई जलवायु कार्वाई पर निर्णय लेने के लिए सार्थक और प्रासंगिक जानकारी प्रदान करने के वास्ते ग्लोबल स्टॉकटेक (जीएसटी) परिणाम को लेकर आशान्वित है। उन्होंने कहा, संसाधन जुटाना और एक नया सामूहिक गुणवत्ता एवं सामूहिक परिमाणित लक्ष्य विकासशील देशों की आवश्यकताओं द्वारा निर्देशित होना चाहिए।

भारत में विद्युतीकरण अभियान सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक: जॉन केरी

दुबई। जलवायु परिवर्तन पर अमेरिका के विशेष दूत जॉन केरी ने भारत में विद्युतीकरण अभियान को सबसे महत्वपूर्ण अवसरों में से एक बताते हुए कहा कि भारत जितनी तेजी से इस पहल को आगे बढ़ाएगा, उतना ही अधिक वह ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करेगा जिससे प्रदूषण में कमी आएगी और देश की समग्र सुरक्षा में वृद्धि होगी।उन्होंने कहा कि तेजी से विद्युतीकरण को अपनाना न केवल पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप है बल्कि देश के लिए स्वच्छ, अधिक टिकाऊऔर सुरक्षित भविष्य में भी योगदान देता है।वैश्विक जलवायु वार्ता सीओपी28 के दौरान भारतीय मंडप में एक कार्यक्रम में केरी ने कहा, भारत में विद्युतीकरण हमारे लिए सबसे बड़े अवसरों में से एक है। भारत जितनी तेजी से यह कर सकता है, वह उतना ही अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और प्रदूषण में कटौती में कटौती करेगा। इससे भारत की सुरक्षा बढ़ेगी। केरी ने कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की चक्रीय अर्थव्यवस्था की दूरदर्शी अवधारणा को अपनाना और कम कार्बन वाले सार्वजनिक परिवहन तक पहुंच का विस्तार करना एक रोमांचक संभावना है।

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में भारत सातवें स्थान पर, पिछले साल की तुलना में एक पायदान ऊपर

दुबई। भारत जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में इस साल पिछली बार की तुलना में एक पायदान ऊपर, सातवें स्थान पर पहुंच गया और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों में शुमार रहा। शुक्रवार को यहां वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी28 के दौरान जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक तैयार करने के लिए 63 देशों और यूरोपीय संघ के जलवायु शमन प्रयासों की निगरानी की गई, जो दुनियाभर में 90 प्रतिशत से अधिक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन करते है। सूचकांक में भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और ऊर्जा उपयोग श्रेणियों में उच्च रैंकिंग प्राप्त हुई है, लेकिन जलवायु नीति और नवीकरणीय ऊर्जा में पिछले वर्ष की तरह मध्यम रैंकिंग मिली है। सूचकांक में कहा गया है कि भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। सूचकांक पर आधारित रिपोर्ट में कहा गया है, हमारा डेटा दिखाता है कि प्रति व्यक्ति ग्रीनहाउस गैस श्रेणी में, देश दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के मानक को पूरा करने की राह पर है।

भारत कठिन समय में भी साझा हित के विषय पर विश्व को सहमत करने का सामर्थ्य रखता है: जयशंकर

भाषा। दुबई

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि भारत ने न केवल देश में प्रगति करने की क्षमता दिखाई है, बल्कि जी20 की अपनी अध्यक्षता के दौरान भी यह प्रदर्शित किया कि वह बहुत कठिन समय में भी दुनिया को साझा हित के विषय पर सहमत करने का सामर्थ्य रखता है। जयशंकर ने यह बात दुबई में भारतीय छात्रों और युवा पेशेवरों के साथ बातचीत के दौरान कही। उन्होंने भारत में परिवर्तन और देश एवं विदेश में भारतीयों के रोजर्मा के जीवन पर इसके प्रभाव पर दृष्टिकोण साझा किया। मृतकाल में छात्र और युवा पेशेवर विकसित भारत के निर्माण में सबसे आगे होंगे। भारत की प्रगति के बारे में बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि भारत ने जी20 की अध्यक्षता का कार्यकाल हाल में पूरा किया है। मंत्री ने कहा, इस अध्यक्षता के दौरान, भू-राजनीति के कारण, यूक्रेन संबंधी पूरे विवाद के कारण, इसे लेकर बहुत चिंता थी कि क्या हम सभी को एकसाथ ला सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह भी चिंता थी कि विशेषकर विकासशील दुनिया के देशों की मदद करने वाला जी20 का वास्तविक एजेंडा भटक सकता है। इसलिए, हमने न केवल देश में प्रगति करने की क्षमता दिखाई है, बल्कि हमने यह भी दिखाया है कि भारत बहुत कठिन और असहमति के समय में भी दुनिया को साझा हित के किसी विषय पर सहमत करने का सामर्थ्य रखता है।

क्विक न्यूज

इजराइली बलों ने उत्तरी गाजा में फलस्तीनी पुरुषों को हिरासत में लिया

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना उत्तरी गाजा में फलस्तीनी पुरुषों की घेराबंदी कर हमास आतंकवादियों की तलाश कर रही है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि आम नागरिकों को राहत सामग्री की आपूर्ति करने का उसका अभियान बुरी तरह बाधित हो गया है। हमास और इजराइल में युद्ध दो महीने से जारी है। फलस्तीनी लोगों को हिरासत में लिया जाना उत्तरी गाजा में इजराइली सेना का नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश को दर्शाता है। हमास के भारी प्रतिरोध के बीच उत्तरी गाजा के शहरी इलाकों में भीषण संघर्ष जारी है। सैन्य बलों और टैंकों के आने के छह सप्ताह बाद भी इलाके में हजारों लोग रह रहे है। बेइत लहिया शहर में लोगों को सामूहिक रूप से हिरासत में लिए जाने की पहली तस्वीरें बृहस्पतिवार को सामने आईं जिनमें दर्जनों पुरुष अर्द्धनग्न अवस्था में सड़कों पर घुटनों के बल बैठे दिख रहे है और उनके हाथ पीछे की ओर बंधे है। कुछ पुरुषों का सिर झुका हुआ है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इजराइली बलों ने आश्रय गृह के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे स्कूल में 15 साल से अधिक आयु के लड़कों एवं पुरुषों को कथित रूप से हिरासत में रखा है। अमेरिका ने गाजा में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम की मांग कर रहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के लगभग सभी सदस्यों और कई अन्य देशों द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव के खिलाफ विश्व निकाय में शुक्रवार को वीटो का इस्तेमाल किया। प्रस्ताव के समर्थकों ने तीसरे महीने भी युद्ध जारी रहने पर और लोगों की मौत तथा तबाही को लेकर आगाह किया और इसे दुखद दिन बताया। संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव के पक्ष में एक के मुकाबले 13 वोट पड़े। ब्रिटेन मतदान से दूर रहा।

चीन ने जलवायु सूचना एवं पूर्वानुमान प्रणाली शुरू करने का प्रस्ताव रखा

बीजिंग-कुनमिंग। चीन-हिंद महासागर क्षेत्र विकास सहयोग मंच (सीआईओआरएफ) की दूसरी बैठक में जलवायु सूचना एवं पूर्वानुमान प्रणाली परियोजना शुरू करने तथा रणनीतिक दृष्टि से इस महत्वपूर्ण क्षेत्र के देशों में आजीविका परियोजना चलाने का प्रस्ताव रखा गया है। चीन ने दक्षिण चीन के कुनमिंग में सात और आठ दिसंबर को चाइना इंटरनेशनल डेवलपमेंट कॉपरेशन एजेंसी (सीआईडीसीए) के तत्वावधान में सीआईओआरएफ की दूसरी बैठक की है। सीआईडीसीए एक ऐसा संगठन है जो सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी लीडरशिप समूह का हिस्सा है।सीआईडीसीए के अगुवा पूर्व विदेश मंत्री और भारत में चीन के राजदूत रह चुके लुओ झाओहुई है।सीआईडीसीए ने बैठक से पहले कहा था कि इस कार्यक्रम में चीन और 20 से अधिक अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों के लगभग 300 मेहमान हिस्सा लेंगे। लेकिन उसने उन देशों की सूची नहीं जारी की जिन्होंने इस बैठक में हिस्सा लिया। भारत को पिछली साल की बैठक में नहीं बुलाया गया था। यहां अधिकारियों का कहना है कि उन्हें नहीं पता कि इस बार भी उसे बुलाया गया है या नहीं। बैठक के बाद सीआईडीसीए द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम के सहयोग से जलवायु सूचना एवं पूर्वानुमान प्रणाली परियोजना शुरू करना तथा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के देशों के वास्ते छोटी आजीविका परियोजनाएं चलाना शामिल है।

कुछ राजनीतिक विरोधियों के देश में आंतकवादियों से हैं संबंध : पाकिस्तान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि कुछ राजनीतिक विरोधियों के देश में आतंकवादियों के साथ संबंध है और उन्होंने ब्रिटेन और अन्य देशों में शरण मांगी है। विदेश कार्यालय के प्रवक्त मुमताज जेहरा बलोच ने यह जानकारी बृहस्पतिवार को साप्ताहिक मीडिया संवाद के दौरान, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सहयोगी पर कथित तेजाब हमले को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में दी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता और अपदस्थ प्रधानमंत्री खान के पूर्व विशेष सहायक मिर्जा शहजाद अकबर ने पिछले हफ्ते दावा किया था कि ब्रिटेन स्थित आवास में उन पर हमला किया गया था। उन्होंने दावा किया कि उन पर अम्लीय तरल पदार्थ फेंका गया था। घटना के बारे में पूछे जाने पर विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ने हमले में पाकिस्तान और पाकिस्तानी एजेंसियों की संलिप्तता के किसी भी आरोप को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि अपने ही नागरिकों पर विदेश में हमला करना हमारी नीति नहीं है।

अमेरिका, द.कोरिया और जापान ने उ. कोरिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया

सियोल। अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों ने उत्तर कोरिया द्वारा रूस को कथित तौर पर हथियार भेजे जाने को लेकर चिंता जताई और उसके द्वारा परमाणु हथियारों तथा मिसाइलों का विकास किए जाने तथा अन्य देशों के साथ सैन्य सहयोग पर अंकुश लगाने के लिए शनिवार को मजबूत अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान किया। कोरिया प्रायद्वीप में हाल के वर्षों में सर्वाधिक तनाव के बीच सियोल में यह बैठक हुई। बैठक के बाद एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सुरक्षा कार्यालय के निदेशक चो ताइ-योंग ने कहा कि तीनों सुरक्षा सलाहकारों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कई प्रस्तावों के तहत उत्तर कोरिया के दायित्वों की पुष्टि की, जिसमें उसके परमाणु निरस्त्रीकरण और अन्य देशों के साथ हथियारों के व्यापार पर प्रतिबंध का आह्वान किया गया है। चो ने कहा कि तीनों अधिकारियों ने उत्तर कोरिया द्वारा पिछले महीने एक जासूसी उपग्रह के प्रक्षेपण को लेकर उस पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के लिए दक्षिण कोरिया, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की प्रशंसा की। इस बैठक के बाद अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवान ने कहा कि वाशिंगटन रक्षा सहयोग मजबूत करने के लिए सियोल और तोक्यो के साथ मिलकर काम कर रहा है। सुलिवान ने शुक्रवार को चो और जापान के राष्ट्रीय सुरक्षा सचिवालय के महासचिव ताइको अकीबा के साथ अलग से द्विपक्षीय वार्ता भी की। उन्होंने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक यियोल से भी मुलाकात की।

सऊदी अरब भारतीय के लिए देगा सुविधा

दुबई। सऊदी अरब के हज मंत्री की अध्यक्षता में भारत गणराज्य में पहला रोड शो आयोजित किया गया। उमरा व डॉ. तौफिग अलराबिया, जिसमें प्रमुख प्रतिनिधियों की भागीदारी थी विभिन्न उमरा साझेदार और ट्रैवल एजेंट भ मौजूद रहे। रोड शो में विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अधिकारियों के साथ जुड़ने पर ध्यान केंद्रित किया गया और आह्वान किया गया भारत और सऊदी में अग्रणी यात्रा और उमरा कंपनियों के साथ सहयोग का स्तर बढ़ा।इसके अतिरिक्त रोड शो ने आकर्षक व्यापार अवसरों की खोज की और प्रोत्साहन की पेशकश की निजी क्षेत्र तीर्थयात्रियों के लिए एक सहज उमरा अनुभव प्रदान करेगा।

भारवंशी उषा रेड्डी ने कंसास राज्य सीनेट के लिए दोबारा दावेदारी पेश की

न्यूयॉर्क। अमेरिका के कंसास प्रांत के 22वें जिले से भारतीय मूल की अमेरिकी सीनेटर उषा रेड्डी ने प्रांतीय विधानमंडल में एक और कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की है। अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की सदस्य उषा रेड्डी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। उषा रेड्डी ने एक्स पर लिखा, वर्ष 2024 के कंसास प्रांत से सीनेट चुनाव के लिए एक उम्मीदवार के रूप में पर्चा दाखिल किया। सार्वजनिक सेवा मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और मैं सीनेटर के रूप में जनता के लिए काम करना जारी रखने के लिए समर्पित हूं। उनका कार्यकाल जनवरी 2025 तक समाप्त होने की उम्मीद है।

पाकिस्तान में पांच वांछित आतंकवादी सेना के साथ हुई मुठभेड़ में ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत उत्तर पूर्वी क्षेत्र में एक अभियान के दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में कम से कम पांच वांछित आतंकवादी ढेर हो गए। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना शुक्रवार को दक्षिणी वजीरिस्तान के सीमावर्ती जिले टांक में हुई, जहां सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खबर मिलने के बाद अभियान चलाया था।सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि दोनों ओर से हुई गोलीबारी में पांच आतंकवादी ढेर हो गए।सुरक्षा बलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार और गोलाबारूद बरामद किया है।

ऑक्सफोर्ड हाई स्कूल पर हमले के लिए किशोर को आजीवन कारावास की सजा

पोंटियाक (अमेरिका)। अमेरिका के पोंटियाक में एक न्यायाधीश ने ऑक्सफॉर्ड हाई स्कूल में चार छात्रों की हत्या करने और अन्य के मन में भय पैदा करने के लिए मिशिगन के एक किशोर को शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। न्यायाधीश क्वामे रोवे ने कम सजा देने की बचाव पक्ष के वकीलों के अनुरोध खारिज कर दिए और कहा कि एंथनी ह्रुंबले (17) को पेरोल का अवसर न दिया जाए। वर्ष 2021 में अपने स्कूल में हमले के दौरान ह्रुंबले की उम्र 15 वर्ष थी।

अमेरिका: मेन में बर्फ की मोटाई नाप रहे व्यक्ति की डूबने से मौत

मिलिनकेट। अमेरिका के मेन क्षेत्र में एक झील पर जमी बर्फ की मोटाई का पता लगा रहे एक व्यक्ति की बर्फीले पानी में गिर कर डूबने से मौत हो गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि मिलफ्रेड के रहने वाले वाल्टर डेमन्स (62) क्वैकिश झील में मछली पकड़ने की तैयारी के तहत बर्फ की मोटाई पता करने के लिए अपने एक मित्र के साथ छेद कर रहे थे।

मेक्सिको में आपराधिक गिरोह एवं ग्रामीणों के बीच संघर्ष में 11 लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी। मध्य मेक्सिको में एक छोटे कृषक समुदाय के लोगों और एक आपराधिक गिरोह के बंदूकधारियों के बीच शुक्रवार को संघर्ष में 11 लोगों की मौत हो गई। सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो में गांव के लोग राइफल लिए गिरोह के सदस्यों का पीछा करते नजर आ रहे है और इस बीच गोलियां चलने की आवाजें सुनाई दे रही है। मेक्सिको पुलिस ने बताया कि यह संघर्ष राजधानी मेक्सिको सिटी से लगभग 130 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में टेक्सकल्टिटलन गांव में हुआ। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से आठ आपराधिक गिरोह के सदस्य थे, जबकि तीन गांव के निवासी थे।

भारत को प्रति व्यक्ति उच्च कार्बन उत्सर्जन वाले देशों के साथ नहीं जोड़ा जा सकता: यूरोपीय संसद सदस्य

दुबई। यूरोपीय संसद के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि भारत का प्रतिव्यक्ति कार्बन उत्सर्जन बेहद कम है, ऐसे में इसे चीन और अमेरिका जैसे देशों से जोड़ना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। जर्मनी के नेता और यूरोपीय संसद के सदस्य पीटर लीसे ने यहां संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन में पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, जब जर्मनी में लोगों के पास दो कार हैं, तो भारतीय लोगों के पास भी एक कार तो होनी ही चाहिए। प्रति व्यक्ति उत्सर्जन कम होने के बावजूद जलवायु शिखर सम्मेलन में भारत को अमेरिका जैसे प्रमुख उत्सर्जकों के साथ जोड़ने के ठोस प्रयास किए गए हैं।लीसे ने कहा, "हर किसी के लिए यह स्वीकार करना बहुत महत्वपूर्ण है कि संयुक्त अरब अमीरात, चीन और अमेरिका का प्रति व्यक्ति उत्सर्जन... वे भारत से बहुत अलग हैं। यूरोप में कई लोग चीन और भारत को और कभी-कभी खाड़ी देशों को एक ही नजर से देखते हैं, जो पूरी तरह अस्वीकार्य है। इन देशों की तुलना में भारत में प्रति व्यक्ति उत्सर्जन बहुत कम है"।

इजराइल की हमास के खिलाफ गाजा में बमबारी जारी

भाषा। राफाह (गाजा पट्टी)

इजराइली लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार की रात भी गाजा पट्टी में बमबारी जारी रखी और दक्षिणी इलाकों के कुछ उस हिस्से में भी बम बरसाए जहां पर उसने फलस्तीनियों को जाने के लिए कहा था। नवीनतम हमले अमेरिका द्वारा गाजा में मानवीय आधार पर तत्काल संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को वीटो करने के एक दिन बाद हुए, जबकि इसे सुरक्षा परिषद के अधिकांश सदस्यों और कई अन्य देशों का समर्थन प्राप्त था। 15 सदस्ईय परिषद में प्रस्ताव के पक्ष में 13 और विरोध में एक मत पड़ा जबकि ब्रिटेन अनुपस्थित रहा। मतदान से पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने कहा, हवा, जमीन और समुद्र के रास्ते लगातार तीव्र और व्यापक हमले हो रहे हैं। उन्होंने परिषद में कहा, गाजा वासियों को गेंद की तरह इधर से उधर जाने को कहा जा रहा है। उन्हें जीवित रहने के लिए किसी भी बुनियादी सुविधा के बिना दक्षिण की छोटी-छोटी पट्टियों में रहने को मजबूर किया जा रहा है। गाजा की सीमा इजराइल और मिस्त्र से लगती है जिसे सील कर दिया गया है जिसकी वजह से फलस्तीनियों के पास इलाके में ही शरणार्थी के तौर पर रहने का विकल्प है। हमास नियंत्रित गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक युद्ध शुरू होने से अब तक 17,400 लोग मारे गए हैं जिनमें से अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इजराइल नागरिकों की मौत के लिए हमास को जिम्मेदार ठहराता है और आतंकवादियों पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाता है। इजराइल के मुताबिक उसने नागरिकों को नुकसान कम करने के लिए अपने निकासी आदेशों के अमल के लिए काफी प्रयास किए हैं। गाजा निवासियों ने शनिवार को बताया कि गाजा पट्टी के उत्तरी हिस्से के साथ-साथ दक्षिण में हवाई हमले और गोलाबारी की सूचना दी, जिसमें राफाह शहर भी शामिल है,।

अमेरिका का गाजा में तत्काल मानवीय संघर्षविराम संबंधी प्रस्ताव पर वीटो

संयुक्त राष्ट्र। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल-हमास संघर्ष पर एक प्रस्ताव के मसौदे पर वीटो कर दिया जिसमें गाजा में तत्काल मानवीय संघर्ष विराम और हमास आतंकवादी समूह द्वारा बंधक बनाए सभी बंधकों की तुरंत और बिना शर्त रिहाई की मांग की गई थी। संयुक्त राष्ट्र की 15 सदस्ईय सुरक्षा परिषद ने संयुक्त अरब अमीरात द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव पर शुक्रवार को मतदान किया और 90 से अधिक सदस्य देशों ने इसका समर्थन किया। प्रस्ताव के पक्ष में परिषद के सदस्यों के 13 वोट पड़े जबकि ब्रिटेन मतदान से दूर रहा। प्रस्ताव पर मतदान ऐसे वक्त में हुआ है जब इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने इजराइल-हमास संघर्ष में मानवीय संघर्ष और मानवीय विनाश से बचने के लिए सुरक्षा परिषद से अपील करने के वास्ते संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 99 का इस्तेमाल किया जो एक असाधारण कदम है। मतदान से पहले गुतारेस ने परिषद से तत्काल मानवीय संघर्षविराम, नागरिकों की रक्षा और जीवनरक्षक सहायता की तत्काल आपूर्ति के लिए कोई कोर कसर न छोड़ने का अनुरोध किया।

करगिल योजना का विरोध करने पर 1999 में मुझे अपदस्थ किया गया : नवाज शरीफ

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने शनिवार को कहा कि करगिल योजना का विरोध करने को लेकर (दिवंगत) जनरल परवेज मुशर्फ ने 1999 में उन्हें सरकार से अपदस्थ किया था। शरीफ ने कहा कि उन्होंने भारत और अन्य पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंधों के महत्व को रेखांकित किया था। वह पाकिस्तान के तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके है। उन्होंने सवाल किया कि समय से पहले उन्हें प्रधानमंत्री के पद से क्यों हटाया गया? शरीफ ने कहा, मुझे बताया जाना चाहिए कि मुझे 1993 और 1999 में क्यों अपदस्थ किया गया था। जब मैंने करगिल योजना का यह कहते हुए विरोध किया था कि यह नहीं होना चाहिए...मुझे (जनरल परवेज मुशर्फ) अपदस्थ कर दिया। और बाद में, मैंने जो कुछ कहा था, वह सही साबित हुआ। शरीफ आगामी चुनावों के लिए अपनी पार्टी से टिकट के आकांक्षियों से बातचीत करने यहां आए थे। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नेता शरीफ ने कहा कि प्रधानमंत्री रहने के दौरान सभी तीन मौकों पर उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें अपदस्थ कर दिया गया और वह नहीं जानते कि ऐसा क्यों किया गया। उन्होंने कहा, मैं जानना चाहता हूं कि मुझे हर बार क्यों अपदस्थ किया गया। शरीफ ने यह भी उल्लेख किया कि भारत के दो प्रधानमंत्री उस समय पाकिस्तान की यात्रा पर आए थे जब वह (शरीफ) देश (पाकिस्तान) के प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा, हमने हर मोर्चे पर अच्छा कार्य किया। प्रधानमंत्री के मेरे कार्यकाल के दौरान, भारत के दो प्रधानंत्रियों ने पाकिस्तान का दौरा किया। (नरेन्द्र)मोदी साहब और (अटल बिहारी) वाजपेई साहब लाहौर आए थे। पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत तथा अन्य पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में सुधार पर जोर दिया। शरीफ ने कहा, भारत, अफगानिस्तान और ईरान के साथ हमें अपने संबंध बेहतर करने होंगे। हमें चीन के साथ और मजबूत संबंध बनाने की जरूरत है। उन्होंने अफसोस जताया कि पाकिस्तान आर्थिक वृद्धि के मामले में अपने पड़ोसी देशों से पीछे छूट गया है। शरीफ अगले साल 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए पार्टी के टिकट देने के लिए रोजाना बैठकें कर रहे है।

पुतिन ने कड़ी नीतियों के लिए मोदी को सराहा

उन्हें रूस-भारत संबंधों का मुख्य गारंटर बताया

भाषा। मास्को

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने किसी दबाव से डरे बिना भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कड़े रुख की प्रशंसा की और कहा कि उनके द्वारा अपनाई गई नीति दोनों देशों के विकसित हो रहे द्विपक्षीय संबंधों की मुख्य गारंटर है।पुतिन ने रशिया कॉलिंग मंच पर यह टिप्पणी की। रूसी नेता ने कहा कि वह कल्पना नहीं कर सकते कि मोदी को ऐसा कोई भी कार्य करने, कदम उठाने, निर्णय लेने के लिए डराया, धमकाया या मजबूर किया जा सकता है जो भारत एवं भारतीयों के राष्ट्रीय हितों के विपरीत हो। उन्होंने कहा कि रूस और भारत के संबंध सभी क्षेत्रों में मजबूत हो रहे हैं।पुतिन ने शुक्रवार को घोषणा की थी कि वह देश के राष्ट्रपति पद के लिए 2024 में होने वाला अगला चुनाव भी लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि वह मोदी पर गैर-मित्र देशों के कारण पड़ने वाले प्रभाव को समझ सकते हैं।रूसी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, पुतिन ने खुलासा किया कि उन्होंने एवं मोदी ने इस विषय पर कभी चर्चा तक नहीं की।रूस के राष्ट्रपति ने कहा, जो हो रहा है, मैं उसे बाहर से देखता हूं और स्पष्ट रूप से कहूं तो मुझे भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए उनके सख्त रुख को लेकर कभी-कभी हैरानी होती है। यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस पर पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बीच अपना अलग रास्ता बनाने और रियायती दरों पर रूस से कच्चे तेल का आयात जारी रखने के लिए पश्चिम के देशों ने भारत की आलोचना की है।

पुतिन के पुन: राष्ट्रपति चुने जाने की संभावना के बावजूद विपक्षी दलों ने लड़ने का संकल्प लिया

तालिन (रूस)। रूस में राष्ट्रपति पद के लिए 2024 में होने वाले चुनाव में व्लादिमीर पुतिन के पुन: जीतने की प्रबल संभावनाओं के बावजूद विपक्ष के नेताओं ने उनका मुकाबला करने और उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने का संकल्प लिया है।रूस में विपक्ष के नेताओं का मानना है कि मतदाता भले ही किसी को भी वोट दें, विजेता पुतिन ही होंगे, लेकिन वे उन्हें मिलने वाले व्यापक जन समर्थन को कमजोर करने की कोशिश करेंगे और यह दिखाएंगे कि यूक्रेन पर हमले का विरोध करने वाले लोग अकेले नहीं है।जेल में बंद विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी ने सलाखों के पीछे से जारी एक ऑनलाइन बयान में कहा कि वह यह लड़ाई लड़ेंगे।

इटली : रोम के अस्पताल में आग, तीन की मौत

रोम। गाने और इमारत में धुआ भरने की वजह से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। अस्पताल में भर्ती मरीजों को आग की वजह से अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करना पड़ा। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। टिवोली के मेयर कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि सेंट जॉन द इवानजेलिस्ट हॉस्पिटल की गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती मरीजों को तत्काल एंबुलेंस के जरिए दूसरे अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। बयान के मुताबिक, कम गंभीर मरीजों को अन्य अस्पतालों से स्थानांतरित करने से पहले नगर निकाय के जिमनेजियम में रखा गया। लाजियो क्षेत्र के गवर्नर फ्रांसेस्को रोका ने बताया कि अस्पताल में तीन लोगों की मौत हुई है और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने स्वीकार किया कि जर्जर हो रहे अस्पताल में पानी की बौछार करने वाले उपकरण और अग्नि सुरक्षा ढांचा को स्थापित करने में उल्लेखनीय देरी हुई है।

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती फातिमा खातून (जीवीए धारक), संपत्ति सं. 1246-ए/13 पर निर्मित, बायीं ओर बिना छत अधिकार के तृतीय तल, कुल एरिया परिमाप 68 वर्ग गज, खसरा नंबर 93 में से, गोविंद पुरी, कालका जी, नई दिल्ली, विशेष पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 26.04.2010 के माध्यम से मालिक हैं श्री सूर्य नंदन सहाय पुत्र श्री हरि केशवर के द्वारा निष्पादित जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी दिनांक 26.04.2010 है सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मोहम्मद सरवर और श्रीमती पम्पा शर्मा उक्त संपत्ति को एसएमएफकजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) के पास गिरवी रख दिया हैं। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रूप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रभुल लता, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (हौ फर्म)
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 8130200837

सर्वसाधारण सूचित

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फ्लैट संख्या सी-32, जलवायु विहार, सेक्टर 21, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उ.प्र. के मूल आवंटी श्री एम एल कपूर पुत्र स्व. श्री रामजी दास कपूर निवासी डी- 45, सेक्टर 12, नोएडा, उ.प्र. ने उक्त फ्लैट को दिनेश नेगी पुत्र स्वर्गीय श्री राजे सिंह नेगी निवासी ई-101, ड

चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी: मोदी

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मोदी की गारंटी में दम है और कुछ राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि झूठी घोषणाएं करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है और लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है। प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि अगर उन्होंने स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव, मुसीबतों व तकलीफों में नहीं रहती। उन्होंने कहा, हमारी सरकार माई-बाप सरकार नहीं है, बल्कि माता-पिता की सेवा करने वाली सरकार है। जिस तरह एक बच्चा अपने माता-पिता की सेवा करता है, उसी तरह यह मोदी आपकी सेवा के लिए काम करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा, मोदी गरीबों, वंचितों की परवाह करता है, जिनकी किसी को परवाह नहीं थी। जिनके लिए कार्यालयों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे, मोदी न केवल उनकी देखभाल करता है, बल्कि वह उनकी पूजा करता है। मेरे लिए हर गरीब वीआईपी है, हर मां, बेटी, बहन वीआईपी है, हर किसान वीआईपी है, हर युवा वीआईपी है। उन्होंने कहा कि लेकिन सवाल यह है कि देश उन लोगों पर भरोसा क्यों नहीं करता जो हमारा विरोध करते हैं। मोदी ने कहा, कुछ राजनीतिक दलों को समझ नहीं आ रहा है कि वे झूठी घोषणाएं करके कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे। चुनाव लोगों के बीच जाकर जीते जाते हैं, सोशल मीडिया पर नहीं। उन्होंने कहा, चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है। लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है। अगर विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के बजाए सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों न रहती। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में हाल में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों की आज भी बहुत चर्चा हो रही है।उन्होंने कहा, इन चुनाव के नतीजों ने साफ कर दिया है कि मोदी की गारंटी में ही दम है। मैं सभी मतदाताओं का आभारी हूं, जिन्होंने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा को जरूरतमंदों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत ही कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा, पहले जो भीख मांगने की मन:स्थिति रहती थी अब वह चली गई। सरकार ने जरूरतमंदों की पहचान की और फिर उन तक लाभ पहुंचाने के लिए कदम उठाए। तब ही आज लोग कहते हैं- मोदी की गारंटी यानी, गारंटी पूरी होने की गारंटी।

महिलाएं बड़ी जाति, विभाजनकारी राजनीति से रहें आगाह: प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (भाषा)। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को महिलाओं को विभाजनकारी राजनीति से आगाह किया और कहा कि वे एक बड़ी जाति हैं, जो किसी भी चुनौती का मिलकर सामना कर सकती हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा की महिला लाभार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्होंने कहा, सभी महिलाओं को एक साथ रहना चाहिए। आजकल, कुछ लोग महिलाओं के बीच दरार पैदा कर रहे हैं... सभी महिलाओं की एक जाति होती है, जो इतनी बड़ी है कि वे किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं। बाद में एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उन्होंने महिलाओं को विभाजनकारी राजनीति से सतर्क होने के लिए आगाह किया, ताकि उनके बीच दरार ना पैदा की जा सके। सत्तारूढ़ भाजपा ने कई कल्याणकारी योजनाओं के साथ महिला मतदाताओं को लुभाया है। कुछ सर्वेक्षणों से पता चला है कि महिलाओं ने कई विधानसभा चुनावों में पार्टी के लिए अधिक उत्साह से मतदान किया है। मोदी की इस टिप्पणी को कांग्रेस और अन्य दलों पर कटाक्ष के तौर पर देखा जा रहा है, जो जाति आधारित जनगणना पर जोर दे रहे हैं, जबकि प्रधानमंत्री पिछले कुछ दिनों से लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि गरीब, महिलाएं, युवा और किसान उनके लिए चार सबसे बड़ी जातियां हैं और इनकी प्रगति से भारत विकसित बनेगा।

बिहार के दरभंगा की प्रियंका यादव के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री ने उक्त टिप्पणी की। प्रियंका ने कहा था कि कैसे केंद्र सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं ने उनके परिवार को कोविड-19 के प्रकोप के बाद वित्तीय संकट से उबरने में मदद की, क्योंकि उन्हें मुफ्त अनाज और नकद लाभ भी मिला। प्रधानमंत्री ने उनसे अपने गांव में सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के हर गांव तक पहुंच रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी कल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए हर लाभार्थी तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पहले कागजों और फीता काटने के समारोहों तक ही सीमित रहते थे। जम्मू-कश्मीर के शेखपुरा की दूध विक्रेता और विकसित भारत संकल्प यात्रा की लाभार्थी नाजिया नजीर ने कहा कि जल जीवन मिशन उनके गांव के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ है, क्योंकि पहले वहां पानी की समस्या थी, लेकिन आज नल से स्वच्छ और सुरक्षित पानी की आपूर्ति उनके घरों तक पहुंच रही है। मोदी ने जिन अन्य लाभार्थियों के साथ बातचीत की, उनमें एक किन्नर समुदाय की मोना भी शामिल थीं। वह रांची की रहने वाली थीं और पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से 10,000 रुपए का ऋण लेने के बाद अब चंडीगढ़ में एक चाय की दुकान की मालकिन हैं। प्रधानमंत्री ने जोर दिया कि किन्नर समुदाय को सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास की केंद्र सरकार की भावना को रेखांकित किया और कहा कि विकास समाज के हर तबके तक पहुंच रहा है।

भारत की जीडीपी वृद्धि पिछले 10 वर्षों के परिवर्तनकारी सुधारों का प्रतिबिंब

गांधीनगर (भाषा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत की 7.7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का प्रतिबिंब है। मोदी ने यहां आयोजित इनफिनिटी फोरम 2.0 सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक- सिटी (गिफ्ट सिटी) को नए युग की वैश्विक वित्तीय और प्रौद्योगिकी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाना चाहती है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत ने 7.7 फीसदी की जीडीपी वृद्धि हासिल की है...आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं और यह सिर्फ अपने आप नहीं हुआ। यह भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, इन सुधारों से देश की आर्थिक नींव मजबूत हुई है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब अधिकांश देश केवल राजकोषीय और मौद्रिक राहत पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, हमने दीर्घकालिक वृद्धि और आर्थिक क्षमता के विस्तार पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा, इस साल सितंबर में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान लगाया था कि भारत की वजह से वैश्विक वृद्धि दर 16 फीसदी रहेगी। मोदी ने कहा कि विश्व बैंक ने यह भी कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत से काफी उम्मीदें हैं। विश्व आर्थिक मंच ने कहा है कि भारत में लालफीताशाही कम हो गई है।

समाज में बदलाव लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम: धनखड़

जयपुर (भाषा)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि तकनीक को अपनाने में भारतीय प्रतिभा का दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। उपराष्ट्रपति ने बांसवाड़ा के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद में यह बात कही। शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि समाज में परिवर्तन लाने के लिए शिक्षा सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने जो इतना बड़ा करिश्मा करके दिखाया उसका आधार शिक्षा ही था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि विद्यार्थी शिक्षा को एक ऐसा माध्यम बनाएं, एक ऐसा सकारात्मक हथियार बनाएं कि वे स्वयं उस बदलाव का केंद्र बन सकें जो बदलाव वे देखना चाहते हैं।

जनता दल के नेता लालू प्रसाद यादव ने सपरिवार तिरुपति के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन किया

पीएमएवाई-जी के तहत मृत, अपात्र व्यक्तियों को फायदा दिया गया

पटना (भाषा)। बिहार के 10 जिलों में की गई एक ऑडिट में यह पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत मृत व्यक्तियों को लाभ, अपात्र लोगों को योजना की किस्त का भुगतान और निर्मित ही नहीं हुए आवास के लिए पूरी सहायता राशि की अदायगी की गई। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आवास स्थलों की अवास्तविक जियो टैगिंग (भू-अवस्थिति) और गलत खातों में किस्तों का भुगतान ऐसी विसंगतियां हैं, जिन्हें महालेखाकार (एजी-बिहार) की ऑडिट टीम ने राज्य में ग्रामीण आवासीय योजना के क्रियान्वयन की ऑडिट के दौरान पाई हैं। कार्य निष्पादन ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के सचिव एन श्रवण कुमार ने हाल में सभी उप विकास आयुक्तों (डीडीसी) और संबद्ध अधिकारियों को कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए केंद्र के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा था। उन्होंने पत्र में कहा, केंद्र के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा जारी पीएमएवाई-जी क्रियान्वयन फ्रेमवर्क के तहत, संबद्ध अधिकारियों को पारदर्शिता और दिशानिर्देशों का सख्त अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। डीडीसी को भेजे गए पत्र के अनुसार, पीएमएवाई-जी के क्रियान्वयन में विसंगतियों में राज्य में कुछ खास मामलों में मृत व्यक्तियों के नाम पर लाभ प्रदान किया जाना, अपात्र लाभार्थियों को किस्तों की अनियमित भुगतान, अवास्तविक जियो- टैगिंग, गलत खातों में किस्त का भुगतान शामिल हैं।

पत्र की एक प्रति पीटीआई के पास उपलब्ध है। पत्र के अनुसार, ऑडिटर ने यह भी पाया कि कुछ खास क्षेत्रों में व्यापक वार्षिक कार्य योजना तैयार नहीं की गई, कोरम के बगैर ग्राम सभा की बैठकों में मंजूरी प्रदान की गई, निर्मित ही नहीं हुए आवास को पूरी सहायता राशि का भुगतान किया गया।

क्विक न्यूज

असम के मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता ने कपिल सिब्बल पर पलटवार किया

गुवाहाटी (भाषा)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने राज्य को लेकर दिए गए एक बयान के संबंध में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल पर पलटवार किया है। सिब्बल ने दावा किया था कि असम कभी म्यांमा का हिस्सा था। असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने सिब्बल को पत्र लिखकर बयान वापस लेने और माफी मांगने को कहा। इस सप्ताह की शुरुआत में नागरिकता मुद्दे पर सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय में पेश हुए सिब्बल ने दावा किया था कि असम म्यांमा का हिस्सा था और 1824 में ब्रिटिश द्वारा क्षेत्र का कुछ हिस्सा जीतने के बाद इसे उन्हें सौंप दिया गया था। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए, शर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि असम पर कुछ समय के लिए कब्जे को छोड़कर राज्य कभी भी म्यांमा का हिस्सा नहीं था। मुख्यमंत्री ने कहा, असम कभी भी म्यांमा का हिस्सा नहीं था। यह सच है कि अहोम शासन के दौरान वहां (म्यांमा) के लोगों का हमारे लोगों के साथ संघर्ष हुआ था। लगभग एक-दो महीने की संक्षिप्त अवधि के लिए, हम म्यांमा के कब्जे जैसी स्थिति में थे। शर्मा ने कहा, जिन लोगों को इतिहास के बारे में कोई जानकारी नहीं है, उन्हें टिप्पणी करने से बचना चाहिए। सैकिया ने शनिवार को सिब्बल को लिखे पत्र में दावा किया, असम के इतिहास की गलत प्रस्तुति बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसने असम के गौरव और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद और एएएमएसयू ने आपको असम के इतिहास के बारे में गलत जानकारी प्रदान की होगी और आपकी टीम प्रस्तुति से पहले जानकारी की जांच करने में विफल रही है।

तेलंगाना की नई कांग्रेस सरकार में मंत्रियों को विभाग आवंटित किए गए

हैदराबाद (भाषा)। तेलंगाना में कांग्रेस की नई सरकार में शनिवार को मंत्रियों के विभागों की घोषणा कर दी गई। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने नगरपालिका प्रशासन, सामान्य प्रशासन, कानून एवं व्यवस्था और अन्य सभी गैर आवंटित विभागों को अपने पास रखा है। उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क को वित्त और योजना, ऊर्जा जैसे अहम विभाग आवंटित किए गए हैं। एन. उत्तम कुमार रेड्डी को सिंचाई और सीएडी, खाद्य तथा नागरिक आपूर्ति का प्रभार दिया गया जबकि दामोदर राजानरसिम्हा अब स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री बनाए गए हैं। कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी को सड़क, भवन और सिनेमैटोग्राफी विभाग का प्रभार दिया गया है। डुडिला श्रीधर बाबू को सूचना प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, उद्योग एवं वाणिज्य और विधाई मामलों का विभाग दिया गया है। पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी को राजस्व और आवास, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का प्रभार दिया गया जबकि पोन्नम प्रभाकर परिवहन, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग संभालेंगे। कोंडा सुरेखा को पर्यावरण और वन, बंदोबस्ती विभाग आवंटित किया गया। डी अनसुइया राज्य की पंचायत राज एवं ग्रामीण विकास (ग्रामीण जल आपूर्ति सहित) और महिला एवं बाल कल्याण मंत्री बनाई गई हैं। तुम्मला नागेश्वर राव कृषि को विपणन, सहकारी, हथकरघा और कपड़ा उद्योग मंत्री बनाया गया है, जबकि जुपल्ली कृष्ण राव को निषेध और आबकारी विभाग, पर्यटन, संस्कृति और पुरातत्व विभाग का प्रभार दिया गया है।

आईएमए से पास आउट हुए 372 कैडेट

देहरादून(भाषा)। भारतीय सैन्य अकादमी से 372 कैडेट शनिवार को यहां से पास आउट हुए। इन 372 कैडेट में 12 मित्र देशों के 29 कैडेट शामिल हैं और ए अपने-अपने देशों की सेनाओं में अधिकारी के रूप में नियुक्त होने के लिए तैयार हैं। श्रीलंका के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल शैवेंद्र सिल्वा ने पासिंग आउट परेड को समीक्षा अधिकारी के रूप में संबोधित किया और इन कैडेट को उनका कठोर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर बधाई देने के साथ ही उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। जनरल सिल्वा ने कहा कि उनकी परेड उनके उच्च स्तर के प्रशिक्षण को दर्शाती है और उन्हें विश्वास है कि पास आउट होने वाले कैडेट प्रतिबद्धता, निष्ठा और वीरता के साथ अपनी मातृभूमि की सेवा करेंगे।

बालक नाथ ने मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल होने की अटकलों पर कहा: नजरअंदाज करें

जयपुर (भाषा)। राजस्थान की तिजारा विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालकनाथ ने आगामी मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में उनके नाम को लेकर चल रही चर्चाओं पर शनिवार को कहा कि लोग ऐसी चर्चाओं को नजरअंदाज करें। विधायक ने कहा कि उन्हें अभी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में अनुभव प्राप्त करना है। बालकनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, चुनाव परिणाम आने के बाद से मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं को नजरअंदाज करें। मुझे अभी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में अनुभव प्राप्त करना है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि पार्टी ने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनता-जनार्दन ने पहली बार सांसद व विधायक बना कर राष्ट्र सेवा का अवसर दिया।

स्टालिन ने चक्रवात प्रभावितों को छह-छह हजार की नकद सहायता देने की घोषणा की

चेन्नई (भाषा)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने राज्य में मिगजॉम तूफान से प्रभावित लोगों को छह-छह हजार रुपए की नकद सहायता देने और फसल खराब होने पर मिलने वाला मुआवजा सहित विभिन्न श्रेणियों में राहत राशि बढ़ाने की शनिवार को घोषणा की। सरकार द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, यह सहायता उन लोगों को दी जाएगी जिनका जीविकोपार्जन चक्रवात के कारण प्रभावित हुआ है। सरकार यह सहायता राशन की दुकानों पर नकदी के रूप में देगी। चक्रवाती तूफान मिगजॉम के कारण तीन और चार दिसंबर को चेन्नई और आसपास के जिलों चेंगलपेट, कांचीपुरम और तिरुवल्लूर में मूसलाधार बारिश हुई, जिससे बाढ़ आ गई तथा जानमाल की हानि हुई।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद सचिवालय में उनकी अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें बाढ़ से हुए नुकसान और प्रभावित लोगों को प्रदान की जाने वाली राहत की समीक्षा की गई। एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि स्टालिन ने धान सहित बारिश से प्रभावित फसलों (33 प्रतिशत और अधिक) के लिए मुआवजा 13,500 रुपए प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 17,000 रुपए करने का आदेश दिया है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, यदि बारहमासी फसलें और पेड़ प्रभावित हुए हैं, तो प्रति हेक्टेयर मुआवजा 18,000 रुपए से बढ़ाकर 22,500 रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया जाएगा। वर्षा आधारित फसलों के लिए मुआवजा 7,410 रुपए प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 8,500 रुपए किया जाएगा। विज्ञप्ति के मुताबिक, चक्रवात के कारण बारिश से जुड़ी घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि चार लाख रुपए से बढ़ाकर पांच लाख रुपए की जाएगी। नावों और मछली पकड़ने के जालों को नुकसान होने की स्थिति में सहायता देने के लिए सरकार ने श्रेणी-वार रूपरेखा तैयार की है।

भाजपा विधायकों की बैठक से दो दिन पहले शिवराज सिंह चौहान ने ट्वीट किया, सभी को राम-राम...

भोपाल (भाषा)। नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की महत्वपूर्ण बैठक से दो दिन पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को एक्स पर संदेश "सभी को राम रामै पोस्ट किया। इस पोस्ट में चौहान हाथ जोड़कर तस्वीर में दिखाई देने के बाद अटकलें तेज हो गईं क्योंकि राम राम का इस्तेमाल अभिवादन के साथ साथ विदाई संदेश दोनों के रूप में किया जाता है।

दूसरी ओर राज्य भाजपा प्रमुख वी डी शर्मा ने कहा कि विधानसभा चुनावों में भाजपा की भारी जीत के बाद विधायक और शीर्ष नेतृत्व तय करेंगे कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा। शर्मा ने यहां पर शनिवार को संवाददाताओं से कहा कि तीनों (केंद्रीय) पर्यवेक्षक सोमवार सुबह यहां पहुंचेंगे। विधायक अपना नेता चुनने के लिए शाम 4 बजे बैठक करेंगे। विधायकों को निमंत्रण भेज दिया गया है। पार्टी की प्रक्रिया का पालन कर निर्णय लिया जाएगा। चौहान के ट्वीट के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह (भगवान) राम का देश है।

उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम की भव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। हम सुबह एक-दूसरे का स्वागत राम, राम कहकर करते हैं। दिन की शुरुआत राम के नाम से करना हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक कैडर आधारित संगठन है और पार्टी कार्यकर्ता नेतृत्व द्वारा लिए गए किसी भी फैसले को स्वीकार करेंगे और उसका सम्मान करेंगे। शर्मा ने कहा, हमारा नेतृत्व...माननीय प्रधानमंत्री, माननीय अमित शाह जी, माननीय भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा और केंद्रीय नेतृत्व निर्णय लेंगे। हमारा नेतृत्व जो निर्णय लेगा, उसका कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान किया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, विधायक अपना नेता तय करेंगे।

भाजपा ने शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, पार्टी के ओबीसी मोर्चा के प्रमुख के लक्ष्मण और सचिव आशा लाकड़ा को मध्य प्रदेश में अपने विधायक दल के नेताओं के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किया।

निर्मल मन जन सो मोहि पावा....

● स्वामी रामानंद सरस्वती ने कथा से भक्तों को किया भाव विभोर

लखनऊ। भगवान अपने भक्तों पर असीम कृपा करते हैं लेकिन इस कृपा को प्राप्त करने के लिए भक्त का हृदय निर्मल होना चाहिए। रामचरितमानस की चौपाई, निर्मल मन जन सो मोहि पावा। मोहि कपट छल छिद्र न भावा... की व्याख्या करते हुए स्वामी रामानंद सरस्वती ने कहाकि मन में छल, कपट रखते हुए भगवान को प्राप्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने श्रोताओं को भाव विभोर करते हुए कहाकि भगवान तो भक्त के वश में होते हैं लेकिन इसके लिए भक्त का भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण चाहिए।

श्रीमदभागवत का एक प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि महराज अंबरीश भगवान विष्णु के महान भक्त थे। एक बार उन्होंने एकादशी का व्रत किया। द्वादशी को जब व्रत तोड़ने का समय आया तो अंबरीश के घर महर्षि दुर्वासा पधारे। अंबरीश ने महर्षि दुर्वासा का सादर स्वागत किया। अंबरीश ने उन्होंने भोजन करने के लिए आग्रह किया। महर्षि दुर्वासा ने अंबरीश का आग्रह स्वीकार कर लिया और कहा कि जब तक वो नदी से स्नान करके नहीं आते तब तक वो व्रत न तोड़ें। काफी समय बीत गया लेकिन महर्षि दुर्वासा नहीं आए। अंबरीश को व्रत तोड़ना था। अन्य संतों के आग्रह पर अंबरीश ने जलपान से उपवास तोड़ दिया और ऋषि की प्रतीक्षा करने लगे। महर्षि दुर्वासा को लगा कि अंबरीश ने उनके आये बिना व्रत तोड़कर उनका अपमान किया। गुस्साये दुर्वासा ने अपनी जटा से एक राक्षस पैदा किया और उसे अंबरीश को मारने को कहा। उसी समय भगवान नारायण के सुदर्शन चक्र ने राक्षस का वध कर दिया और अंबरीश की रक्षा की। इसके बाद सुदर्शन चक्र दुर्वासा का पीछा करने लगा। भय से कातर महर्षि दुर्वासा पहले ब्रह्मा जी और फिर शिव जी के पास अपनी रक्षा के लिए गए। दोनों ने दुर्वासा को बचाने में असमर्थता जताई। फिर विष्णु जी के पास गए तो उन्होंने कहाकि मैं भी कुछ नहीं कर सकता, आपको हमारे भक्त अंबरीश के पास ही जाना होगा। महर्षि ने ऐसा ही किया। तब महराज अंबरीश ने भगवान विष्णु को याद किया और उनसे दुर्वासा की रक्षा के लिए प्रार्थना की। तब सुदर्शन चक्र से महर्षि दुर्वासा की रक्षा हुई। स्वामी रामानंद सरस्वती ने कहाकि भगावान भक्त के लिए अपने बनाए नियम तक बदल देते हैं।

जदएस ने इब्राहिम और नानू को पार्टी से निष्कासित किया: देवेगौड़ा

भाषा। बेंगलुरु

जद (एस) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कर्नाटक प्रदेश इकाई अध्यक्ष सी एम इब्राहिम और पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सी. के. नानू को पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया। जनता दल (सेक्युलर) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक के बाद देवेगौड़ा ने दोनों नेताओं को निष्कासित करने के फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पार्टी की छवि और हितों को नुकसान पहुंच रहा था जिसके कारण यह निर्णय लिया गया। देवेगौड़ा ने कहा, बेंगलुरु में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एक बैठक आहूत की गई और उन्हें पार्टी से बाहर करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जद (एस) की मांड्या जिला इकाई के अध्यक्ष डी रमेश और जद (एस) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष पुनीत कुमार सिंह ने कार्यकारी बैठक में इब्राहिम और नानू को पार्टी से निष्कासित करने का प्रस्ताव पेश किया। देवेगौड़ा ने कहा, इन दोनों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। देवेगौड़ा के साथ, पूर्व मुख्यमंत्री एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एच डी कुमारस्वामी, पार्टी की सभी प्रदेश इकाइयों के अध्यक्ष और कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे। यह कार्रवाई ऐसे समय की गई है जब पार्टी से अब निष्कासित कर दिए गए पूर्व केंद्रीय मंत्री इब्राहिम ने 11 दिसंबर को बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्तर की बैठक बुलाने की घोषणा एक दिन पहले ही की थी। इब्राहिम ने लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन करने के फैसले को लेकर पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत की थी।

ओडिशा में जब्त राशि के 290 करोड़ होने की संभावना, अब तक की सबसे अधिक जब्त नकदी

नई दिल्ली, भुवनेश्वर (भाषा)। ओडिशा स्थित शराब बनाने वाली कंपनी के एक समूह और उससे जुड़े प्रतिष्ठानों के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी के बाद मिली बेहिसाब नकदी के 290 करोड़ रुपए होने की संभावना है। माना जा रहा है कि यह एजेंसी के किसी एक अभियान में अब तक बरामद हुआ सबसे अधिक कालाधन है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि बौध डिस्टिलरी प्राइवेट लिमिटेड और अन्य के खिलाफ छापे के बाद छह दिसंबर को शुरू हुई कार्वाई के बाद आयकर विभाग ने नोटों की गिनती के लिए लगभग 40 बड़ी एवं छोटी मशीनें तैनात की हैं और गिनती की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए विभाग और बैंक के और कर्मचारियों को लाया गया है। इसके अलावा, जब्त की गई नकदी को राज्य के सरकारी बैंकों तक पहुंचाने के लिए विभाग ने और वाहनों की मांग की है। सूत्रों ने बताया कि इस कार्वाई के तहत कांग्रेस नेता एवं झारखंड से राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से जुड़े परिसर पर भी छापा मारा गया है। जब पीटीआई ने आयकर विभाग की कार्वाई पर प्रतिक्रिया के लिए साहू के फोन पर फोन किया तो साहू के स्टाफ ने सांसद से टिप्पणी पाने में असमर्थता जताई। इस संबंध में पीटीआई ने शराब बनाने वाली कंपनियों के समूह को एक ई-मेल भी भेजा, लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

सूत्रों ने बताया कि कर अधिकारी अब कंपनी के विभिन्न अधिकारियों और इससे जुड़े अन्य व्यक्तियों के बयान दर्ज कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नकदी की गिनती शनिवार तक समाप्त हो जाने की उम्मीद है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि कुल जब्त की गई बेहिसाब नकद राशि करीब 290 करोड़ रुपए होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि अब तक 250 करोड़ रुपए से अधिक नकदी जब्त की जा चुकी है और ओडिशा में सरकारी बैंक शाखाओं में नकदी लगातार जमा की जा रही है। उन्होंने बताया कि अधिकतर नोट 500 रुपए के हैं। सूत्रों ने बताया कि यह किसी एक समूह और उससे जुड़ी इकाइयों के खिलाफ किसी एजेंसी द्वारा की गई कार्वाई के साथ जब्त की गई अब तक की सबसे अधिक नकद राशि है। अतीत में हुई कुछ बड़ी जब्ती में 2019 की एक घटना शामिल है जब जीएसटी इंटेलिजेंस ने कानपुर स्थित एक व्यवसाई के खिलाफ छापेमारी की थी और 257 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की थी। साथ ही एक अन्य घटना में आयकर विभाग ने जुलाई 2018 में तमिलनाडु में एक सड़क निर्माण कंपनी के खिलाफ छापे के दौरान 163 करोड़ रुपए की नकदी का पता लगाया था।

युवा भारतीय टीम दिखाएगी अपना जोश

- निगाहें मुश्किल सवालों के सही जवाब ढूंढने पर
- टी20 श्रृंखला की शुरुआत आज से, दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला होगा

भाषा। डरबन

युवा भारतीय टीम जब रविवार को यहां शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में मजबूत दक्षिण अफ्रीका के सामने होगी तो उसकी कोशिश उन मुश्किल सवालों के जवाब ढूंढने की होगी जिससे उसे रूबरू होना होगा। चोटिल कप्तान हार्दिक पंड्या इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने तक बाहर हैं और मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ब्रेक पर हैं। इसके अलावा जून में होने वाले विश्व कप से पहले विराट कोहली और रोहित शर्मा के टी20 भविष्य को लेकर स्पष्टता नहीं है तो कोई भी दक्षिण अफ्रीका में टीम की सफलता या विफलता के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कह पाएगा। टी20 विश्व कप के लिए भारत की कोर टीम को लेकर स्थिति आईपीएल के एक महीने बाद ही स्पष्ट हो पाएगी क्योंकि उस समय खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस चयन का मानंदड रहेगा। अगर रोहित और विराट को अंतिम एकादश में चुना जाता है तो दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही टीम अचानक से बहुत अलग हो जाएगी। सूर्यकुमार यादव की अगुआई में टीम ने घरेलू मैदानों पर आस्ट्रेलिया को 4-। से मात दी और एक सामान्य भारतीय खेल प्रेमी भी इस बात से सहमत होगा कि विश्व कप के 72 घंटों के भीतर हुई श्रृंखला में ज्यादा कुछ दाव पर नहीं लगा था। आस्ट्रेलिया ने कोर गेंदबाजी आक्रमण को आराम दिया था और कुछ सीनियर भी इतने थके थे कि वे तीसरे मैच के बाद स्वदेश रवाना हो गए। जनवरी के मध्य में अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से पहले दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला भारत के लिए अंतिम बड़ी अंतरराष्ट्रीय टी20 श्रृंखला होगी। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा को आराम दिया गया है जबकि एनरिक नोर्किया और लुंगी एनगिडी चोटिल हैं लेकिन टीम अपने मैदान पर काफी मजबूत होगी। भारत टी20 श्रृंखला के लिए 17 खिलाड़ियों को ले जा रहा है और इनमें से केवल तीन श्रेयस अय्यर, मुकेश कुमार और ईशान किशन 50 ओवर प्रारूप का भी हिस्सा हैं। लेकिन टीम के सामने कई मुश्किल मुद्दे होंगे जिसमें सलामी बल्लेबाज और तीसरे नंबर के बल्लेबाज को पिछले टी20 विश्व कप में भारत के लिए अभिशाप रही रक्षात्मक होने की प्रवृति को बदलना होगा। यशस्वी जायसवाल पहले ही दिखा चुके हैं कि वह किस आक्रामक स्तर की बल्लेबाजी करते हैं और शुभमन गिल अब सभी प्रारूपों में पहली पसंद बन गए हैं जबकि रूतुराज गायकवाड़ को भी 52 गेंद में खेली गई 100 रन की पारी के बाद नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।

आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला जीतना अफ्रीका दौरे से पहले मनोबल बढ़ाने वाला: सूर्यकुमार

डरबन। सूर्यकुमार यादव ने रविवार को स्वीकार किया कि विश्व कप फाइनल में मिली निराशाजनक हार को भुलाना काफी मुश्किल है लेकिन भारतीय कप्तान ने हाल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला में मिली जीत को दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले टीम के लिए मनोबल बढ़ाने वाली करार दिया। सूर्यकुमार चोटिल हार्दिक पंड्या की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रहे है। उन्होने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी20 की पूर्व संध्या पर कहा, विश्व कप की हार निराशाजनक थी और इसे भुला पाना काफी मुश्किल है। लेकिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला में मिली जीत मनोबल बढ़ाने वाली थी, हालांकि यह अलग प्रारूप में मिली थी। उन्होने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी तीन मैचो की टी20 श्रृंखला में टीम को निर्भीक क्रिकेट खेलने की बात कही। खिलाड़ियो ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्भीक क्रिकेट खेला और हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऐसा ही खेलने की जरूरत है।

कनाडा पर बड़ी जीत से भारत क्वार्टर फाइनल में

- पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप

भाषा। कुआलालंपुर

भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां कनाडा को 10-। से करारी शिकस्त देकर पुरुष जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस जीत से भारत पूल सी में दूसरे स्थान पर पहुंच गया, जो क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त था। भारत की तरफ से आदित्य अर्जुन लालगे (8वें, 43वें), रोहित (12वें, 55वें), अमनदीप लाकड़ा (23वें, 52वें), विष्णुकांत (42वें), राजिंदर (42वें), कुशवाह सौरभ आनंद (51वें) और उत्तम सिंह (58वें) ने गोल किए जबकि कनाडा की तरफ से एकमात्र गोल जूड निकोलसन (20वें) ने किया। भारत ने पहले क्वार्टर में आक्रामक शुरुआत की और कनाडा के रक्षकों पर दबाव बनाया। लालगे के मैदानी गोल की मदद से भारत ने शुरुआती बढ़त हासिल की। भारतीय स्ट्राइकर ने अच्छा खेल दिखाया तथा कनाडा के रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों को गलतियां करने के लिए मजबूर किया।। उसकी यह रणनीति कारगर साबित हुई और उसने पेनल्टी कार्नर हासिल किया जिसे रोहित ने गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। कनाडा ने निकोलसन के गोल की मदद से दूसरे क्वार्टर में वापसी की कोशिश की लेकिन इससे कोई खास अंतर नहीं पड़ा। लाकड़ा ने तुरंत ही पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। भारतीय टीम मध्यांतर पर 3-। से आगे थी। भारतीय खिलाड़ियों ने इसके बाद भी कनाडा पर दबाव बनाए रखा। भारत ने दो मिनट के अंदर तीन गोल किए। विष्णु कांत ने मैदानी गोल किया। राजिंदर और लालगे के गोल की मदद से भारत ने अपनी बढ़त 6-। कर दी। अंतिम क्वार्टर में भी भारत का दबदबा रहा। आनंद, लाकड़ा और रोहित ने जल्दी-जल्दी तीन गोल दागे जबकि कप्तान उत्तम ने अंतिम हूटर बजने से दो मिनट पहले टीम की तरफ से दसवां गोल किया। भारत मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में पूल डी से शीर्ष पर रहने वाले नीदरलैंड का सामना करेगा।

खेल मंत्री का अंतरिम समिति गठित करने का अधिकार वापस लिया जाएगा

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कहा कि वह एक ऐसा कानून बनाने पर विचार कर रहे है जिसमें खेल मंत्री का अंतरिम समिति गठित करने का अधिकार वापस लिया जाएगा।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सरकारी हस्तक्षेप के कारण पिछले महीने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को निलंबित कर दिया था। विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था ने इसके अलावा श्रीलंका से अंडर-19 विश्व कप की मेजबानी छीनकर दक्षिण अफ्रीका को सौप दी थी।

कुश्ती महासंघ के चुनाव 21 दिसंबर को

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव 21 दिसंबर को होंगे और उसी दिन नतीजो की भी घोषणा कर दी जाएगी। निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन अधिकारी जस्टिस (रिटायर्ड) एम एम कुमार के कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया कि मतदान, मतगणना और नतीजो की घोषणा एक ही दिन होगी। चुनाव के नतीजे पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में लंबित रिट याचिका के नतीजे पर निर्भर होंगे।

बीएफसी ने मुख्य कोच सिमोन ग्रैसन से नाता तोड़ा

बेंगलुरु। इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में खराब प्रदर्शन के बीच बेंगलुरू एफसी ने शनिवार को मुख्य कोच सिमोन ग्रैसन और सहायक कोच नील मैक्डोनाल्ड से नाता तोड़ने का फैसला किया। नए मुख्य कोच की नियुक्ति तक भारत के पूर्व खिलाड़ी रेनेडी सिंह इस जिम्मेदारी को निभाएंगे। क्लब ने शुक्रवार को अपने पिछले मैच में मुंबई एफसी के खिलाफ 0-4 की बड़ी हार के बाद कोचिंग स्टाफ के साथ अलगाव का फैसला किया।

भारत का प्रतिनिधित्व स्कीट निशानेबाज बेदी की प्रेरणा

नई दिल्ली। स्कीट निशानेबाजी जैसे खेल में अच्छे प्रदर्शन के साथ पढाई पर भी ध्यान दे पाना 15 वर्ष के एक लड़के के लिए कठिन है लेकिन जोरावर सिंह बेदी पूरी कोशिश कर रहे है और ओलंपिक में एक दिन भारत के लिए खेलना उनकी प्रेरणा है। पंजाब के इस निशानेबाज ने राष्ट्रीय ट्रायल में छह निशानेबाजो के फाइनल में जगह बनाई और शीराज शेख तथा एशियाई खेलो के पदक विजेता अनंतजीत सिंह नरूका को कड़ी चुनौती दी।

मोहम्मद सलाह ने प्रीमियर लीग में 150वां गोल दागा

लंदन। स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह ने लिवरपूल की तरफ से शनिवार को क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ बराबरी का गोल किया जो इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबाल प्रतियोगिता में उनका 150वां गोल था। मिस्र का यह खिलाड़ी प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दसवें नंबर पर पहुंच गया है। उन्होने लिवरपूल के पूर्व स्ट्राइकर माइकल ओवेन की बराबरी की।सलाह ने इसके साथ ही लिवरपूल की तरफ से सभी प्रतियोगिताओं में अपने गोल की संख्या 200 पर पहुंचा दी है।

निशानेबाज को गंभीर चोट आने के बाद कड़ी कार्वाई की चेतावनी दी

नई दिल्ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और यहां कर्णी सिंह रेंज में कम एंड प्ले योजना के अंतर्गत ट्रेनिंग कर रहे निशानेबाजो को चेतावनी दी है कि वे 10 साल से ज्यादा पुराने एयर सिलेंडर का इस्तेमाल नही करे और अगर ऐसा नही होता है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्वाई की जा सकती है। दो दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाज पुष्पेंद्र कुमार ने अपने बाएं हाथ का अंगूठा लगभग गंवा ही दिया था।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला में खेल सकते हैं हार्दिक: जय शाह

भाषा। मुंबई

जय शाह ने शनिवार को यहां कहा कि चोट से उबर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या अगले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली टी20 श्रृंखला तक फिट हो सकते हैं।हार्दिक विश्व कप में बांग्लादेश के खिलाफ पुणे में खेले गए मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। इस कारण वह इस टूर्नामेंट में आगे नहीं खेल पाए थे। शाह ने यहां महिला प्रीमियर लीग की नीलामी से इतर पत्रकारों से कहा, उनकी फिटनेस पर निगरानी रखी जा रही है। वह एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में है और कड़ी मेहनत कर रहा है। जब वह फिट हो जाएगा तो हम उसकी जानकारी आपको दे देंगे। वह अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला से पहले भी फिट हो सकता है। बीसीसीआई सचिव ने इसके साथ ही कहा कि मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और उनकी टीम के कार्यकाल पर अंतिम फैसला दक्षिण अफ्रीका दौरा समाप्त होने के बाद ही किया जाएगा।

भारतीय महिला टीम ने किया निराश

- इंग्लैंड चार विकेट से जीत, श्रृंखला पर कब्जा

भाषा। मुंबई

भारतीय महिला टीम को शनिवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में लचर बल्लेबाजी का खामियाजा इंग्लैंड से चार विकेट से हारकर भुगतना पड़ा जिससे मेहमान टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और भारत की पूरी टीम को 16.2 ओवर में महज 80 रन पर समेट दिया। इसके बाद उसने 11.2 ओवर में छह विकेट पर 82 रन बनाकर जीत हासिल की। इंग्लैंड ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत को 38 रन से हराया था। भारत के लिए जेमिमा रोड्रिगेस 33 गेंद में 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा केवल स्मृति मंधाना (10 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकीं।इंग्लैंड की गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया और छह गेंदबाजों ने कम से कम एक विकेट तो अपने नाम किया ही। चार्ली डीन, लॉरेन बेल, सोफी एक्लेस्टोन और सारा ग्लेन ने दो दो विकेट झटके जबकि नैट साइवर ब्रंट और फ्रेया केम्प ने एक एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को तीसरे ओवर में भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने दोहरे झटके दे दिए।

स्कोरबोर्ड

भारत : शेफाली वर्मा पगबाधा बो डीन 00,स्मृति मंधाना पगबाधा बो डीन 10, रोड्रिगेस पगबाधा बो ग्लेन 30,हरमनप्रीत पगबाधा बो नैट साइवर ब्रंट 09,दीप्ति का जोस बो बेल 00, घोष का एवं बो एक्लेस्टोन 04, वस्त्राकर बो ग्लेन 06,पाटिल का जोस बो कैम्प 04,साधु का एवं बो बेल 02, इसाक बो एक्लेस्टोन 08,सिंह नाबाद 02,**अतिरिक्त** : 05,**कुल** : 16.2 ओवर में 80 रन पर सभी आउट ,**विकेट पतन** :1-0, 2-17, 3-28, 4-29, 5-34, 6-45, 7-59, 8-67, 9-77,**गेंदबाजी** : डीन 4-0-16-2,बेल 3-0-18-2,एक्लेस्टोन 3.2-0-13,1 ग्लेन 3-1-13-2, कैम्प1-0-2-1

इंग्लैंड : डंक्ले बो रेणुका सिंह 09,डैनी बो रेणुका सिंह 00, कैप्से का सब बो इशाक 25,साइवर ब्रंट बो वस्त्राकर 16, नाइट नाबाद 07, जोस का वस्त्राकर बो शर्मा 05,कैम्प पगबाधा बो शर्मा 00,एक्लेस्टोन नाबाद 09,**अतिरिक्त** : 11,**कुल** : 11.2 ओवर में छह विकेट पर 82 **रन**,**विकेट पतन** :1-18, 2-19, 3-61, 4-68, 5-73, 6-73,**गेंदबाजी** : रेणुका 4-0-26-2, साधु 2-0-17-0, इशाक2-0-21-1,वस्त्राकर1-0-7-1, शर्मा 2-0-4-2 श्रेयंका पाटिल 0.2-0-6-0

न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला बराबर की

मीरपुर (बांग्लादेश)। बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज एजाज पटेल (57 रन देकर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद ग्लेन फिलिप्स और मिचेल सैंटनेर की दबाव में बेहतरीन साझेदारी से न्यूजीलैंड शनिवार को चौथे दिन के खेल के दौरान बांग्लादेश को चार विकेट से शिकस्त देकर दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला को 1-। से बराबर करने में सफल रहा। बारिश से प्रभावित इस टेस्ट को जीतने के लिए न्यूजीलैंड को 137 रन का लक्ष्य मिला था लेकिन टीम 69 रन तक छह विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। पहली पारी में 72 गेंद में 87 रन बनाकर टीम को मुश्किल से उबारने वाले फिलिप्स ने एक बार फिर संकटमोचक की भूमिका निभाते हुए 48 गेंद में नाबाद 40 रन बनाए। उन्होंने सैंटनर के साथ सातवें विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। सैंटनर ने 39 गेंद में तीन चौके और एक छक्का की मदद से नाबाद 35 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच फिलिप्स ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया।

डब्ल्यूपीएल का दूसरा चरण फरवरी में, केवल एक स्टेडियम में खेला जाएगा: बीसीसीआई सचिव

मुंबई। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने शनिवार को कहा कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का दूसरा चरण केवल एक ही शहर में खेला जाएगा जैसा शुरूआती सत्र में हुआ था। डब्ल्यूपीएल समिति के संयोजक शाह ने कहा कि लीग फरवरी 2024 के दूसरे या तीसरे हफ्ते में शुरू होगी। ऐसी भी बाते चल रही थी कि अगले साल का डब्ल्यूपीएल इंडियन प्रीमियर लीग की तरह कई शहरो में खेला जाएगा। शाह ने डब्ल्यूपीएल नीलामी के मौके पर यहां पत्रकारो से कहा, फैसला हुआ है कि यह टूर्नामेंट फरवरी में होगा और पूरी संभावना है कि हम इसे दूसरे या तीसरे हफ्ते में शुरू करेंगे। उन्होने कहा, जहां तक स्टेडियम का संबंध है तो यह एक ही राज्य में खेला जाएगा ताकि यह लॉजिस्टिक के लिहाज से बेहतर रहे। क्या होगा, अगर एक शहर में हमें दो स्थल नही मिले। इस समय लॉजिस्टिक हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, अगली बार इसके बारे में विचार करेंगे। शाह ने कहा, हम या तो बेंगलुरु में या फिर उत्तर प्रदेश में इसे करा सकते है। हमारे पास इतने सारे स्टेडियम है, यहां तक कि गुजरात में हमारे पास अहमदाबाद, राजकोट है और कुछ साल बाद बड़ौदा भी अपना स्टेडियम बना सकते है। उन्होने कहा कि संचालन संस्था जल्द ही डब्ल्यूपीएल फ्रेंचाइजी के साथ बैठकर स्थल तय करेगी। बीसीसीआई सचिव ने साथ ही कहा कि स्थल का चयन यह ध्यान रखकर किया जाएगा कि यह घरेलू सत्र के मैचो के साथ नही पड़े।

बंगाल व केरल विजय हजारे टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

राजकोट। कप्तान सुदीप कुमार घरामी और अनुभवी अनुस्तुप मजूमदार के शतको की मदद से बंगाल ने शनिवार को यहां गुजरात को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रियांक पांचाल (101) के शतक की मदद से नौ विकेट पर 283 रन बनाए, जिसके जवाब में बंगाल ने 46 ओवर में दो विकेट पर 286 रन बनाकर जीत हासिल की। बंगाल की तरफ से सुदीप कुमार ने 132 गेंद पर नाबाद 117 रन बनाकर पारी संवारने का काम किया जबकि मजूमदार ने 88 गेंद पर नाबाद 102 रन की आक्रमक पारी खेली। इन दोनो ने तीसरे विकेट के लिए 209 रन की अटूट साझेदारी की। बंगाल क्वार्टर फाइनल में सोमवार को हरियाणा का सामना करेगा। गुजरात की पारी पांचाल के चारो ओर घूमती रही। उनके अलावा सौरभ चौहान ने 53 और उमंग कुमार ने 65 रन का योगदान दिया। बंगाल की तरफ से सुमन दास और प्रदीप्त प्रमाणिक ने दो-दो विकेट लिए। एक अन्य मैच में सलामी बल्लेबाज कृष्ण प्रसाद (137 गेंद पर 144 रन) और रोहन कुनुमल (95 गेंद पर 120 रन) के शतको की मदद से केरल ने महाराष्ट्र को 153 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

अनकैप्ड भारतीय काशवी गौतम और वृंदा दिनेश ने डब्ल्यूपीएल नीलामी में मारी बाजी

मुंबई। गुजरात जायंट्स ने पंजाब की तेज गेंदबाज काशवी गौतम को शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में दो करोड़ रुपए में अपनी टीम में शामिल किया। काशवी का बेस प्राइस (आधार मूल्य) 10 लाख रुपए का था। गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स दोनो ने उनके लिए बोली लगाई। लेकिन गुजरात की टीम डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण के लिए उनकी सेवाएं लेने के लिए बोली जीतने में सफल रही। एक और अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नही खेला हो) भारतीय क्रिकेटर कर्नाटक की 22 वर्षीय वृंदा दिनेश के लिए बड़ी बोली लगी जिन्हे यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपए में खरीदा। वृंदा और काशवी दोनो ही हाल में भारत ए के लिए इंग्लैंड ए के खिलाफ तीन मैचो की श्रृंखला में खेली थी। नीलामी के शुरुआती चरण में आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरो के लिए ऊंची बोलियां लगी जिसमें आल राउंडर अनाबेल सदरलैंड को दिल्ली कैपिटल्स ने दो करोड़ रुपए में खरीदा। इसके बाद गुजरात की टीम ने बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड को एक करोड़ रुपए में टीम में शामिल किया। गुजरात जायंट्स ने इस साल मार्च में खेले गए शुरुआती चरण के बाद 22 साल की सरदलैंड को रिलीज कर दिया था। उनके लिए गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने भी बोली लगाई ।

अपनी जोखिम पर टर्निंग पिच बनाएं भारत , आस्ट्रेलिया की कप्तान हीली ने कहा

मेलबर्न। आस्ट्रेलियाई महिला टीम की नवनियुक्त कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय टीम प्रबंधन को चुनौती देते हुए कहा है कि आगामी दौरे पर वे अपनी जोखिम पर टर्निंग पिचे बनाए। हीली को शनिवार को मेग लानिंग के अचानक संन्यास के बाद सभी प्रारूपो में आस्ट्रेलिया का कप्तान बनाया गया। उन्होने कहा कि भारत अगर टर्निंग पिचे बनाता है तो उनके पास भी आला दर्जे के स्पिनर है। मै देखना चाहती हूं कि वे कैसी विकेट बनाते है। हमारे पास अच्छा स्पिन आक्रमण है तो अगर वे ऐसा करते है तो अपनी जोखिम पर करे। मुझे गलत मत समझिए। भारत के पास भी मजबूत स्पिन आक्रमण है। उन्होने कहा , हमारे पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लेग स्पिनर है। हमारे पास ऐश गार्डनर है जिसने इंग्लैंड में नौ विकेट लिए थे। उन्होने कहा , यह देखना रोचक होगा कि वे अच्छी और सपाट विकेट बनाते है क्या। मैने आईपीएल नुमाइशी मैच के अलावा वानखेड़े पर नही खेला है लिहाजा मै इस अनुभव को लेकर रोमांचित हूं।

दक्षिण अफ्रीकी पिचों की रफ्तार और उछाल के लिए अतिरिक्त अभ्यास करना होगा : रिंकू

डरबन। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह का मानना है कि दक्षिण अफ्रीकी पिचो की अतिरिक्त रफ्तार और उछाल को देखते हुए अतिरिक्त प्रयास और अभ्यास की जरूरत होगी। भारतीय टीम के पहले अभ्यास सत्र के बाद दक्षिण अफ्रीका की पिच के बारे में रिंकू ने कहा , मैने जब यहां बल्लेबाजी की तो भारतीय विकेटो की तुलना में अधिक उछाल लगा। रफ्तार अधिक है लिहाजा तेज गेंदबाजी के खिलाफ अधिक अभ्यास करना होगा। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला टी20 मैच रविवार को खेलेगी। रिंकू पांचवे या छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरेंगे। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हे स्वाभाविक खेल दिखाने के लिए कहा है। उन्होने बीसीसीआई टीवी से कहा , पहले सत्र का मैने बहुत मजा लिया चूंकि मौसम अच्छा था। राहुल द्रविड़ सर के साथ खेलने का मौका मिलना सुखद अहसास था। उन्होने मुझे कहा कि अपने अंदाज में बल्लेबाजी करता रहूं और खुद पर भरोसा बनाए रखूं। रिंकू ने कहा कि 2013 से पांचवे छठे नंबर पर खेलते रहने से उन्हे भारत के लिए भी यही जिम्मेदारी निभाने का भरोसा मिला। मै 2013 से उत्तर प्रदेश के लिए पांचवे या छठे नंबर पर खेल रहा हूं लिहाजा मुझे इसकी आदत है।

ऑस्ट्रेलिया में पाकिस्तान का अभ्यास मैच आंधी और बारिश के कारण जल्दी खत्म

कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचो की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान का अभ्यास मैच यहां के मनुका ओवल के आसपास के क्षेत्र में तेज तूफान के साथ बारिश और बिजली कड़कने के कारण एक दिन पहले ही रोकना पड़ा। शुक्रवार की रात आए तूफान ने पिच के कवर को उड़ा दिया। अंपायरो और टीम के कप्तानो ने शनिवार सुबह पिच का निरीक्षण किया और सुरक्षा कारणो से दिन के खेल को रद्द कर दिया। इससे पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया प्रधानमंत्री एकादश का मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इस मैच में पाकिस्तान के नए कप्तान शान मसूद ने नाबाद 201 जबकि पूर्व कप्तान बाबर आजम ने 40 रन बनाए।

लैनिंग की जगह हीली बनीं ऑस्ट्रेलिया की कप्तान

- भारत दौरे से संभालेगी कमान

भाषा। मेलबर्न

दिग्गज मेग लैनिंग के संन्यास लेने के बाद एलिसा हीली को ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की सभी प्रारूपों में पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और वह इस महीने भारत दौरे से अपनी नई भूमिका शुरू करेंगी। ऑस्ट्रेलिया की टीम 21 दिसंबर से मुंबई में एक टेस्ट, तीन वनडे और इतने ही टी20 मैचों की श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी। हीली ने इससे पहले जून से इंग्लैंड, आयरलैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व किया था। एडिलेड स्ट्राइकर्स को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में लगातार दो खिताब दिलाने वाली ऑलराउंडर तहलिया मैक्ग्रा टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया है। तैंतीस साल की हीली पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 14 साल से सक्रिय हीली इससे पहली टीम की उपकप्तान थी।

ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नही खेलेंगे किर्गियोस

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी निक किर्गियोस ने पुष्टि की है कि वह चोटिल होने के कारण अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेलेंगे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कि उन्हें पूर्ण फिटनेस हासिल करने के लिए अभी थोड़ा समय चाहिए और इस कारण वह लगातार दूसरे वर्ष इस ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। किर्गियोस का नाम टूर्नामेंट की प्रवेश सूची में भी शामिल नहीं था। इस साल के शुरू में भी घुटने का ऑपरेशन करवाने के कारण वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन में नहीं खेल पाए थे। इसके बाद उनकी कलाई में भी चोट लग गई थी। किर्गियोस विंबलडन 2022 के फाइनल में नोवाक जोकोविच से हार गए थे ।

अश्विनी और तनीषा की जोड़ी गुवाहाटी मास्टर्स के फाइनल में

भाषा। गुवाहाटी

भारत की तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के फाइनल में जगह बनाई। पिछले सप्ताह लखनऊमें सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 टूर्नामेंट में उप विजेता रही अश्विनी और तनीषा की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 36 मिनट तक चले सेमीफाइनल मैच में नीदरलैंड की तीसरी वरीयता प्राप्त डेबोरा जिल और चेरिल सेनेन को 21-12, 21-12 से हराया। महिला एकल में मालविका बांसोड़ हालांकि सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई और थाईलैंड की लालिनराट चाइवान से 12-21, 14-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में तनीषा और ध्रुव कपिला की जोड़ी को सिंगापुर की ही योंग काई टेरी और तान वेई हान जेसिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।हरिहरन अम्सकरुनन और रुबन कुमार रेथिनासाबापति की पुरुष युगल जोड़ी भी फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही तथा चीनी ताइपे के लिन बिंग वेई और सु चिंग हेंग से 10-21 से 19-21 से हार गई।

अर्चिता व अनुश्री ने जीते तलवारबाजी में जीता स्वर्ण

लखनऊ। लखनऊ की अर्चिता और अनुश्री ने उत्तर प्रदेश तलवारबाजी चयन प्रतियोगिता के पहले दिन मेजबान के लिए स्वर्ण पदक दिलाए। उत्तर प्रदेश तलवारबाजी संघ के तत्वावधान में चौक स्टेडियम पर आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तर प्रदेश तलवारबाजी संघ के उपाध्यक्ष टीपी हवेलिया ने किया। इस मौके पर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव अमिताभ राव भी मौजूद थे। उत्तर प्रदेश तलवारबाजी संघ के सचिव यूजिन पाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से उत्तर प्रदेश की जूनियर व सीनियर तलवारबाजी टीम का चयन होगा। राष्ट्रीय जूनियर प्रतियोगिता 31 दिसंबर 2023 से 3 जनवरी 2024 तक छत्तीसगढ़ और राष्ट्रीय सीनियर प्रतियोगिता गुवाहाटी में 28 से 31 जनवरी 2024 तक होगी। पहले दिन जूनियर बालिका फॉयल में लखनऊ की अर्चिता ने स्वर्णए कानपुर की त्रिशा ने रजत जीता। आगरा की अनुष्का व बाराबंकी की शिखा को कांस्य पदक मिला। जूनियर बालिका ईपी में लखनऊ की अनुश्री ने स्वर्ण पदक जीता। जौनपुर की स्नेहा ने रजत जीता। आगरा की महक व लखनऊ की स्वर्णिमा को कांस्य पदक मिला।

बैडमिंटन बालक डबल्स में अचिंत्य को दोहरे खिताब

मीडिया ओलंपिक का भव्य शुभारंभ

लखनऊ। अमित सिंह और राजेश शुक्ला ने लखनऊ में आयोजित हो रहे मीडिया ओलंपिक के दूसरे संस्करण में बैडमिंटन डबल्स का खिताब जीत लिया। मीडिया ओलंपिक की रंगारंग शुरुआत शनिवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुई। इसमें शतरंज में आशीष तिवारी ने अंडर-50 आयु वर्ग और आदर्श यादव ने अंडर-20 आयु वर्ग में विजेता होने का गौरव हासिल किया। बैडमिंटन में बालक वर्ग में अचिंत्य प्रताप शाही ने दोहरी खिताबी सफलता हासिल की। अचिंत्य ने इसके अलावा बालक अंडर-15 में पहला स्थान हासिल किया। वहीं उनके पिता अखंड प्रताप शाही पुरुष सिंगल्स में विजेता बने। इससे पहले उद्घाटन मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अपर सूचना निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य रजनी पाण्डेय, इंडो.अमेरिकन चैंबर ऑफकामर्स लखनऊ चैप्टर के चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी के साथ ही वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बहादुर सिंह व प्रद्युम्न तिवारी थे। आयोजन सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मी